सुप्रभात
रांची, रविवार
27.08.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | श्रावण, शुक्ल पक्ष, एकादशी संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 47



12 हेमा मालिनी भी फिल्म में करेंगी किसिंग सीन

SURJABASHA

## न्यूज डायरी

### ...तो तुरंत केस करें और संपत्ति जब्त करें : मरांडी

**रांची।** बाबूलाल मरांडी ने दुमका में जनसभा में हेमंत सरकार को चैलेंज किया है। ताल ठोंकते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि यदि संथाल परगना बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में मेरा पैसा लगा है तो अविलंब केस करें और संपत्ति जब्त कर लें। गलतबयानी और मुझ पर आरोप लगा गुमराह न करें।

### माता यशोदा डुमरी का लालन पालन करेंगी: सुदेश महतो

**रांची।** डुमरी उपचुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी उफान पर है। एनडीए की उम्मीदवार यशोदा देवी आजसू के चुनाव चिह्न के साथ मैदान में है। आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो ने शनिवार को 9 जनसभाएं कर पार्टी उम्मीदवार के पक्ष में मतदान की अपील की। उन्होंने कहा कि डुमरी की जनता का लालन-पान करने खुद माता यशोदा मैदान में हैं। कहा कि डुमरी की यह लड़ाई राजा और रंक के बीच की है।

### मोदी ने जय विज्ञान-जय अनुसंधान को किया बुलंद

**बेंगलुरु।** पीएम मोदी ने शनिवार को ग्रीस से बेंगलुरु पहुंचने के बाद इसरो के वैज्ञानिकों से मुलाकात की। कड़ी सुरक्षा के बीच पीएम मोदी ने लोगों का अभिवादन स्वीकार किया। वहीं, एचएएल हवाई अड्डे के बाहर पीएम मोदी ने जय जवान जय किसान के नारे में 'जय विज्ञान जय अनुसंधान' का नारा बुलंद किया। उन्होंने इसरो तक एक रोड-शो भी किया।

### कुएं में गिरा हाथी का बच्चा, रेस्क्यू जारी

**रामगढ़।** गोला प्रखंड में शनिवार को झुंड से बिछड़ा हाथी का एक बच्चा सेरेंगातू के पास एक कुएं में जा गिरा। ग्रामीणों ने सूचना वन विभाग के अधिकारियों को भी दी है। डीएफओ नीतीश कुमार ने बताया कि वन विभाग की रेस्क्यू टीम भी हाथी के बच्चे को कुएं से बाहर निकलने में जुटी हुई है।

### ट्रेन में आग लगने से नौ यात्रियों की मौत

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मदुरै रेलवे स्टेशन के पास शनिवार को एक रेलवे कोच में आग लगने से यूपी के नौ तीर्थयात्रियों की जलकर मौत हो गयी। मृतकों में तीन महिलाएं शामिल हैं। कई लोग झुलसे हैं।

### पांडू थाना प्रभारी लाइन हाजिर, दो प्रभारी हटे

**पलामू।** बुजुर्ग के साथ मारपीट के आरोप में पांडु थाना के प्रभारी पवन कुमार को हटा दिया गया है। कार्रवाई करते हुए सब इंस्पेक्टर पवन कुमार को लाइन हाजिर किया गया है। वहीं मेदिनीनगर टीओपी 2 के प्रभारी और दंगवार ओपी प्रभारी को भी लाइन हाजिर किया गया है।

### प्रमोद से पांच राज्यों की पुलिस करेगी पूछताछ

**गया।** बिहार के गया जेल में बंद प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के शीर्ष लीडर प्रमोद मिश्रा और उसके सहयोगी अनिल यादव को पुलिस रिमांड पर लिया गया है। रिमांड में कई केंद्रीय एजेंसियां भी प्रमोद से पूछताछ करेंगी।

### दो को होगा आदित्य-एल1 सौर मिशन का प्रक्षेपण!

**बेंगलुरु।** च्सूर्य का अध्ययन करने के लिए इसरो शीघर 'आदित्य-एल1' सौर मिशन भेजने की तैयारियों में जुट गया है। आदित्य-एल1 मिशन को दो सितंबर को भेजे जाने की संभावना है।

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 55,300 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 74,000 रु./प्रति किलो |

## इसरो मुख्यालय जा कर वैज्ञानिकों से बोले पीएम मोदी- आपको सलाम करने को बेचैन था...

# चंद्रयान-3 का लैंडिंग प्वाइंट अब शिव-शक्ति

- चंद्रयान-2 ने जहां पदचिह्न छोड़े थे, वह तिरंगा पॉइंट कहलायेगा
- अंगद के पांव की तरह चांद की सतह पर जमा है लैंडर

एजेंसी

**बेंगलुरु।** पीएम मोदी चंद्रयान-3 मिशन की सफलता के बाद भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिकों से मिलने के लिए यूनान की राजधानी एथेंस से शनिवार को सीधे बेंगलुरु पहुंचे। उन्होंने घोषणा की है कि चंद्रयान-3 लैंडर चंद्रमा की सतह पर जिस स्थान पर उतरा है, उसका नाम शिव-शक्ति पॉइंट रखा जायेगा, जो कल्याण एवं ताकत का मेल है। वहीं चंद्रमा की सतह पर जिस स्थान पर चंद्रयान-2 ने 2019 में अपने पदचिह्न छोड़े थे, उसे तिरंगा पॉइंट के नाम से जाना जायेगा। तिरंगा पॉइंट भारत के हर प्रयास की प्रेरणा बनेगा और सीख देगा कि कोई भी विफलता आखिरी नहीं होती।

पीएम ने कहा- हम वहां पहुंचे हैं, जहां कोई नहीं पहुंचा है। हमने वह किया, जो पहले कभी किसी ने नहीं किया। यह आज का भारत है- निर्भीक भारत, जुझारू भारत। विक्रम लैंडर की सॉफ्ट लैंडिंग कोई साधारण उपलब्धि नहीं है और यह अनंत ब्रह्मांड में भारत की वैज्ञानिक उपलब्धि का शंखनाद है।

**आपकी जितनी तारीफ करें, कम है :** पीएम यहां स्थित इसरो टेलीमेट्री ट्रैकिंग एंड कमांड नेटवर्क (आईएसटीआरएसी) में वैज्ञानिकों को संबोधित करते हुए भावुक हो गये और उन्होंने उनके समर्पण एवं जुनून की खूब प्रशंसा की। (शेष पेज 11 पर)





चंद्रयान-3 मिशन की सफलता के बाद शनिवार को इसरो के वैज्ञानिकों की टीम के साथ पीएम नरेंद्र मोदी।

### 23 अगस्त अब राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस

पीएम मोदी ने चंद्रयान-3 मिशन की सफलता को भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम के इतिहास का असाधारण क्षण करार दिया। उन्होंने कहा कि भारत अपने इस ऐतिहासिक सफलता की याद में 23 अगस्त की तारीख राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में मनायेगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस हर वर्ष विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवोन्मेष की भावना का जश्न मनायेगा और हमें हमेशा के लिए प्रेरित करता रहेगा। मोदी ने कहा, अगर दृढ़ इच्छाशक्ति हो तो सफलता मिलकर ही रहती है। पीएम ने कहा, 21वीं सदी के इस कालखंड में जो देश विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में बढ़त बना लेगा, वह देश सबसे आगे निकल जायेगा

# नौ घंटे पूछताछ में तिवारी ब्रदर्श ने इडी समक्ष किये कई खुलासे

**शराब घोटाला मामला**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** शराब घोटाला मामले में शनिवार को योगेंद्र तिवारी और उसके भाई अमरेंद्र तिवारी से इडी दफ्तर में नौ घंटे तक पूछताछ हुई। इडी अधिकारियों ने लंबी पूछताछ के बाद रात 9.30 बजे छोड़ दिया। समन जारी होने के बाद दोनों भाइयों को शनिवार 11 बजे पहुंचना था, लेकिन डेढ़ घंटे लेट से दोनों इडी कार्यालय पहुंचे। बताया जा रहा है कि इडी को तिवारी ब्रदर्श ने शराब घोटाले से संबंधित कुछ ब्यूरोक्रेसी के नाम बताये हैं। ईडी ने सोमवार को योगेंद्र तिवारी को फिर से पूछताछ के लिए तलब किया है।

**घोटाले का किंगपिन है तिवारी :** शराब घोटाले के किंगपिन योगेंद्र तिवारी ने साल 2021-22 में शराब के थोक कारोबार का ठेका हासिल किया था। झारखंड के सबसे बड़े शराब कारोबारी योगेंद्र तिवारी ने अपने राजनीतिक और नौकरशाही में संबंधों के जरिए राज्य में शराब के थोक कारोबार में वर्चस्व स्थापित किया था। साल 2021 में सरकार की थोक शराब नीति लागू होने के बाद योगेंद्र तिवारी ने अपने सिंडिकेट के जरिए 19 जिलों में शराब के ठेकों पर वर्चस्व स्थापित किया था, तब उत्पाद विभाग को भेजे गए बैंक खातों से तब इस बात का खुलासा हुआ था।

**पूरे राज्य में फैला है जाल :** इडी ने अपनी जांच में पाया था कि राज्य के 24 जिलों में से 19 जिलों में तिवारी से संबंधित लोग ही अलग-अलग प्रतिष्ठान के नाम पर शराब के थोक व्यापार में शामिल थे।



ईडी ऑफिस जाते तिवारी ब्रदर्श

### प्राइवेट डिटेक्टिव एजेंसी से मदद की सूचना

इडी के अधिकारियों को जानकारी मिली है कि योगेंद्र तिवारी द्वारा ईडी के अफसरों की जासूसी भी करायी जाती थी, साथ ही उनकी गतिविधियों पर नजर भी रखी जाती थी। इडी ने इससे भी जुड़े सवाल पूछे। योगेंद्र तिवारी बीते कई महीनों से इडी के अफसरों की जासूसी कराते थे। बकायदा इसके लिए प्राइवेट डिटेक्टिव एजेंसी की भी मदद योगेंद्र तिवारी के द्वारा लिए जाने की सूचना इडी को मिली थी। बुधवार को योगेंद्र तिवारी से पूछताछ के दौरान अधिकारियों ने इस संबंध में भी जानकारी मांगी थी। जानकारी के मुताबिक, प्रेम प्रकाश के यहां हुए छापे के बाद ही योगेंद्र तिवारी इडी की रडार पर आ गया था। तब से ही उसके द्वारा इडी के अफसरों की गतिविधि पर नजर रखी जाती थी। कई बार इडी के अफसरों के कहीं आने जाने की रेकी भी कराने की बात सामने आयी है।

# डुमरी में बेइमानी का पैसा बांट रहा है एनडीए : हेमंत

## बेइमानों का पैसा लें जरूर, पर वोट बेबी देवी को ही दें

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** डुमरी उपचुनाव में झामुमो प्रत्याशी बेबी देवी के समर्थन में सीएम हेमंत सोरेन ने एक जनसभा में एनडीए पर बेईमानी का पैसा महिलाओं में बांटने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि हमने बेबी देवी को मंत्री नहीं बनाया है, बल्कि दिवंगत जगरनाथ महतो को श्रद्धांजलि दी है। अब जवाबदेही यहां की जनता की है कि वे वोट के रूप में अपनी श्रद्धांजलि देकर अपनी मंत्री को चुनें। सीएम ने दावा किया कि डुमरी से बेबी देवी की जीत को जनता ने पक्की कर दी है। अन्य प्रत्याशियों की जमानत जब्त होगी। आज जो भी डुमरी और नावाडीह प्रखंड में काम हुए हैं, सभी जगरनाथ महतो की देन है।

**बेइमानी का पैसा ले लें, वोट झामुमो को दें :** बोकारो के चंद्रपुरा प्रखंड स्थित तेलो में हेमंत सोरेन ने चुनावी सभा में एनडीए पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया है कि चूल्हा प्रमुख के नाम पर महिलाओं को लिफाफा दिया जा रहा है। उन्होंने एनडीए को बेईमान भी कहा। उन्होंने महिलाओं से अपील की है कि आप सभी लिफाफा जरूर लें, लेकिन वोट झामुमो प्रत्याशी को ही दें। क्योंकि एनडीए के बोरे में जो बेईमानी का धन है, उसे इसी माध्यम से आप खत्म करें। सीएम के साथ मौजूद सभी मंत्रियों ने इस चुनाव को एक जननेता की शहादत होने पर उपचुनाव होने की बात कही। (शेष पेज 11 पर)

### डुमरी उपचुनाव — हमें गिराने के कई हथकंडे अपनाये



डुमरी में जनसभा के दौरान सीएम हेमंत सोरेन, बेबी देवी व अन्य।

सीएम हेमंत सोरेन एनडीए सरकार पर जम कर बरसे और आरोप लगाया कि चुनी हुई उनकी सरकार को गिराने के लिए तरह-तरह के हथकंडे अपनाये जा रहे हैं। खरीद-फरोख्त, इडी-सीबीआइ, इनकम टैक्स का रेड तथा झूठा केस में फंसा कर विधायकों की सदस्यता खत्म करना जैसी ओछी राजनीति की जा रही है। जिस कारण सरकार चलाने में काफी परेशानी हुई, लेकिन इससे घबराने वाले नहीं हैं। सीएम ने कहा कि यह शहादत का चुनाव है। इसमें हम लेखा-जोखा देने का काम नहीं करेंगे। लेखा-जोखा देने का काम हम 2024 के चुनाव में करेंगे।

# अपहृत दोनों बच्चे मुक्त चार अपहर्ता गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** जिला पुलिस ने फिरौती के लिए अपहृत दो बच्चों को पांच घंटे के भीतर ही सकुशल बरामद कर लिया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चारों किडनैपरों को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। तिलैया थाना क्षेत्र में इन दोनों बच्चों का अपहरण परिजनों से फिरौती की मांग की थी। जानकारी मिलते ही पुलिस ने परिजनों के साथ मिल कर जाल बिछा कर बच्चों को सकुशल बरामद कर लिया।

**आइसक्रीम फैक्ट्री में रखा था बच्चों को :** तिलैया थाना प्रभारी बिनोद कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि दोनों बच्चों को 5 घंटे तक तिलैया थाना क्षेत्र के एक आइसक्रीम फैक्ट्री में कैद कर रखा गया था। पांच घंटे में पुलिस ने दोनों बच्चों को मुक्त करते हुए इसमें संलिप्त चारों अपहरणकर्ताओं को जेल भेज दिया।

**क्या है मामला :** शुक्रवार को भादोडीह के दो बच्चे जब काफी देर तक घर नहीं लौटे, तो उनके परिजन बच्चों को खोजने लगे। अंत में वे थक हार कर बच्चों की गुमशुदगी की शिकायत लेकर थाने पहुंचे। इसके कुछ देर बाद ही लापता बच्चों के परिजनों के मोबाइल पर बच्चों को रिहा कहने के एवज में 70 हजार रुपये फिरौती मांगी गयी। बच्चों के अपहरण की बात सामने आने पर परिजन तिलैया थाना पहुंचे और पुलिस को मामले की जानकारी दी। परिजनों के साथ मिल पुलिस ने जाल बिछाया और उन्हें गिरफ्तार किया।

# दाहू यादव के भाई सुनील को इडी कोर्ट ने भेजा जेल

**अवैध खनन मामला**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** साहिबगंज में एक हजार करोड़ रुपये के अवैध खनन से जुड़े मामले में शुक्रवार को गिरफ्तार सुनील यादव को शनिवार को पुलिस ने इडी कोर्ट में पेश किया गया। विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट में पेशी के बाद उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। इस मामले की जांच इडी मनी लांन्ड्रिंग के तहत कर रही है। दाहू यादव और सुनील यादव के खिलाफ इडी कोर्ट ने 10 महीने पहले वारंट जारी किया था। दाहू यादव और सुनील यादव सगे भाई हैं। दाहू यादव अब भी फरार है। (शेष पेज 11 पर)

### दाहू और सुनील पर हैं कई आरोप



दोनों भाइयों दाहू और सुनील यादव पर पंकज मिश्रा के साथ मिलकर अवैध खनन, अवैध परिवहन और साहिबगंज में गंगा नदी पर अवैध तरीके से जहाज परिचालन का आरोप है। दाहू यादव पर मेसर्स इंफ्रालिंक लॉजिस्टिक प्राइवेट लिमिटेड का स्टीमर गलत तरीके से चलवाने का भी आरोप है। 23 मार्च 2022 को हुई दुर्घटना और अवैध स्टोन चिप्स ढुलाई मामले में ईडी ने इंफ्रालिंक के स्टीमर को जब्त किया था, जिसे दाहू यादव और उसके भाई सुनील यादव की देखरेख में चलाया जाता था। दोनों भाईयों पर आरोप है कि वे स्टीमर के सहारे स्टोन चिप्स ढोनेवाले ट्रकों से पंकज मिश्रा के लिए 500 रुपये प्रति ट्रक की दर से वसूली करते थे। बच्चू यादव ने ईडी को दिये गये अपने बयान में इस बात को स्वीकार किया था।

# एक वाहन से 10 लाख कैश बरामद

- पूछताछ कर रहे अधिकारी, कोई संतोषजनक जवाब नहीं, कैश जब्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** शनिवार की दोपहर पुलिस ने चंद्रपुरा-हरिणा सड़क मार्ग के तरंगा चेकनाका के पास एक वाहन से दस लाख रुपये बरामद किया। डुमरी विधानसभा उपचुनाव को अभी विशेष वाहन चेकिंग चल रहा है। अधिकारियों की टीम के अनुसार ये रुपये सरैया, दुमका के हिमांशु मिश्रा के पास से मिले हैं। टीम के अधिकारी दुगदा थाना में उनसे पूछताछ कर रहे हैं। चंद्रपुरा सीओ संदीप कुमार मद्देशिया ने बताया कि मोटी रकम को लेकर किसी तरह का संतोषजनक जवाब नहीं मिला है। इस कारण रुपये बरामद किये गये हैं। जिला स्तरीय जांच के बाद आगे की कार्रवाई होगी।

**डुमरी उपचुनाव**

**नहीं दे सके संतोषजनक जवाब :** सफेद रंग की बोलेरो गाड़ी (जेएच 17 बी-3744) से 10 लाख रुपये बरामद किया गया है। वाहन में रेलवे ठेका कंपनी मेसर्स बाल मुकुंद झा के हिमांशु मिश्रा सवार थे। इधर, रकम के साथ पकड़े गये हिमांशु मिश्रा ने बताया कि वाहन से वह बोकारो से जैनामोड़ होते हुए गोमो जा रहा थे। उन्होंने कहा कि कंपनी की गोमो से निचितपुर में रेलवे की चाहरदीवारी निर्माण का कार्य चल रहा है। इसके लिए पेमेंट का भुगतान के लिए रुपये ले जा रहे थे। इसी क्रम में वाहन जांच की गयी। वाहन जांच अभियान में दंडाधिकारी स्वतंत्र प्रकाश गौतम, चंद्रपुरा सीओ संदीप कुमार मद्देशिया, दुग्दा थाना प्रभारी कन्हैया राम, सहायक इंस्पेक्टर अजमत हुसैन शामिल थे। इसके पूर्व भी इस चेकनाका में दो दिन पूर्व कोयला कारोबारी के वाहन से टीम ने 67 हजार रुपये बरामद किया था।

## राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा जारी, कई बदलाव

# साल में दो बार बोर्ड परीक्षा, विषय चुनने की स्वतंत्रता

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** शिक्षा मंत्रालय ने स्कूली शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा (एनसीएफ) 2023 जारी कर दी है। एक बार जब संशोधित एनसीएफ अगले शैक्षणिक वर्ष में लागू हो जायेगी, तो कक्षा 9 और 10 में छात्र तीन भाषाओं का अध्ययन करेंगे। इसके अनुसार, कक्षा 11 और 12 के छात्र-छात्राओं को दो भाषाओं का अध्ययन करना होगा और इनमें से कम से कम एक भाषा भारतीय होगी।

वहीं, अब बोर्ड परीक्षाएं साल में दो बार होंगी और छात्र-छात्राओं को इसमें सर्वश्रेष्ठ अंक बरकरार रखने का विकल्प होगा। कक्षा 11वीं और 12वीं में विषयों का चयन कला, विज्ञान, वाणिज्य 'स्ट्रीम' तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि छात्र-छात्राओं को अपनी पसंद का विषय चुनने की आजादी मिलेगी। यह भारतीय भाषाओं में शिक्षण और सीखने को बढ़ावा देने और स्कूली शिक्षा में अधिक अंतर-अनुशासनात्मकता को संभव बनाने के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के दृष्टिकोण के अनुरूप है। (शेष पेज 11 पर)



### तैयार होंगी नयी पाठ्य पुस्तकें

मंत्रालय के अधिकारियों के अनुसार(एनसीएफ) शिक्षा नीति के अनुसार नया पाठ्यचर्या ढांचा तैयार है और इसके आधार पर 2024 के शैक्षणिक सत्र के लिए पाठ्य पुस्तकें तैयार की जायेंगी। इसमें कहा गया है कि कला एवं विज्ञान, पाठ्यक्रम संबंधी या पाठ्येत्तर गतिविधियों तथा व्यवसायिक एवं अकादमिक विषयों के बीच कोई सख्त विभाजन रेखा नहीं होनी चाहिए। कक्षा 11वीं और 12वीं में विषयों का चयन कला, विज्ञान, वाणिज्य 'स्ट्रीम' तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि छात्र-छात्राओं को अपनी पसंद का विषय चुनने की आजादी मिलेगा।

# हार्ड और सॉफ्ट कोक को अब नहीं मिलेगी मंजूरी

- धनबाद की स्थिति पर चिंतित है प्रदूषण नियंत्रण पर्षद

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** धनबाद में कोयला खनन और इसके कारोबार से जुड़ी इकाइयों के चलते वायु की गुणवत्ता (एयर क्वालिटी इंडेक्स) खराब हुई है। साथ ही इससे स्वास्थ्य संबंधी गंभीर चिंता भी पैदा हो गयी है। ऐसे में झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद ने चिंता जतायी है। फैसला लिया है कि धनबाद में अब किसी भी नये हार्ड और सॉफ्ट कोक इकाइयों को उसकी ओर से कंसेंट टू इस्टेब्लिश निर्गत नहीं किया जायेगा। यह आदेश एक अक्टूबर 2023 से लागू होगा। जब तक केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण पर्षद द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार एयर क्वालिटी इंडेक्स के स्वीकार्य लिमिट की स्थिति नहीं बनेगी, यह आदेश लागू रहेगा। प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के सदस्य सचिव वाई के दास के स्तर से सूचना जारी की गयी है। (शेष पेज 11 पर)

# गांव-पंचायत की चलती-फिरती बैंक हो गयी है बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट सखी

**ग्रामीणों को अब अपने चौखट पर ही मिल रहीं बैंकिंग सेवाएं**

**महिला सशक्तिकरण की मिसाल है चिंतामणी**

**पेंशन धारकों को मिल रहा सर्वाधिक लाभ**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** चिंतामणी देवी ने अपने गांव-पंचायत में एक गृहिणी के साथ-साथ एक कुशल बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट सखी के रूप में पहचान बनाई है। रांची के बुडमू प्रखंड के कटंगदिरी गांव की चिंतामणी देवी को आज लोग बैंक वाली दीदी कहकर बुलाते हैं। अब कटंगदिरी गांव के ग्रामीणों को बैंक के चक्कर नहीं लगाने पड़ते। उनका बैंक अब चिंतामणी बन चुकी है।



**गांव-गांव में लोगों को बैंकिंग सेवा जैसे जमा-निकासी, समूह का ट्रांजेक्शन, खाता खोलना, पेंशन एवं बीमा सेवा कर रही है प्रदान**

## लाभार्थियों को घर बैठे मिल रहा पैसा

चिंतामणी की आत्मनिर्भरता की कहानी गुलाब-जल स्वयं सहायता समूह से जुड़ने के साथ शुरू हुई। इसके बाद चिंतामणी जेएसएलपीएस, ग्रामीण विकास विभाग से मिले सहयोग एवं प्रशिक्षण की बदौलत आज बैंक ऑफ इंडिया में बीसी सखी के रूप में कार्य करने लगी। अब वह गांव-गांव घूमकर लोगों को बैंकिंग सेवाएं यथा जमा-निकासी, समूह का ट्रांजेक्शन, खाता खोलना, पेंशन एवं बीमा सेवाएं प्रदान कर रहीं है। इस कार्य से चिंतामणी ने जहां अपनी आजीविका सुनिश्चित की, वहीं बीसी सखी की सेवाओं से सबसे ज्यादा फायदा पेंशन धारकों को हुआ है। चाहे वह वृद्धावस्था पेंशन हो या दिव्यांग पेंशन। अब लाभार्थियों को उनका पैसा घर बैठे मिल रहा है।

## बीमा के प्रति ग्रामीण जागरूक

चिंतामणी जैसी करीब 4 हजार 950 से ज्यादा झारखण्ड की ग्रामीण महिलाओं को जेएसएलपीएस की ओर से प्रशिक्षित कर बीसी सखी के रूप तैयार किया गया है, जो गांव-गांव, पंचायत-पंचायत बैंकिंग एवं बीमा सेवाएं पहुंचा रहीं है। बीसी सखी के वजह से अब ग्रामीणों में बैंकिंग एवं बीमा के प्रति जागरूकता बढ़ी है।

## खबर एक नजर में

### विष्णु अग्रवाल ने दायर की जमानत याचिका

**रांची।** लैंड स्कैम के आरोपी विष्णु अग्रवाल ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से रांची पीएमएलए की विशेष कोर्ट में अपनी जमानत के लिए याचिका दायर की है। याचिका में विष्णु अग्रवाल ने कहा है कि इस पूरे केस में उनकी कोई संलिप्तता नहीं है। वह पूरी तरह से निर्दोष हैं। इसलिए उन्हें जमानत पर रिहा किया जाना चाहिए। साथ ही उन्होंने अपने खराब स्वास्थ्य का हवाला देते हुए भी जमानत अर्जी मंजूर करने की गुहार लगाई है। विष्णु अग्रवाल लैंड स्कैम केस में प्रमुख आरोपी हैं। ईडी ने उन्हें 31 जुलाई को गिरफ्तार किया था। इसी केस में पावर ब्रोकर के नाम से मशहूर प्रेम प्रकाश से भी ईडी पूछताछ कर चुकी है। फिलहाल विष्णु अग्रवाल का स्वास्थ्य खराब होने के कारण इन्हें रिम्स के कैदी वार्ड में इलाज के लिए भर्ती किया गया है।

### डीएलओ बोकारो को अतिरिक्त प्रभार

**रांची।** राज्य सरकार ने झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी जिला भू-अर्जन पदाधिकारी बोकारो द्वारिका पाठक को अपने कार्यों के साथ पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड भारत सरकार द्वारा अधिकृत मेसर्स प्रभा एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड के कार्य के लिए सक्षम प्राधिकार के रूप में अतिरिक्त प्रभार दिया है। इस संबंध में कार्मिक प्रशासनिक सुधार राजभाषा विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

### केरल कैडर की आइएएस रिया आयेंगी झारखंड

**रांची।** झारखंड को जल्द ही एक नया आईएएस अफसर मिलेगा। केंद्र सरकार ने केरल कैडर की आईएएस अधिकारी रिया सिंह की सेवा झारखंड को सौंपी है। 2021 बैच की आईएएस अधिकारी ने अपने ही बैच के झारखंड कैडर के आईएएस अधिकारी सन्नी सिंह से विवाह किया है। केंद्र सरकार ने इसके आधार पर इनकी सेवा को झारखंड ट्रांसफर कर दिया है। केंद्रीय कार्मिक के नोटिफिकेशन के बाद झारखंड सरकार के कार्मिक विभाग इनकी पोस्टिंग करेगा।

### कल ढाई घंटे देर से खुलेगी धनबाद-अल्लेपी

**रांची।** धनबाद-अल्लेपी एक्सप्रेस 28 अगस्त को ढाई घंटे के देर से खुलेगी। दक्षिण मध्य रेलवे में गुनाडाला-विजयवाड़ा के बीच तीसरी लाइन के लिए चल रहे कार्य के कारण दिनांक 28 अगस्त को गाड़ी संख्या-13351 धनबाद-अल्लेपी एक्सप्रेस के समय को पुनर्निर्धारण किया गया है। यह जानकारी शनिवार को वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक व मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अमरेश कुमार ने दी।

### हैदराबाद-रक्सौल स्पेशल ट्रेन को अवधि विस्तार

रांची। हैदराबाद-रक्सौल-सिकंदराबाद स्पेशल ट्रेन की परिचालन में अवधि विस्तार किया गया है। इस संबंध में रेलवे बोर्ड की ओर से सूचना जारी कर दी गयी है। रांची रेल मंडल की ओर से जानकारी दी गयी है कि यात्रियों की सुविधा को देखते हुए ट्रेन के परिचालन को अवधि विस्तार दिया गया है। ट्रेन संख्या 07051 हैदराबाद रक्सौल स्पेशल ट्रेन का परिचालन 2 सितंबर से 30 सितंबर तक किया जायेगा। ट्रेन संख्या 07052 रक्सौल सिकंदरबाद स्पेशल ट्रेन की यात्रा 5 सितंबर से 3 अक्टूबर तक परिचालन होगा। बता दें कि ट्रेन दरभंगा और बरौनी से होते हुए धनबाद और रांची से गुजरती है। ऐसे में धनबाद और रांची के यात्रियों को ट्रेन का परिचालन बढ़ने से लाभ होगा।

### सहायक आचार्य नियुक्ति में आरक्षण के खिलाफ हाई कोर्ट में याचिका दायर

रांची। सहायक आचार्य नियुक्ति नियमावली में पारा शिक्षकों को 50 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने को झारखंड हाई कोर्ट में चुनौती दी गई है। मामले को लेकर दायर बीआरपी एवं सीआरपी बहादुर महतो व अन्य की याचिका की सुनवाई करते हुए झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार एवं झारखंड स्टाफ सलेक्शन कमिशन (जेएसएससी) को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। मामले की सुनवाई हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई। अगली सुनवाई 31 अगस्त को होगी। मामले में जेएसएससी को भी प्रतिवादी बनाया गया है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता अमित कुमार तिवारी ने पैरवी की। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि सहायक आचार्य नियुक्ति नियमावली 2022 में संविदा पर शिक्षा विभाग में कार्यरत कर्मियों को 50 प्रतिशत आरक्षण की सुविधा दी गई थी। बाद में संविदा कर्मियों को आरक्षण समाप्त कर दिया गया और नियमावली को संशोधित किया। राज्य सरकार ने संशोधित सहायक आचार्य नियुक्ति नियमावली 2023 बनाई है, जिसके तहत अब केवल पारा शिक्षकों को ही सहायक आचार्य नियुक्ति में 50 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान है। शिक्षा विभाग में कार्यरत संविदा कर्मियों को भी आरक्षण मिलना चाहिए था।

## डुमरी उपचुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी उफान पर, आजसू ने की चुनावी सभा

# अबुआ राज को झारखंड मुक्ति मोर्चा ने बबुआ राज बनाकर रख दिया : सुदेश

**जेएमएम के 20 साल के शासन ने डुमरी में शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार की स्थिति को बर्बाद कर दिया**

**डुमरी विधानसभा के लोगों का लालन-पालन यशोदा माता करेंगी**



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** डुमरी उपचुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी उफान पर है। एनडीए की उम्मीदवार यशोदा देवी आजसू के चुनाव चिन्ह के साथ चुनाव मैदान में है। उनके पक्ष में भाजपा और आजसू के नेता लगातार जनसभा कर माहौल अपने पक्ष में करने का काम कर रहे हैं।

आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने शनिवार को 9 जनसभा पार्टी उम्मीदवार के पक्ष में की और मतदाताओं के मन को भांपने का काम किया। चैनपुर में उमड़ी भीड़ को देखकर गदगद हुए श्री महतो ने राज्य की झामुमो नीत सरकार पर हमलवार होते हुए कहा कि सरकार ने इस उपचुनाव को अपनी प्रतिष्ठा का सवाल बना लिया है। अब यह लड़ाई राजा और रंक के बीच की हो गई है लेकिन डुमरी की जनता ने हवाई यात्रा करने वाले को गांव की पगडंडी नापने को मजबूर कर दिया है।

झारखंड मुक्ति मोर्चा को घेरते हुए उन्होंने कहा कि इस पार्टी का चरित्र बदल चुका है, झामुमो ने बिनोद बाबू के विचारों को तिलांजलि देकर भय और भ्रष्टाचार की राजनीति को प्रश्रय देने का काम शुरू कर दिया है। अबुआ राज को झारखंड मुक्ति मोर्चा ने बबुआ राज बना दिया है।

जनसभा में उपस्थित भीड़ से सवाल करते हुए उन्होंने पूछा कि झूठे वादों के आधार पर आपका वोट पाने वाली इस सरकार ने बोला था कि राज्य के युवाओं को हर साल 5 लाख रोजगार देंगे, पढ़े लिखे बेरोजगारों को 5 से 7 हजार बेरोजगारी भत्ता देने का काम करेंगे, तीन कमरों का आवास उपलब्ध करवाने का काम करेंगे। क्या ये वादे पूरे हुए हैं?

उन्होंने कहा पिछले 20 साल के शासन में शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार को लेकर कोई काम नहीं हुआ है। जिन युवाओं को कलम और किताब पकड़ाना था उनके हाथों में शराब की बोतलें देने का काम किया गया है। श्री महतो ने आवाम से आह्वान करते हुए कहा कि जिस राजनीति ने पिछले 20 वर्षों में भी आपका भाग्य बदलने का काम नहीं किया वैसी राजनीति को त्याग देना ही बेहतर है।

इनका इरादा विकास और सेवा करने का था ही नहीं, इन्होंने केवल राज किया है। अगर इरादा होता तो डुमरी की किस्मत बदल चुकी होती। अब समय आ गया है भटकाव की राजनीति से बाहर निकला जाय। इन 20 वर्षों में पूरी बेक पीढ़ी जवान हो गई लेकिन डुमरी वहीं खड़ा है।

उपचुनाव पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि यह उपचुनाव केवल एक विधायक को जिताने का नहीं है बल्कि चुनाव का परिणाम पूरे राज्य की किस्मत बदलने का काम करेगा।

आम आदमी के वोट से जुड़े सपने पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि गरीब एक मकसद के साथ वोट देता है। उस वोट के साथ उसके सपने और अरमान जुड़े होते हैं। वह यह सोचकर वोट करता है कि इससे उसकी मुश्किलें दूर होंगी लेकिन वोट के बाद उसके सपने टूट जाते हैं, लेकिन मैं विश्वास दिलाता हूं इस बार ऐसा नहीं होगा आपके अरमान दफन नहीं होंगे। यशोदा देवी डुमरी के सेवक के तौर पर काम करते हुए क्षेत्र को आगे ले जाने का काम करेंगी। डुमरी विधानसभा के लोगों का लालन-पालन यशोदा माता करेंगी।

सुदेश कुमार महतो ने आज पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में लगातार 9 जनसभाओं को संबोधित किया। ये सभाएं डुमरी प्रखंड के चैनपुर, कल्हावार, चेगरो, चीनो, कुलगो उतरी और दक्षिणी, रंगामाटी, लक्ष्मण टुंडा और खैरा टुंडा में आयोजित हुई।

### वैद्यनाथ राम और नारायण दास को विस आश्वासन समिति से हटाने की मांग

**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संस्थापक एवं प्रधान सचिव पुष्कर महतो ने विधायक बैद्यनाथ राम और विधायक नारायण दास को झारखंड विधानसभा आश्वासन समिति के सदस्य पद से हटाने की मांग की है। उन्होंने शनिवार को प्रेस बयान जारी कर कहा कि बैद्यनाथ राम एवं नारायण दास झारखंड अलग राज्य के आंदोलनकारी के मान सम्मान पहचान नियोजन एवं पेंशन के मामले को लेकर गंभीर नहीं हैं। झारखंड आंदोलनकारी के सवालों को लेकर आश्वासन समिति की कई बैठकें अब तक हो चुकी हैं लेकिन बैद्यनाथ राम एवं नारायण दास अपने दायित्व का निर्वाह नहीं करते हैं। आश्वासन समिति की बैठकों में उपस्थित नहीं होते हैं जिससे झारखंड अलग राज्य के आंदोलनकारी के मामले लंबित रह जाते हैं और झारखंड आंदोलनकारी के मान सम्मान, पेंशन, नियोजन एवं पहचान के मामले अधर में लटक जाते हैं। इसलिए ऐसे विधायकों को आश्वासन समिति से हटा दिया जाना चाहिए।

# एनआइए रांची शाखा ने नक्सलियों के शीर्ष लीडर प्रमोद मिश्रा से की पूछताछ

**झारखंड में नक्सलियों की रणनीति के बारे में ली जानकारी**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बिहार के गया जेल में बंद प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी के शीर्ष लीडर प्रमोद मिश्रा और उसके सहयोगी अनिल यादव से रांची एनआइए की टीम ने पूछताछ की। पूछताछ में एनआइए की टीम ने झारखंड में नक्सलियों के ठोस रणनीति के बारे में पूछताछ की। प्रमोद मिश्रा को 72 घंटे तक रिमांड पर लिया गया है। प्रमोद मिश्रा पिछले पांच दशक से नक्सली संगठन से जुड़े और पोलित ब्यूरो सदस्यों में से एक है, जो बीते 9 अगस्त को गया में अपने एक सहयोगी के साथ गिरफ्तार हुआ था।

**इन राज्यों की पुलिस भी करेगी पूछताछ** : पोलित ब्यूरो मेंबर प्रमोद मिश्रा से तेलंगाना, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल की पुलिस भी प्रमोद मिश्रा से पूछताछ करने गया पहुंची है। गौरतलब हो कि प्रमोद मिश्रा का नक्सली आतंक देश के कई राज्यों में सक्रिय रहा है। ऐसे में कई राज्यों की पुलिस को उनकी तलाश थी।

**9 अगस्त को हुई थी नक्सली की गिरफ्तारी** : नक्सली संगठन भाकपा माओवादी में प्रमोद मिश्रा अपने आप में एक बड़ा नाम है। बीते 9 अगस्त को दिल्ली आईबी की इनपुट पर गया पुलिस और सुरक्षा बलों की टीम ने प्रमोद मिश्रा और उनके सहयोगी अनिल यादव की गिरफ्तार करने में सफल रही थी। यह गया पुलिस के लिए बड़ी सफलता थी। वहीं धीरे-धीरे कमजोर पड़ रहे नक्सलियों के लिए यह एक बड़े झटके के समान था। नक्सली लीडर प्रमोद मिश्रा संगठन को मजबूत करने के लिए बिहार-झारखंड में लगातार कम कर रहा था। गिरफ्तारी के ये दोनों गया जेल में बंद थे। प्रमोद मिश्रा बिहार के औरंगाबाद जिले के कोसमा के रहने वाला है।

### 22 पुलिसकर्मियों की जघन्य हत्या के आरोपी माओवादी नागेंद्र से पूछताछ

**रांची।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने माओवादी कमांडर नागेंद्र से पूछताछ की। एनआईए की रांची ब्रांच ने नागेंद्र को पांच दिनों की रिमांड पर लेकर पूछताछ की। मूल रूप से पलामू के पांकी के रहनेवाले नागेंद्र उरांव पर कई बड़ी घटनाओं को अंजाम देने का आरोप है। गौरतलब हो कि अलग- अलग नक्सली घटनाओं में 22 पुलिसकर्मी शहीद हो गये थे। नागेंद्र उरांव में लातेहार पुलिस ने छह जून को गिरफ्तार किया था।

**गुरिल्ला दस्ता का कमांडर था नागेंद्र** : नागेंद्र उरांव माओवादियों के गुरिल्ला दस्ता का कमांडर था। पिछले कई वर्षों से वह माओवादियों के मारक दस्ते का भी प्रमुख रहा था। वर्ष 2013 कटिया में जिस माओवादी हमले में 12 जवानों की मौत हुई थी। उस हमले में भी नागेंद्र उरांव भी दस्ते में शामिल था। हमले के बाद माओवादियों ने शहीद पुलिस जवानों के शरीर में आइडी लगाया था। इसके अतिरिक्त वर्ष 2018 में माओवादी दस्ते ने खपरी महुआ में पुलिस की टीम पर हमला किया था। जिसमें 6 जवान शहीद हुए थे। इस हमले में भी नागेंद्र ने मुख्य भूमिका थी। वर्ष 2019 में माओवादियों ने चंदवा थाना क्षेत्र में हमला किया था। जिसमें चार जवान शहीद हो गये थे।

# दो नक्सली गिरफ्तार भेजे गए जेल

**झारखंड जगुआर के सब इंस्पेक्टर अमित तिवारी समेत दो पुलिस जवानों की हत्या में थे शामिल**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** भाकपा माओवादी नक्सली द्वारा स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर पुलिस पर घात लगाकर हमला कर झारखंड जगुआर के सब इंस्पेक्टर अमित तिवारी समेत दो पुलिस जवानों की जान लेने की घटना में शामिल दो नक्सलियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जिले के एसपी आशुतोष शेखर ने शनिवार को एक संवाददाता सम्मेलन में जानकारी देते हुए बताया कि इस कांड के अभियुक्तों के अपने गांव आने की सूचना पर 25 अगस्त को टोंटो थाना क्षेत्र के तुम्वाहाका के आस-पास छापामारी एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु गठित विशेष छापेमारी टीम ने दो संदिग्ध लोगों रामजा हेम्ब्रम और पाण्डु पूर्ति को गिरफ्तार किया गया। एसपी ने बताया कि पाण्डु पुरती का भाई भी माओवादी नक्सली दस्ते का सदस्य है। इस कांड संलिप्त अन्य अभियुक्तों के विरुद्ध छापामारी की जा रही है।

### छापामारी दल में यह थे शामिल

पुलिस निरीक्षक, झींकपानी अंचल ,थाना प्रभारी, टोन्टो थाना,सी०आर०पी०एफ-197 बटालियन के सशस्त्र बल ,झारखण्ड जगुआर ए0जी0-37 के सशस्त्र बल और चाईबासा जिला बल के जवान शामिल थे।

## राज्य में सभी जिलों चलाता था कंपनी, बैंक एकाउंट निकला संथाल का

# सिंडिकेट के किंगपिन योगेंद्र तिवारी, पुरानी शराब नीति बनी छापेमारी की वजह, संथाल का था कब्जा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राज्य में चल रही पुरानी शराब नीति पर कब्जा संथाल परगना के सिंडिकेट का है। सिंडिकेट के किंगपिन योगेंद्र तिवारी थे। राज्य के 24 जिलों में से 19 जिलों में शराब के थोक कारोबार का काम गोड्डा, जामताड़ा और दुमका के व्यापारी के द्वार किया जा रहा है। इडी जांच में आये कारोबारियों की लिस्ट और उनके बैंक डिटेल्स सामने आने से यह साफ हुआ कि शराब के थोक व्यापार पर संथाल का कब्जा था।

**सभी व्यापारियों के बैंक अकाउंट संथाल के** : ज्यादातर कारोबारियों ने जो बैंक डीटेल्स डिपार्टमेंट को दिये हैं, वो संथाल परगना के बैंकों के थे।

झारखंड में 24 जिले में 19 जिलों में शराब के थोक व्यापार का जिम्मा गोड्डा, जामताड़ा और दुमका के कारोबारियों को मिला था, अन्य पांच जिलों में धनबाद और रांची से जुड़े व्यवसायियों को यह जिम्मा मिला था, लेकिन सभी 24 जिलों में काम करने वाले कारोबारियों का संबंध संथाल परगना से ही था।

### किस जिले में किसे मिला शराब के थोक कारोबार का जिम्मा

| जिला | कंपनी | पता | बैंक का पता |
|---|---|---|---|
| रांची | कल्याणेश्वरी इंटरप्राइजेज | धनबाद | जामताड़ा |
| कोडरमा | आनंद ट्रेडर | जामताड़ा | मिहिजाम |
| सरायकेल | जमानी इंटरप्राइजेज | गोड्डा | जामताड़ा |
| खूंटी | गुमरो इंटरप्राइजेज | दुमका | दुमका |
| गुमला | जमानी इंटरप्राइजेज | जामताड़ा | जामताड़ा |
| गढ़वा | रुपुचक इंटरप्राइजेज | जामताड़ा | मिहिजाम |
| लातेहार | रुपुचक इंटरप्राइजेज | जामताड़ा | मिहिजाम |
| प सिंहभूम | विश्वा इंटरप्राइजेज | गोड्डा | जामताड़ा |
| पलामू | विश्वा इंटरप्राइजेज | गोड्डा | जामताड़ा |
| धनबाद | बैद्यनाथ इंटरप्राइजेज | जामताड़ा | मिहिजाम |
| बोकारो | गुप्ता ट्रेडर | दुमका | मिहिजाम |
| दुमका | मैय्हर डेवलपर्स | रांची | मिहिजाम |
| हजारीबाग | बाशुकीनाथ ट्रेडर्स | दुमका | दुमका |
| पाकुड़ | मैय्हर डेवलपर्स | रांची | मिहिजाम |
| पूर्वि सिंहभूम | मैय्हर डेवलपर्स | रांची | मिहिजाम |
| गिरिडीह | प्रशांत ट्रेडर्स | दुमका | दुमका |
| चतरा | मिश्रा वाइन | दुमका | दुमका |
| गोड्डा | मैय्हर होटल्स एंड प्रा. ली. | देवघर | दुमका |
| रामगढ़ | राजमहर ट्रेडर्स | दुमका | मिहिजाम |
| देवघर | सरन अल्कोहल प्रा. ली | दुमका | मिहिजाम |
| साहेबगंज | संजीत हेब्रम | जामताड़ा | मिहिजाम |
| सिमडेगा | संथाल परगना बिल्डर्स प्रा. ली. | रांची | दुमका |
| जामताड़ा | अमरेंद्र तिवारी एचयूएफ | जामताड़ा | मिहिजाम |
| लोहरदगा | विद्या वाणिज्य प्र. ली. | दुमका | दुमका |

### नजदीकी पलाश मार्ट जाकर करें राखी की खरीदारी : मुख्यमंत्री



**रांची।** राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को कहा कि आने वाले रक्षाबंधन त्योहार के लिए सखी मंडल से जुड़ी राज्य की हमारी मातायें-बहनें स्नेहपूर्वक राखियों का निर्माण कर रही हैं। आप सभी से आग्रह है कि अपने नजदीकी पलाश मार्ट में जाकर स्नेह और आशीर्वाद से भरी इन राखियों को खरीद कर हमारी मेहनकश माताओं-बहनों का उत्साहवर्द्धन अवश्य करें। मुख्यमंत्री ने अपने ट्वीटर पर ट्वीट कर सभी से पलाश मार्ट जाकर राखी खरीदने का आग्रह किया है।

**सदस्यता अभियान की दी गयी जिम्मेदारी**

# संगठन को मजबूत करने की कवायद में जुटा युवा राजद

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** युवा राष्ट्रीय जनता दल झारखंड में संगठन को मजबूत बनाने की कवायद में जुट गया है। इसी कड़ी में युवा राजद के प्रदेश अध्यक्ष रंजन कुमार ने प्रदेश के पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे पार्टी कार्यालय में उपस्थित होकर संगठन को मजबूत करते हुए सदस्यता अभियान को सफल बनाने में अपना सहयोग दें।

**इन्हें दी गयी है जिम्मेवारी**

**रविवार :** डॉ अविनाश कुमार प्रदेश उपाध्यक्ष, राम सिंह प्रदेश महासचिव, अजय कुमार प्रदेश सचिव, उज्जवल कुमार सिंह प्रदेश महासचिव।

**सोमवार :** मो जफिर खान प्रदेश उपाध्यक्ष, विक्की यादव प्रदेश महासचिव, मो फरहान खान प्रदेश सचिव, मो गुलजार अंसारी जिला अध्यक्ष रांची।

**मंगलवार :** मो शौकत अंसारी प्रदेश उपाध्यक्ष, धर्मेंद्र सिंह और संतोष कुमार प्रदेश महासचिव

**बुधवार :** शहनाज खातून प्रदेश उपाध्यक्ष, मंतोष यादव प्रदेश महासचिव, मो अरशद अंसारी प्रदेश सचिव।

**गुरुवार :** मो मोइन अंसारी और गायत्री देवी प्रदेश महासचिव, लाल बाबू रजक प्रदेश सचिव।

**शुक्रवार :** क्षितिज मिश्रा प्रदेश महासचिव सह प्रवक्ता, राजकुमार और प्रशांत कुमार प्रदेश सचिव।

**शनिवार :** राजेश यादव रांची महानगर अध्यक्ष, अभिषेक सिंह यादव, उर्मिला सोरेंग, ममता कुजूर प्रदेश महासचिव।

# राखियों से गुलजार हुआ बाजार, दुकान से लेकर पोस्ट ऑफिस तक भीड़

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** रक्षाबंधन पर्व को लेकर राजधानी की दुकानें राखियों से गुलजार हो गयी हैं। रक्षाबंधन के लिए खरीदारी भी शुरू हो गई है। बाजार में कार्टून और खिलौने वाली राखियां बच्चों को खूब लुभा रही है। दिल्ली और कोलकाता से तैयार होकर आ रही जरकिन और मेटल की राखियों की डिमांड अधिक है। बाजार में कई तरह की राखियां है पर बच्चों में कार्टून वाली राखी आकर्षण का केंद्र बनी हुआ है। इसमें ब्रेसलेट, जरकिन, घुंगरू, मोती वाली राखी उपलब्ध है। राखी विक्रेता रवि गुप्ता और बिनोद ने बताया कि राखी दिल्ली और कोलकता से मंगाये जा रहे हैं। जरकिन, मेटल, गोटा चांदी और मोतियों से बनीं राखी सबसे महंगी है। पुरूलिया रोड़ पर लगी राखियों की दुकानों पर 5 से 120 रुपये तक की राखी उपलब्ध है।



## राखी त्योहार पर डाक विभाग के प्रति लोगों का अटूट विश्वास

डिजिटल युग में हर तरफ बदलाव देखने को मिल रहा है, इस बदलाव में रक्षाबंधन का त्योहार भी इससे अछूता नहीं है। ऑनलाइन शॉपिंग के कारण इस परंपरा का सीधा असर बाजार पर पड़ रहा है। हालांकि ऑनलाइन राखी की खरीदारी का औसत कम है। फिर भी दुकानदार थोड़े परेशान जरूर हैं। इधर घर से बाहर रहने वाले भाइयों को राखी भेजने के लिए पोस्ट ऑफिस में भीड़ उमड़ रही है। रांची जीपीओ के सीनियर पोस्टमास्टर सिद्धेश्वर गोराई कहते हैं कि ऑनलाइन शॉपिंग का कोई खास असर डाक विभाग पर नहीं पड़ा है क्योंकि ऑनलाइन शॉपिंग के जो भी प्लेटफार्म हैं, उनकी उपस्थिति ग्रामीण क्षेत्रों तक नहीं है। जबकि डाक विभाग गांव-गांव तक कार्यरत है और राखी के मौके पर डाक विभाग के प्रति लोगों का अटूट विश्वास है, राखी तो रखी है, यह बहन और भाई का अटूट प्रेम का रिश्ता है। यहीं वजह है कि बहनें लिफाफा भेजना ज्यादा पसंद करती हैं।

## खबर एक नजर में

### इसरो के वैज्ञानिक को भाजपा का सम्मान



**रांची।** भारतीय जनता पार्टी रांची महानगर जिला की ओर से शनिवार को इसरो के वैज्ञानिक आकाश चन्द्र गुप्ता को सम्मानित किया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने भारत में निर्मित चंद्रयान 3 के चन्द्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफल लैंडिंग कर पुरी दुनिया में भारत के परचम का डंका बजाने में अपनी सक्रीय भूमिका निभाने वाले आकाश चन्द्र गुप्ता के पिताजी भाजपा सुखदेवनगर के वरिष्ठ कार्यकर्त्ता प्रेमचन्द्र गुप्ता एवं उनकी माताजी को ओझा मार्केट के समीप अवस्थित उनके आवास पर जाकर सम्मानित किया। मौके पर स्थानीय विधायक सीपी सिंह, भाजपा रांची महानगर अध्यक्ष केके गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष सत्यनारायण सिंह, राजेन्द्र केशरी, वरूण साहु, ललीत ओझा, मुकेश सिंह एवं अन्य कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

### सीएमपीडीआई में खेल का होगा आयोजन

**रांची।** राष्ट्रीय खेल दिवस पर सीएमपीडीआई समावेशी और तंदुरूस्त समाज के लिए एक समर्थक के रूप में खेल थीम के साथ कर्मियों के लिए 26-28 अगस्त तक विभिन्न खेल कार्यक्रमों का आयोजन करेगी। संस्थान के खेल मैदान में मुख्यालय रांची एवं क्षेत्रीय संस्थान-3 रांची के कर्मियों के लिए अंतर विभागीय फुटबाल टूर्नामेंट होगा। इस टूर्नामेंट में कुल 6 टीमें भाग ले रही हैं। ज्ञातव्य हो कि भारत में खेल की गहरी परंपरा की याद में हर साल 29 अगस्त को हॉकी के दिग्गज मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन पर राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है।

### कृष्णा कबीर को अग्रिम जमानत

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने चिट फंड कंपनी में पैसा निवेश करने के से जुड़े धोखाधडी के आरोपी कृष्णा कबीर को अग्रिम जमानत मिल गयी है। कृष्णा कबीर अल्केमिस्ट ग्रुप के निदेशक हैं। उनकी याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट में सुनवाई हुई। अदालत ने अपने आदेश में कहा है कि कोर्ट के आदेश की प्रति प्राप्त होने के तीन सप्ताह के भीतर वह निचली अदालत में आत्मसमर्पण करेंगे। अदालत ने उन्हें निचली अदालत में 1-1 लाख रुपए के दो निजी मुचलके जमा करने का निर्देश दिया है। इनमें एक जमानतदार आयकर दाता रहेगा।

## डीएसपीएमयू में दो दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी सह जनपद संस्कृत सम्मेलन

# प्राचीनतम और कल्याणकारी है हमारी भारतीय परंपरा और ज्ञान : राज्यपाल

**शिक्षा का अर्थ सिर्फ डिग्री पाना नहीं बल्कि ज्ञान अर्जित करना**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने शनिवार को कहा कि भारतीय ज्ञान प्रणाली विश्व में सर्वोत्तम है। इसके लिए हमलोगों में गौरव का भाव होना चाहिए। वह शनिवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) के संस्कृत विभाग तथा संस्कृत भारती की ओर से आयोजित द्विदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। इस ज्ञान परंपरा के कारण हम भारत के लोग आत्मविश्वास के साथ बहुत सारे प्राचीन एवं पारंपरिक विधाओं का उपयोग करते चले आ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि आज इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुये महान वैज्ञानिक एस. सोमनाथ एवं उनकी टीम ने चंद्रयान-3 मिशन को सफलतापूर्वक पूरा किया। हमारी ज्ञान परंपरा में मेडिसिन सर्जरी, संगीत, स्थापत्य कला और न जाने कितने आयाम शामिल है।



### मातृभाषा से ही ज्ञान की यात्रा होती है शुरू

राज्यपाल ने कहा कि हमें अपने मातृभाषा पर गर्व होनी चाहिये। वह हमारे ज्ञान की जड़ है और वहीं से ज्ञान की यात्रा शुरू होती है। विश्व के सर्वाधिक प्राचीनतम भाषाओं में भारत की 2 भाषाएं संस्कृत एवं तमिल शामिल हैं। उन्होंने कहा कि हमें अपनी भाषा को नहीं भूलना चाहिए लेकिन अन्य भाषाओं को भी सीखना चाहिए, तभी हम जान पाएंगे की देश-दुनिया में क्या हो रहा है? अपने देश की उन्नति के लिए भी अन्य देशों की भाषा सीखना जरूरी है। किसी से घृणा कर अपने को बेहतर साबित नहीं कर सकते हैं। यह दृष्टिकोण अपने ही विकास में बाधक होगा।

### अपनी उन्नत एवं सारगर्भित विधा को कभी नहीं भूलना

राज्यपाल ने कहा कि हमें मॉडर्न टेक्नोलॉजी को भी अंगीकार करना है। लेकिन अपनी उन्नत एवं सारगर्भित विधा को भूलना भी नहीं है। धीरे-धीरे दुनिया कृषि आधारित अर्थव्यवस्था से औद्योगिक अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ती चली गई। अब कृषि आधारित अर्थव्यवस्था एवं औद्योगिक अर्थव्यवस्था के बीच सामंजस्य बनाकर विकास की नई गाथा लिखी जा सकती है।

राज्यपाल ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा में जीवन जीने के तरीकों के साथ मानव मूल्य भी स्थापित थे। हम अपनी मां के पास अभी भी बिना समय लिए हुये जाते हैं, लेकिन आज देखा जा रहा है की बुजुर्गों को बात करने के लिए बच्चों से समय लेना पड़ता है। शिक्षा का अर्थ सिर्फ डिग्री ही नहीं बल्कि ज्ञान अर्जित करना भी है। ऐसा ज्ञान जिसमें बुजुर्गों के प्रति सम्मान हो, समाज के प्रति लगाव हो और विश्व बंधुत्व की भावना हो।

### संस्कृत शिक्षा हमारी संस्कृति की संरक्षिका : दिनेश कामत

संगोष्ठी के विशिष्ट अतिथि संस्कृत भारती के अखिल भारतीय संघटन मंत्री दिनेश कामत ने कहा कि संस्कृत शिक्षा हमारी संस्कृति की संरक्षिका है, जिसमें सुदृढ़ सामाजिक-पारिवारिक व्यवस्था के आधारभूत तत्त्व सन्निहित हैं। ज्ञान की कोई भी शाखा संस्कृत से अछूती नहीं है। इसीलिए संस्कृत का अध्ययन सभी लोगों को करना चाहिए। आयुर्वेद, योग, संगीतशास्त्र आदि विभिन्न विद्याएं संस्कृत से ही विकसित हुई हैं। विवि के वीसी प्रो. (डा.) तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि भारतीय संस्कृति और दर्शन का वैश्विक प्रभाव निर्विवाद रूप से दृष्टिगोचर होता है। संस्कृत के शास्त्रों की धरोहरों को भावी पीढ़ी के लिए न केवल संरक्षित किया जाना चाहिए, बल्कि उसके अनुसन्धान की भी आवश्यकता है। विषय प्रवेश कराते विभागाध्यक्ष डा. धनंजय वासुदेव द्विवेदी ने कहा कि संस्कृत वाङ्मय में भारतीय ज्ञान परम्परा न केवल श्रुति परम्परा से संरक्षित है बल्कि संस्कृत की विशाल ज्ञान राशि हमारे महर्षियों के द्वारा लिपिबद्ध भी की गई है। धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव डा नमिता सिंह ने किया। इस अवसर पर शाश्वती समेत दो पुस्तकों का विमोचन किया गया। मौके पर रांची विवि के वीसी डा. अजीत कुमार सिन्हा, झारखंड खुला विश्वविद्यालय के वीसी प्रो. टीएन साहु आदि उपस्थित थे।

# खेल दिवस पर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के मौके पर राज्य स्तर पर खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन खेलकूद विभाग के स्तर से किया जा रहा है। प्रतियोगिता में राज्यस्तरीय क्रॉस कन्ट्री दौड़ (पुरुष-6 किमी, महिला-4 किमी) के अलावे आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता (पुरुष वर्ग केवल) भी शामिल है। ओपन वर्ग में होने वाली क्रॉस कंट्री दौड़ प्रतियोगिता के लिए पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर आने वाले प्रतिभागी खिलाड़ियों को पुरस्कार मिलेगा। इसके तहत 21 हजार, 11 हजार और 7500 रुपये की राशि तय है। इसके अलावा आर्म रेसलिंग प्रतियोगिता (ओपन) के लिए भी क्रमशः 5000, 3000 और 2000 रुपये की राशि इनाम के तौर पर फाइनल है।



राज्य के इच्छुक खिलाड़ी इन खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने को 28 अगस्त की सुबह 9 बजे तक अपना रजिस्ट्रेशन बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम, मोरहाबादी (रांची) स्थित खेलकूद निदेशालय कार्यालय में करा सकते हैं। रजिस्ट्रेशन के लिए अपना नाम, पता, आधार कार्ड की छायाप्रति और मोबाइल नंबर की जानकारी देनी होगी। निबंधन निःशुल्क है. प्रतियोगिता स्थल तक आने-जाने का खर्च प्रतिभागी खिलाड़ियों को स्वयं वहन करना होगा।

# सैनिक कल्याण निदेशालय के स्टेट हेड की ओर से मुझपर लगाया आरोप झूठ : धर्मेंद्र

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष और सैनिक बाजार दुकानदार संघ के महामंत्री धर्मेंद्र तिवारी ने शनिवार को कहा कि सैनिक कल्याण निदेशालय के स्टेट हेड रवि जैन ने मेरे विरुद्ध जो आरोप लगाए हैं, वो तथ्यहीन, मिथ्या और सच से कोसों दूर हैं। मैं उन्हें चेतावनी देता हूं कि वह 48 घंटे के भीतर माफी मांगें अन्यथा विधिक कार्रवाई के लिए तैयार रहें। शनिवार को प्रेस कांफ्रेंस में धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि रवि जैन ने यह नहीं बताया कि मई 2023 में साफ-सफाई के नाम पर जो आदेश लिया गया था, उस साफ-सफाई का काम मई में शुरू न होकर अगस्त में क्यों शुरू हुआ? क्या मई माह में लिये गए आदेश को अमली जामा पहनाने में 4 माह का वक्त लग गया? अगर चार माह का वक्त लगा तो यह वक्त साफ-सफाई के लिए नहीं बल्कि किसी और कार्य के लिए दिया गया है। अगर उनकी नियत साफ होती तो हफ्ते भर में साफ-सफाई हो गई होती।



श्री तिवारी ने कहा कि मई 2023 में जो आदेश दिया गया था, उस आदेश को डीएफओ ने निरस्त रद्द कर दिया। बकौल डीएफओ, इसकी सूचना निदेशालय को भी दी गई थी कि आप लोग साफ-सफाई का कार्य नहीं कर सकते, झाड़ी आदि नहीं कटवा सकते। इसके बावजूद, उस आदेश को ठेंगा दिखाते हुए निदेशालय के लोगों ने 22 अगस्त को क्या सोच कर 20 से 25 साल पुराने वृक्ष काट दिये, इसकी गहन जांच होनी चाहिए। कुल 23 पेड़ों में से 3 पेड़ काट दिये गए। हमें कोई बताए कि क्या पेड़ काटने को ही साफ-सफाई करवाना कहते हैं? वो भी 20 से 25 साल पुराने पेड़? खेल कुछ और है जिसकी जानकारी तमाम तथ्यों के साथ निकट भविष्य में ही आप सभी को दूंगा। वेलफेयर सिनेमा हॉल परिसर में साफ सफाई के नाम पर पेड़ काटना उद्देश्य था ताकि यहां बड़ा शॉपिंग मॉल बनाया जा सके

श्री तिवारी ने कहा कि अखबारों में रवि जैन के हवाले से छपा है कि निदेशालय वीरांगनाओं, विधवाओं की मदद करना चाहता है। मैं भी इनकी मदद करना चाहता हूं पर यह जानना चाहता हूं कि पेड़ काट कर कौन सा विकास कार्य होगा और उन पेड़ों को काटने की क्या जरूरत थी, जिन्हें काटने का आदेश निरस्त कर दिया गया। श्री तिवारी ने कहा कि श्री रवि जैन ने मेरे ऊपर अपनी राजनीति चमकाने और मीडिया में छवि चमकाने का आरोप लगाया है। मैं उनसे कहना चाहता हूं कि मैं मीडिया में बीते 40 साल से हूं और उनके बोलने भर से फर्क नहीं पड़ता। वह गलतबयानी कर रहे हैं और उन्हें माफी मांग लेनी चाहिए।

# जमीन विवाद पर रोक लगाने के लिए थानेदारों को मिली कानूनी जानकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राजधानी रांची में जमीन विवाद को लेकर होने वाले खून-खराबे, मारपीट और विवाद पर ब्रेक लगाने के लिए पुलिस अपनी ठोस रणनीति पर काम तो कर ही रही है, इसके तहत भू माफिया के खिलाफ कारवाई की जा रही है। साथ ही अब डीसी राहुल कुमार सिन्हा और एसएसपी किशोर कौशल की पहल पर जिले के सभी थानेदारों को जमीन विवाद का हल किस तरह निकालना है, इसकी भी कानूनी पहलुओं की जानकारी देनी शुरू कर दी गई है। इसके पहले चरण में शनिवार को रांची के सभी 42 थानेदारों को जमीन मामलों के विशेषज्ञ के द्वारा कानूनी पहलुओं की जानकारी दी गई। रांची के मोरहाबादी मैदान स्थित टीआरआई में आयोजित पुलिस कार्यशाला में जमीन विवाद से जुड़ी हर पहलुओं की जानकारी दी गई।

**एसएसपी और डीसी ने भी साझा की जानकारी :** रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा और रांची एसएसपी किशोर कौशल ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में पुलिस पदाधिकारियों को भूमि विवाद की जटिलताओं और तकनीकी पहलू के बारे में बारीकी से जानकारी दी। एसएसपी के अनुसार जमीन से संबंधित किसी तरह के विवाद को लेकर लोग थाना पहुंचते हैं। मामले के निष्पादन को लेकर संबंधित पदाधिकारी लोगों को समझाकर आवश्यक और उचित प्रक्रिया की जानकारी दे सकें, इस उद्देश्य से इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि वर्कशॉप में पुलिस पदाधिकारियों ने भूमि विवाद से संबंधित कई मामलों में अपने अनुभव भी साझा किए हैं और इस तरह के आयोजन से फ्रेशनेस के साथ डिलीवरी मेकैनिज्म भी शार्प होता है।

## हॉस्पिटल मैनेजमेंट सोसाइटी और हॉस्पिटल मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक आयोजित

# रांची सदर अस्पताल में स्पेशियलिटी सेवा की जल्द होगी शुरुआत : सिविल सर्जन

**डेंटल विभाग को किया जाएगा अपग्रेड**

**ब्लड कैंसर के दर्जनों बच्चों का इलाज सफलतापूर्वक किया जा रहा**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य के बेहतरीन व उन्नत अस्पतालों में शुमार सदर अस्पताल की व्यवस्था को और विस्तार दिया जाएगा। इसी कड़ी में सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार की अध्यक्षता में हॉस्पिटल मैनेजमेंट सोसाइटी और हॉस्पिटल मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक शनिवार को हुई। इसमें निर्णय लिया गया कि जल्द ही सदर अस्पताल में न्यूरोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, मेडिकल ऑकोलॉजी और कैंसर सर्जरी की ओपीडी सेवा की शुरूआत की जाएगी। सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने कहा कि सदर अस्पताल में हेमेटोलॉजी विभाग का संचालन हो रहा है और यहां ब्लड कैंसर से ग्रसित दर्जनों बच्चों का इलाज सफलतापूर्वक किया जा रहा है। अब अस्पताल को विस्तार देने की तैयारी है और वयस्कों के कैंसर की इलाज की व्यवस्था भी शुरू की जाएगी। कीमोथेरेपी से ही कैंसर के मरीज को ठीक करने का काम किया जाएगा। राज्य के स्वास्थ्य विभाग से भी कुछ जरूरत की चीजों की मांग की गई है।



सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने कहा कि सदर अस्पताल के डेंटल विभाग को अपग्रेड किया जाएगा। इसमें दो प्रकार की एक्सरे मशीन (आरवीजी और फेस एक्सरे) की मशीन लगाई जाएगी।

### जिला स्तर पर होगी चिकित्सकों की नियुक्ति

सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने कहा कि आयुष्मान के तहत चिकित्सकों की नियुक्ति को लेकर विज्ञापन का प्रकाशन किया जाएगा। यह विज्ञापन सदर अस्पताल के स्तर से निकाला जाएगा। चिकित्सकों के चयन के बाद सेवा शुरू कर दी जाएगी।

### नयी बिल्डिंग में जगह चिन्हित

सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार ने बताया कि कैंसर विभाग शुरू करने के लिए जगह चिन्हित कर ली गई है। नई बिल्डिंग के छठे तल्ले पर ओपीडी की सुविधा होगी, जबकि मरीज को सर्जरी के बाद तीसरे और चौथे तल्ले पर भर्ती किया जाएगा। शुरूआत में 6-6 बेड के साथ दो कमरों का वार्ड कैंसर के लिए रिजर्व किया गया है। जैसे-जैसे मरीजों की संख्या बढ़ेगी, बेड भी बढ़ाई जाएगी।

### सर्जरी में परेशानी नहीं, 7 ऑपरेशन थिएटर शुरू

सदर अस्पताल में तीन माह पहले तक मरीजों को सर्जरी के लिए 15-15 दिन बाद का नंबर दिया जाता था, क्योंकि तब एक ही ऑपरेशन थिएटर सदर में फंक्शनल था। लेकिन अब सर्जिकल आंकोलॉजी विभाग के शुरू होने से सर्जरी में कोई परेशानी नहीं होगी। नए भवन के शुरू होने के बाद 7वें तल्ले पर बने सभी 7 ओटी को शुरू किया जा चुका है।

# पिछड़ा वर्ग आयोग की अनुशंसा जल्द लागू करे सरकार : राजेंद्र

**दुमका में आयोजित मूलवासी सदान मोर्चा की बैठक में कई बिंदुओं पर चर्चा**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने शनिवार को दुमका में पिछड़ा वर्ग संघर्ष मोर्चा द्वारा आयोजित सम्मेलन सह विचार गोष्ठी को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि मोर्चा सरकार से पिछड़ी जातियों की जनगणना, उनकी आर्थिक, राजनीतिक, शैक्षणिक स्थिति का सर्वेक्षण और राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग की अनुशंसा लागू करने की मांग कर रहा है। इसके बिना पिछड़ी जातियों को कोई लाभ नहीं मिलने वाला है। उन्होंने कहा कि राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग ने पिछड़ी जातियों को 36% से लेकर 50% तक आरक्षण देने की सरकार से अनुशंसा की है। साथ ही सात जिलों दुमका, लातेहार, खूंटी, गुमला, लोहरदगा व सिमडेगा में ओबीसी का आरक्षण शून्य करने को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। उन्होंने गांव से शहर तक अपनी एकजुटता और शक्ति प्रदर्शन करने की बात कही।

**सम्मेलन में इन बिंदुओं पर हुई चर्चा :** पिछड़ी जातियों की आबादी 55% है. ऐसे में ओबीसी कोटा 27% से बढ़ाया जाये। सवर्ण को 10% मिलने वाले आरक्षण का लाभ झारखंड के सदान समुदाय के सवर्ण को ही मिले। संसद और विधानसभा में प्रतिनिधित्व करने का मौका मिले, यह सभी राजनीतिक दलों की नैतिक जिम्मेवारी हो। संसदीय क्षेत्र और विधानसभा क्षेत्र सहित महापौर इत्यादि जो लंबे समय से आरक्षित है, उसका रोटेशन होना चाहिये। झारखंड में विधानसभा की सीट 81 से बढ़ाकर 160 करने तथा लोकसभा की सीट 14 से बढ़ाकर 28 करने की मांग की गयी। झारखंड में भी विधान परिषद का गठन हो और संयुक्त बिहार में बनी खतियान आधारित नियोजन नीति 3 मार्च 1982 को लागू किया जाये, जो खतियान आधारित हो।

### निशि पांडेय के खिलाफ सीसीए मामले में हाईकोर्ट ने सरकार से मांगा जवाब

**रांची।** गैंगस्टर रहे स्व. किशोर पांडेय की पत्नी निशि पांडेय के खिलाफ क्राइम कंट्रोल एक्ट के तहत पारित आदेश को चुनौती देने वाली क्रिमिनल रिट की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। जिला प्रशासन द्वारा सीसीए के तहत निशि पांडेय को 6 माह तक प्रतिदिन पतरातू थाना इंचार्ज के समक्ष हाजिरी लगाने के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार को प्रति शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने सरकार से पूछा है कि निशि पांडेय खिलाफ सीसीए लगाए जाने से संबंधित क्या केस बनता है। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले की अगली सुनवाई 8 सितंबर निर्धारित की है। इससे पहले प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता विशाल त्रिवेदी ने कोर्ट को बताया कि निशि पांडेय के खिलाफ सीसीए का कोई मामला नहीं बनता है। उनके खिलाफ जो चार केस का जिक्र किया गया है, वह पुलिसकर्मियों द्वारा दर्ज कराया गया है। उसमें से दो केस में वह नामित नहीं है।

# रांची के 28 बच्चों को मिलेगा प्रायोजन देखभाल योजना का लाभ

## स्पॉन्सरशिप फोस्टर केयर अप्रूवल कमेटी की बैठक में लिया गया निर्णय

- उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई बैठक
- प्रतिमाह चार हजार की दर से राशि का होगा भुगतान



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** जिले के 28 बच्चों को प्रायोजन देखभाल योजना (स्पॉन्सरशिप) का लाभ मिलेगा। योजना के तहत प्रति बच्चा प्रतिमाह चार हजार रुपये की दर से राशि का भुगतान किया जायेगा। प्रति बच्चा प्रथम त्रैमासिक अग्रिम के रूप में 12 हजार रुपये की दर से दिया जायेगा। उपायुक्त सह अध्यक्ष स्पॉन्सरशिप फॉस्टर केयर अप्रूवल कमिटि राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में पुनरीक्षित मिशन वात्सल्य योजना के तहत समिति की बैठक में यह तय किया गया। बैठक में सदस्य सचिव जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, रांची सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे। प्रायोजन देखभाल योजना (स्पॉन्सरशिप) मार्गदर्शिका 2018 के अनुसार वित्तीय वर्ष 2023-24 में देखरेख एवं संरक्षण योग्य बच्चों के मामले के समव्यवहार को देखते हुए बाल कल्याण समिति द्वारा 28 बच्चों को सीएनसीपी (देखरेख एवं संरक्षण योग्य) घोषित करते हुए योजना का लाभ देने की अनुशंसा की गयी थी।

**इन्हें मिलेगा योजना का लाभ :** महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग द्वारा जारी संकल्प के तहत प्रायोजन देखभाल योजना (स्पॉन्सरशिप) दिशा निर्देश 2018 के आलोक में 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों (बालक/बालिका) जिनके परिवार की वार्षिक आय 75000 तक हो, बच्चे के माता पिता की मृत्यु हो चुकी हो, माता/पिता द्वारा बच्चे का परित्याग किया गया हो, जो रिश्तेदार के देख-रेख में रह रहे हों, ऐसे बच्चे जिनके माता/पिता किसी गंभीर बीमारी से पीड़ित हों, जिनमें एचआईवी/एड्स/लेप्रोसी एवं शत प्रतिशत दिव्यांगता हो अथवा माता/पिता दोनों कारागृह में हों, बाल विवाह, बालश्रम, बाल तस्करी या अन्य दुर्व्यवहार से प्रभावित बच्चे, जिन्हें पुनर्वास की आवश्यकता है, के जीवन स्तर में सुधार लाने के उद्देश्य से उनकी पोषण, शिक्षा, चिकित्सा एवं विकास संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु उनके परिवार को अनुपूरक सहायता प्रदान किये जाने के प्रावधान है।

## किक बॉक्सिंग प्लेयर ने सचिव पर लगाया मारपीट का आरोप

**रांची।** खेलगांव के मेगा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स के हरिवंश टाना भगत इंडोर स्टेडियम में खेले जा रहे नेशनल किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता के एक खिलाड़ी ने आदित्य कुमार चौरसिया (धनबाद के खिलाड़ी जो मुम्बई में किक बॉक्सिंग की ट्रेनिंग ले रहे हैं) ने झारखंड किक बॉक्सिंग संघ के सचिव विपुल मिश्रा पर जान से मारने की धमकी देने और उनके भाई बिमल मिश्रा पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। आदित्य के मुताबिक, शुक्रवार की रात दस की संख्या में आए लोगों ने उसके साथ मारपीट की। वहीं बिमल मिश्रा ने उसे डंडे से पीटा। उसके मुंह को दबाया और घसीटते हुए स्टेडियम के बाहर ले गए। मामले को लेकर आदित्य ने खेलगांव थाने में शिकायत दर्ज कराया है। इस मामले में जब झारखंड किक बॉक्सिंग संघ के सचिव विपुल मिश्रा ने बात की गई, तो उन्होंने कहा कि इतना संगीन आरोप अगर लग रहा है, तो पहले इसकी जांच हो। उस लड़के की मेडिकल जांच करा लें और मेरे कैरेक्टर के बारे में किसी भी खिलाड़ी से पूछ सकते हैं। खेलगांव पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## घर में ताला तोड़कर चोरी

**रांची।** सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के किशोरगंज रोड नंबर एक में कुणाल सिन्हा के घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। चोरों ने बाउंड्री तोड़कर घर से कैश समेत गहने, जेवरात आदि की चोरी कर ली। चोरों ने घर के बाहर रखी नयी स्कूटी भी चुरा लिया। इस संबंध में कुणाल सिन्हा ने सुखदेवनगर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराया है। घटना के वक्त कुणाल सिन्हा परिवार के साथ बाराचटटी गये थे।

## शादी का झांसा दे कर यौन शोषण, मामला दर्ज

**खूंटी।** मुरहू थाना क्षेत्र के एक नाबालिग आदिवासी लड़की के साथ शादी का झांसा देकर यौन शोषण का मामला सामने आया है। पीड़ित ने महिला थाने में लिखित शिकायत की है। शिकायत में पीड़ित लड़की ने कहा है कि आरोपित शादी का झांसा देकर महीनों तक उसका यौन शोषण करता रहा। जब वह गर्भवती हो गई है, तो वह शादी से इनकार कर रहा है। आरोपित भी नाबालिग है और उसका रिश्तेदार है।

## मामा स्पोर्टिंग रातू और सत्यारी टोली रांची अंतिम आठ में पहुंचे

**रांची।** डॉ. रामदयाल मुंडा क्रीड़ा केंद्र और रूम्बुल के संयुक्त तत्वावधान में चल रही नौवीं पद्मश्री रामदयाल मुंडा चैलेंज ट्रॉफी फुटबॉल प्रतियोगिता के चौथे दिन पहले दौर के सभी मैच समाप्त हुए। इसके साथ ही चितरकोटा एफसी, मेकॉन, बांधगाड़ी एफसी, अर्षित क्लब रांची, एआर रॉयल नगड़ी, राजा स्पोर्ट्स बरियातू, मामा स्पोर्टिंग रातू एवं सत्यारी टोली रांची की टीम अंतिम आठ में पहुंची। रविवार को सभी 8 टीमें सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए भिड़ेंगी।

**जीएफसी गाड़ी होटवार की टीम को 1-0 से हराया :** प्रतियोगिता के चौथे दिन के पहले मुकाबले में मामा स्पोर्टिंग रातू ने जीएफसी गाड़ी होटवार की टीम को 1-0 से हराकर अंतिम आठ में प्रवेश किया। सिंहराय सोरेन ने एकमात्र गोल कर मामा स्पोर्टिंग रातू को जीत दिलाई। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच से नवाजा गया।

## राखी मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** निर्मला कॉन्वेंट हाई स्कूल में रक्षाबंधन के उपलक्ष्य में शनिवार को राखी मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस इस प्रतियोगिता में कक्षा प्री नर्सरी से कक्षा केजी तक के स्टूडेंट्स ने हिस्सा लिया। सभी बच्चों ने रंग-बिरंगे एवं आकर्षक राखियां बनाई। राखियों को बनाने में तरह-तरह की वस्तुओं जैसे रुई, माचिस की तिल्ली, रंग-बिरंगे चावल, रंग-बिरंगे मोती इत्यादि जैसे पदार्थों का उपयोग किया गया। राखी बनाते समय बच्चे बहुत ही उत्साहित मुद्रा में नजर आ रहे थे। कुछ बच्चों के राखियों में देश-प्रेम एवं भाई-बहन के प्रेम का अद्भुत समिश्रण देखने को मिला। उन्होंने केसरिया, हरा एवं सफेद रंग के उन एवं अन्य सामग्रियों की मदद से काफी आकर्षक राखी बनायी। प्रिंसिपल विजय कुमार शर्मा ने कहा कि विद्यालय में इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने का उद्देश्य बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा को निकालकर उनकी क्रियात्मक कौशल का विकास करना है। इसके साथ बच्चों के अंदर भारतीय संस्कृति से जुड़ी परंपराओं एवं नैतिकता का बोध कराना है। वाइस प्रिंसिपल शिल्पी रानी ने सभी छात्र-छात्राओं द्वारा किये गये कार्य की सराहना की। अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्टूडेंट्स प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय को विद्यालय सचिव सीमा शर्मा ने पुरस्कृत किया। मौके पर विद्यालय के शिक्षक- शिक्षिका मोनीबाला शर्मा, पमिता कच्छप, विभा कुमारी, निधि कुमारी, शिवानी कुमारी सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं स्टूडेंट्स उपस्थित थे।

# वाइबीएन विश्वविद्यालय में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन-2023 शुरू



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** वाईबीएन विश्वविद्यालय में शनिवार से दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन-2023 का शुभारंभ हुआ। सम्मेलन का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। बता दें कि बहुविषयक अनुसंधान को पुनः आकार देने में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की भूमिका पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन-2023 का आयोजन कंप्यूटर विज्ञान और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग और वाईबीएन विश्वविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन सेल (आईक्यूएसी) द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। सम्मेलन का उद्देश्य विद्वानों, शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों और उद्योग के पेशेवरों को बहु-विषयक अनुसंधान को नया आकार देने में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की भूमिका से संबंधित अपनी अंतर्दृष्टि, शोध निष्कर्ष और नवीन विचारों को साझा करने के लिए एक मंच प्रदान करना है। आज होने वाला सम्मेलन वाईबीएन विश्वविद्यालय के मल्टीपर्पज हॉल में ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों भागीदारी विकल्पों के साथ मिश्रित मोड में होगा। वहीं पहले दिन शनिवार को सम्मेलन में करीब 140 शोधार्थियों ने भाग लिया। सम्मेलन संयोजक डॉ अखिलेश कुमार हैं।

सम्मेलन में मुख्य अतिथि डॉ. एके नायक, प्रोफेसर सुभाष चंद्र यादव, प्रो. धर्म सिंह जाट, डॉ. पुष्पेंद्र कुमार ने अपने अनुभव को साझा किया। मौके पर वाईबीएन विश्वविद्यालय के कुलाधिपति वैद्यनाथ यादव, चेयरमैन डॉ रामजी यादव, मुख्य कार्यकारी अधिकारी इंजीनियर दीपक कुमार, कुलपति प्रोफेसर डॉ. एसपी यादव, कुलसचिव प्रोफेसर डॉ. श्रीरमन दुबे, डॉ आशीष सरकार निदेशक आईक्यूएसी, एचआर डायरेक्टर अरविंद यादव, सम्मेलन संयोजक डॉ अखिलेश कुमार, सुधीर यादव सभी संकाय के डीन और एचओडी एवं के अलवा सभी संकाय के डीन, एचओडी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### नीरजा सहाय डीएवी स्कूल में सावन मिलन



**रांची।** नीरजा सहाय डीएवी पब्लिक स्कूल में शनिवार को हर्षोल्लास के साथ सावन मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या किरण यादव संग सभी शिक्षिकाओं ने भाग लिया। सावन की फुहारों के साथ शिक्षिकाओं द्वारा सामूहिक गान प्रस्तुत किया गया। मस्ती से भरा नृत्य श्वेता सुमन ने प्रस्तुत किया। तदुपरांत सभी शिक्षिकाओं ने इठलाते हुए रैंप वॉक किया वरीय शिक्षिका घटा गिरी ने स्वरचित कविता एवं मुग्धा द्वारा एकल गायन प्रस्तु किया गया। सभी ने फन गेम का भी लुत्फ उठाया। अंत में विद्यालय की प्राचार्या किरण यादव ने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह के आयोजन मन में एक नई ताजगी का संचार करते हैं। इस अवसर पर विद्यालय की पूर्व शिक्षिका श्रीमती सरिता बल्लभ सावन क्वीनघोषित हुईं। कार्यक्रम में मंच संचालन सुनीता साओ ने किया।

### संत जेवियर्स कॉलेज के छात्रों ने सीखे फोटोग्राफी के गुर



**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज रांची के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा शनिवार को विभाग के प्रीव्यू हॉल में फोटोग्राफी विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया। सेमिनार में मुख्य अतिथि के तौर पर मनीष अग्रवाल उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए मुख्य अतिथि ने विभाग के विद्यार्थियों के साथ अपने 30 साल के फोटोग्राफी दुनिया का तजुर्बा साझा किया। उन्होंने कैमरा और उसके लेन्सेस की उपयोगिता को समझाते हुए एक्सपोजर ट्रायंगल अपर्चर, शटर स्पीड व आईएसओ की बारीकियों को बताया। इसे पूर्व विभाग के विभागाध्यक्ष संतोष कीड़ो ने अतिथियों का स्वागत किया। मौके पर आलोक रंजन, संजय मंडल एवं अन्य प्राध्यापक गण व सोनी कंपनी के भूषण, सरफराज और विद्यार्थी मौजूद थे।

### नवोदय विद्यालय देश के उत्कृष्ट विद्यालयों में एक : पाठक



**रांची।** स्थानीय जवाहर नवोदय विद्यालय मेसरा में शनिवार को दो दिवसीय शैक्षणिक पैनल इंस्पेक्शन का शुभारंभ सहायक आयुक्त, नवोदय विद्यालय पटना संभाग एसएन पाठक ने किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय के शैक्षणिक क्रियाकलापों के अतिरिक्त पुस्तकालय, खेलकूद, सभी प्रयोगशाला, भोजनालय, एनसीसी, स्काउट एवम गाइड, छात्राओं का बैंड ग्रुप, छात्रावास,कार्यालयीय दस्तावेजों आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण टीम में वीके पांडे, प्राचार्य जेएनवी हजारीबाग, पीके शुक्ला, प्राचार्य, जेएनवी गुमला, अवनींद्र सिंह, सेवानिवृत्त प्राचार्य एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय चिलदाग शामिल थे। सभी सदस्यों ने डॉक्टर आदित्य कुमार झा, प्राचार्य एवं संबंधित सभी स्टाफ सदस्यों के कार्यों एवम अच्छी उपलब्धियों की भूरी-भूरी प्रशंसा की।

### पंजाबी भवन में अमृतवाणी पाठ का आयोजन



**रांची।** जाबी हिंदू बिरादरी की महिला मंच द्वारा शनिवार को पंजाबी भवन,लाला लाजपत राय पथ में अमृतवाणी पाठ का आयोजन किया गया। पाठ में समाज की सभी महिलाएं उपस्थित थी। ये जानकारी देते हुए मंच की महासचिव बबिता खन्ना ने बताया कि पाठ में गाए भजनों का लगभग 50 महिलाओं ने पूरी तन्मयता से आंनद उठाया। उन्होंने बताया कि बिरादरी में इस कार्यक्रम को कोरोना की वजह से तीन साल बाद पुनः आयोजित किया गया है .जिसे अब फिर से मासिक तौर पर नियमित रूप से किया जाएगा। पाठ की प्रभारी पिंकी जैरथ और डॉली भाटिया ने बताया कि तीन वर्षों बाद प्रारंभ हुए पाठ में महिलाओं द्वारा बड़ी तादाद में उपास्थित होने से महिला मंच का काफी उत्साहवर्धन हुआ है।

### कई बीएलओ शिक्षक साइबर ठगी के हुए शिकार



**रांची।** झारखंड प्रदेश संयुक्त शिक्षक मोर्चा के संयोजक विजय बहादुर सिंह, अमीन अहमद एवं प्रदेश प्रवक्ता अरुण कुमार दास ने शनिवार को बताया कि विभिन्न विद्यालयों में पदस्थापित प्राथमिक शिक्षक जिन्हें मतदाता पुनरीक्षण कार्य हेतु बीएलओ का अतिरिक्त कार्य भार दिया गया है, उन्हें बीएलओ कार्य के दौरान कई शिक्षक शिक्षिकाओं को राज्य के निर्वाचन पदाधिकारी बनकर फोन करके उनके कार्यों की समीक्षा एवं उन्हें कड़ा निर्देश देते हुए एक ऐप डाउनलोड करवा कर साइबर ठगी का शिकार बनाते हुए उनके खाते से पैसे की ठगी कर ली गई है। इस संबंध में जो बीएलओ शिक्षक एप डाउनलोड करने में असमर्थ होते दिखे उन्हें गंदी गंदी गालियां देकर फोन डिस्कनेक्ट कर लिया गया इस संबंध में बीएलओ शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के द्वारा झारखंड प्रदेश संयुक्त शिक्षक मोर्चा को शिक्षकों ने इसकी सूचना दी। जिसके बाद शिक्षकों ने साइबर थाना में शिकायत दर्ज करायी।

## अल्प आय वर्ग के 52 % शहरी उपभोक्ताओं की आय का स्तर बढ़ा : एचसीआईएन

**रांची।** होम क्रेडिट इंडिया (एचसीआईएन) अग्रणी वैश्विक कंज्यूमर फाइनेंस प्रदाता कंपनी की स्थानीय शाखा ने अपने दूसरे आंतरिक वार्षिक उपभोक्ता सर्वे का पहला संस्करण दि इंडियन वालेट स्टडी 2023: उपभोक्ताओं के वित्तीय व्यवहार व उनके कल्याण के प्रति समझ को लेकर जारी किया है। इस स्टडी के अनुसार शहरी व अर्ध शहरी अल्प आय वर्ग के उपभोक्ताओं में अर्थव्यवस्था को लेकर खासा उत्साह है। जैसा कि अर्थव्यवस्था की वृद्धि हो रही है तो अल्प आय वर्ग के 52 फीसदी शहरी उपभोक्ताओं की आय का स्तर बढ़ा है और 76 फीसदी को उम्मीद है कि आने वाले वर्ष में उनकी आय बढ़ेगी, जबकि 64 फीसदी बेहतर बचत की अपेक्षा कर रहे हैं। हालांकि आय में वृद्धि के बाद भी गैर जरुरी खर्चों को लेकर उपभोक्ता अधिक सजग हैं और 70 फीसदी का कहना है कि इस तरह के खर्च या तो परिवर्तित नहीं हुए हैं या बीते साल घट गए हैं। इस अध्ययन का उद्देश्य शहरी व अर्ध शहरी क्षेत्रों में अल्प आय वर्ग के उपभोक्ताओं की वित्तीय आदतों व भावनाओं को व्यापक रुप से समझना रहा है। दि इंडियन वालेट स्टडी दिल्ली एनसीआर, मुंबई, कोलकाता, बंगलौर, हैदराबाद, भोपाल, पटना, रांची, अहमदाबाद, चंडीगढ़, चेन्नई, देहरादून, जयपुर, लखनऊ, लुधियाना, कोच्चि और पुणें सहित 17 शहरों में दो लाख रुपये पांच लाख रुपये तक की सालाना आमदनी वाले 18 से 55 साल के आयु वर्ग के ऋण लेने वाले लगभग 2200 लोगों के रैंडम सर्वे का नतीजा है।

# संत थॉमस स्कूल के 50 साल पूरे होने पर समारोह का आयोजन





**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** संत थॉमस स्कूल, धुर्वा में शनिवार को विद्यालय की स्वर्णजयंती समारोह मनाया गया। मुख्य अतिथि हिज गेस राइट रेव हॉ, यूयाकीस मार कूरिलॉस सैफागन मेट्रोपोलिटन उपस्थित हुए। मौके पर मुख्य अतिथि के साथ विद्यालय के प्रधानाचार्य रेव डॉ एम ओ उमेन जूनियर, उप प्रधानाचार्या सूजन ऊमेन, एमटीई एस के सदस्य, विद्यालय के सेवानिवृत्त शिक्षकगण एवं अभिभावकगण भी मौजूद थे। प्रधानाचार्य रेव डॉ. एम. ओ. उमेन ने स्वागत भाषण के बाद विद्यालय की उपलब्धियों की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की।

उपप्रधानाचार्या सूजन क्रमेन ने अभिनंदन-संदेश दिया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापक-अध्यापिकाओं एवं विद्यार्थियों ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि ने सत थॉमस स्कूल धुर्वा के पचास वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में शुभकामनाएँ देते हुए विद्यालय एवं विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## एसआर डीएवी पुंदाग में छात्र परिषद का गठन



**रांची।** एस. आर. डी. ए. वी. पब्लिक स्कूल, पुंदाग में बाल छात्र परिषद का गठन शनिवार को किया गया। कक्षा द्वादश के संचित अर्क ने हेड ब्वॉय तथा अंजलि कुमारी गिरि ने हेड गर्ल के रूप में शपथ ली। साथ ही कक्षा एकादश के अक्षत ओझा ने डिप्टी हेड ब्वॉय तथा अभीप्सा हाजरा ने डिप्टी हेड गर्ल के रूप में शपथ ली। इनके साथ-साथ दयानंद , हंसराज, श्रद्धानंद तथा विवेकानंद हाउस के कैप्टन कक्षा द्वादश प्रियांशु चंद्र, आकर्ष अर्श, आदित्य राज-1, आदित्य राज 2, सुरुचि सिंह, शानवी सिन्हा,वंशिका तथा अनुप्रिया बनाई गईं। वहीं कक्षा एकादश के रोनित सिंह, सत्यम कुमार, सुयश राज, अनुनय कुमार गुप्ता, वैष्णवी, आकांक्षा झा, विलाला प्रियंका तथा रिया शर्मा को वाइस कैप्टन का शपथ दिलायी गयी। कक्षा द्वादश की राशि सिंह ने कल्चरल सेक्रेटरी तथा एकादश के हर्ष राज मुंडा, राहुल पतर तथा अनुष्का अधिकारी ने डिप्टी कल्चरल सेक्रेटरी का पदभार संभाला।

# जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन की चौथी जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता शुरू



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के तत्वावधान में शनिवार को चौथी जिला स्तरीय योग प्रतियोगिता की शुरूआत हुई। सांसद संजय सेठ, मनराखन महतो, संजय सिंह अध्यक्ष योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन, रेखा नायडू प्रिंसिपल मनन विद्या मनराखन महतो स्कूल, ईश्वर चंद संरक्षक ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का आरंभ किया। मौके पर विशिष्ट मुख्य अतिथि योगासन भारत के जनरल सेक्रेटरी डॉक्टर जयदीप आर्या ने ऑनलाइन के माध्यम से संदेश दिए। स्वागत भाषण संतोषी कुमारी और स्वास्तिक उच्चारण डॉ एस के घोषाल ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत सांस्कृतिक कार्यक्रम, नागपुरी पारंपरिक नृत्य एवं एरियल योगा डांस प्रस्तुत किया गया। पहले दिन प्रतियोगिता चार स्तर पर की गई। जिसमें सिनियर ए 18+ से 28 वर्ष तक, सीनियर बी 28+ से 35 वर्ष तक, सीनियर 35+ से 45 और 45+ से 55 वर्ष तक के उम्र के सभी प्रतिभागी शामिल हुए और इसमें आर्टिस्टिक योगासन सिंगल, आर्टिस्टिक योगासन पेयर, राइथिमक योगासन पेयर, ट्रेडिशनल इंडिविजुअल योगासन किया गया। कार्यक्रम में संतोषी कुमारी जिला सचिव, आर्य प्रहलाद भगत आयोजन सचिव, डॉ एसके घोषाल, कोषाध्यक्ष शंकर राणा तकनीकी निदेशक राहुल रंजन कंप्यूटर तकनीकी, चैताली मुखर्जी, अम्या अंशु,सोनाली, पूजा सिंह, पवन झा, विकास गोप,विजय कुमार यादव, ऋषि रंजन ऋषि रंजन, प्रगति दुबे, कोमल कुमारी दयानंद कुमार, प्रशांत कुमार सिंह, प्रगति, संजय कुमार पुर्वी , काली दस तिवारी, बजरंग प्रसाद, ममता कुमारी, मधु प्रधान, सुजीत कुमार आदि मुख्य रूप से उपस्तित हुए।

# संविधान के लोकतांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष व फेडरल चरित्र की हर स्थिति में रक्षा करनी होगी : पीवी सुरेंद्रनाथ

## ऑल इंडिया लॉयर्स यूनियन का चौथा झारखंड राज्य सम्मेलन संपन्न



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** संविधान, लोकतंत्र और भारतीय गणराज्य के फेडरल चरित्र पर आज खतरा मंडरा रहा है। संविधान के लोकतांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष और फेडरल चरित्र की हर स्थिति में रक्षा करनी होगी। भारतीय दण्ड संहिता, कोड आफ क्रिमिनल प्रोसीजोर तथा इंडियन एवीडेंस एक्ट की जगह लेने के लिए संसद में तीन विधेयकों को पेश किया गया है। ये विधेयक, गृह मंत्रालय द्वारा वर्ष 2020 में गठित की गई एक कमिटी की सिफारिशों के आधार पर तैयार किए गए हैं। गृहमंत्री ने संसद में इन कानूनों को पुराना बताकर बदलने की बात की है। अब इनके नाम क्रमशः भारतीय न्याय संहिता विधेयक, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता विधेयक और भारतीय साक्ष्य विधेयक है। इससे भारी भ्रम की स्थिति पैदा हो रही है। उसी प्रकार विधि आयोग ने जिसे पिछले दिनों अप्रासंगिक बताया था अब सरकार के इशारे पर वही विधि आयोग समान नागरिक संहिता पर पब्लिक डोमेन में प्रारुप डालकर लोगों की राय मांग रहा है। यह बात शनिवार को एआइएलयु के झारखंड राज्य सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता पीवी सुरेंद्रनाथ ने कही। उन्होंने कहा कि पूरे देश में 40 लाख अधिवक्ता इनराल हैं जबकि उनमें से करीब 25 लाख वकील विभिन्न न्यायालयों में प्रैक्टिस करते हैं। उनकी कई पेशागत समस्याएं हैं जिस पर एआइएलयु को हस्तक्षेप करना चाहिए। सम्मेलन को संगठन के कोषाध्यक्ष और दिल्ली हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल चौहान तथा कोलकाता हाई कोर्ट के वरिष्ठ एडवोकेट चित्तरंजन चक्रवर्ती ने भी संबोधित किया। सम्मेलन का स्वागत वक्तव्य पूर्व विधायक अब्दुल हाकिम ने दिया। मौके पर एआइएलयु के राज्य महासचिव एम. चौधरी ने सम्मेलन में पिछले दिनों की गतिविधियों और सांगठनिक कार्यों की रिपोर्ट रखी। जिस पर 47 प्रतिनिधियों ने अपने सुझाव दिए, बाद में इन सुझावों को शामिल करते हुए रिपोर्ट को सर्वसम्मति से पारित किया गया। सम्मेलन में 24 जिलों के 37 न्यायालयों में से 19 जिलों के 28 न्यायालयों के 257 एडवोकेट प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। प्रतिनिधियों में बड़ी संख्या में महिला एडवोकेट, ला स्टुडेंट और ला शिक्षक भी शामिल थे। सम्मेलन के अंत में सर्वसम्मति से 45 सदस्यीय राज्य कमिटी का निर्वाचन किया गया। जिसमें एन. के. पी. सिन्हा को अध्यक्ष, एम. चौधरी को महासचिव और संतोष प्रकाश को कोषाध्यक्ष चुना गया।

स्पीड न्यूज

## दुग्ध शीतक केंद्र की चहरदीवारी गिरी

**बुंडू।** बुंडू के ब्लॉक रोड स्थित दुग्ध शीतक केंद्र की चहरदिवारी दीवाल गिरकर ध्वस्त हो गया है। जानकारी के अनुसार पिछले कई दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण यह चारदीवारी के रोड किनारे के दीवाल गिर गया है। ज्ञात हो इस चारदिवारी का निर्माण पिछले 10 वर्ष पूर्व किया गया था। स्थानीय लोगों का कहना है कि घटिया निर्माण होने के कारण यह चार दिवारी गिर है।

## गेतलसूद में अखंड हरिकीर्तन आज से

**सिकिदिरी।** गेतलसूद स्थित शिव मंदिर में रविवार से दो दिवसीय अखंड हरिकीर्तन सह कलश यात्रा को लेकर चल रही तैयारी पूरी कर ली गई। रविवार की सुबह में 301 महिलाएं कलश यात्रा में शामिल होंगी। साथ ही दोपहर से 24 घंटा का अखंड हरिकीर्तन, रामायण पाठ व हवन शुरू होगा। 28 अगस्त को दोपहर में पूणाहूति व भंडारा के साथ इस धार्मिक अनुष्ठान का समापन हो जाएगा।

## मेहंदी प्रतियोगिता में छात्राओं ने लिया हिस्सा

**तमाड़।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर तमाड़ में शनिवार को मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में कुल 34 छात्राओं ने भाग लिया, जिसमें निशा कुमारी, सुष्मिता कुमारी, निशा कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता को सफल बनाने में आचार्या ममता देवी, संगीता भारती, बबीता देवी, रूपा शेखर, गीता कुमारी ने मुख्य भूमिका निभाई। विद्यालय के प्रधानाचार्य लखन लाल करमाली, वरिष्ठ आचार्य अभय कुमार मुखर्जी, सोहना रविदास, मिहिर कुमार मोदक, गुरुपद गोस्वामी, निमाई चंद्र गोस्वामी, देवाशीष मलिक, तरुण अवस्थी, शशि भूषण महतो, कैलाश महतो इन सभी ने प्रतिभागी बच्चों को बधाई व शुभकामनाएं दिए।

## फरार वारंटी के आवास पर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**पिपरवार।** पिपरवार थाना मे कई मामलों में विगत 5 वर्ष से फरार चल रहे वारंटीयों के खिलाफ पिपरवार पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में अभियुक्त उमेश यादव के आवास पर नही पाए जाने पर पिपरवार पुलिस ने इश्तिहार चिपकाया। थाना प्रभारी ने कहा कि कई मामलों में वह नामजद है और वर्ष 1989 से फरारचल रहा है।

सुभाष मुंडा हत्याकांड : हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग, आंदोलन की दी चेतावनी

# कैंडल मार्च निकाल माकपा ने की आक्रोश सभा

### कटहल मोड़ से दलादिली तक निकला कैंडल मार्च

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू/पिस्कानगड़ी।** माकपा नगड़ी इकाई के सचिव और प्रमुख मधुआ कच्छप की अगुआई में कार्यकर्ताओं ने शनिवार की शाम कटहल मोड़ से सुभाष मुंडा चौक, दलादिली तक कैंडल मार्च निकाला। इस दौरान लाल सलाम के नारे लगाये गये। वह शहीद मुंडा के हत्यारों को गिरफ्तार करने की मांग कर रहे थे। आक्रोश सभा में जिला सचिव सुखनाथ लोहरा, राज्य कमेटी सदस्य सुरेश मुंडा, प्रकाश टोप्पो, रातू लोकल कमेटी के सचिव बुधराम उरांव, झारखंड ट्राइबल एडवोकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष मनसाराम लोहरा, ईरमा सुसाना तिर्की, अमित मुंडा व महेश मुंडा आदि ने अपनी बातें रखी। उन्होंने सुभाष मुंडा की हत्या के एक माह पूरे होने के बावजूद शूटरों व हत्याकांड के राजनीतिक और आपराधिक साजिशकर्ताओं की गिरफ्तारी नहीं होने पर पुलिस को आड़े हाथों लिया। वक्ताओं ने हत्यारों की अविलंब गिरफ्तारी नहीं होने पर चरणबद्ध आंदोलन की चेतावनी दी और 13 सितंबर को जिला मुख्यालय में विरोध-प्रदर्शन करने का ऐलान किया।



कैंडल मार्च में शामिल माकपा कार्यकर्ता।

### इन्होंने कार्यक्रम में लिया हिस्सा

शंकर उरांव, बिगल उरांव, समीउल्लाह मंसुरी, बिरसा मुंडा, ललित मुंडा, सुरेश गोप, महादेव उरांव, अजय मुंडा, हबीब मंसुरी, रामभरोस महतो, भविस मुंडा, संजू मुंडा, अंजली मुंडा, बरखा मुंडा, संगीता मुंडा, अंजना मुंडा, छोटन देवी, उषा उरांव, करमीश मुंडा, पिंकी देवी, आशा मुंडा, गुलाइन उरांव, निधि मुंडा, मरियम लकड़ा, ललिता मुंडा, कंचन मुंडा, उषा उरांव, बबीता मुंडा व विनिता मुंडा आदि।

### लालगुटवा रिसोर्ट में राष्ट्रीय आदिवासी समिट

**पिस्कानगड़ी।** कटहल मोड़ स्थित लालगुटवा रिसोर्ट में दो दिवसीय राष्ट्रीय आदिवासी समिट में 12 राज्यों के आदिवासी बुद्धिजीवी एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित हुए। यह कार्यक्रम समान नागरिक संहिता, मणिपुर हिंसा एवं देश के विभिन्न भागों में आदिवासियों के प्रति हो रहे जुल्म, अत्याचार को रोकने, आदिवासियों के लिये सरना धर्म कोड देने सहित आवाज बुलंद करने को लेकर आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते सरना धर्म गुरु बंधन तिग्गा ने कहा कि आदिवासियों के हित में अनेक कानून रहते हुए भी शोषण किया जा रहा है। जल-जंगल-जमीन लूटा जा रहा है। विभिन्न प्रदेशों से आये बुद्धिजीवी और कार्यकर्ता मिलकर उपरोक्त समस्या का समाधान करेंगे। मौके पर झारखंड, छत्तीसगढ़, गुजरात, इंदौर, उत्तर प्रदेश, असम, महाराष्ट्र, बिहारके प्रतिनिधि शामिल हुए।

## समझौते के बाद ही सड़क निर्माण के लिए जमीन देंगे रैयत



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** पथ निर्माण विभाग झारखंड सरकार की ओर से हाल ही में लगभग 10 करोड़ की लागत से सेंट्रल यूनिवर्सिट तक सड़क निर्माण कराए जाने की बात कहीं गई थी, लेकिन केंद्रीय विश्वविद्यालय आदिवासी विस्थापित परिवार समिति ने राज्य सरकार, विश्वविद्यालय प्रशासन और उनके बीच इसको लेकर एकरारनामा किये बिना सड़क निर्माण और कैंपस के लिए अपनी जमीन नहीं देने का निर्णय लिया है। समिति की ओर से मांग पत्र भू राजस्व सचिव, झारखंड सरकार को भेज दिया गया है। साथ ही समिति के सदस्यों ने एक साइन बोर्ड भी लगा दिया है। इसमें साफ तौर पर लिखा गया है कि संयुक्त राष्ट्र संघ घोषणा पत्र के नियमावली अनुच्छेद 1 से 46 के तहत सीयूजे और समिति के बीच एकरारनामा होने पर ही सड़क या कैंपस के लिए जमीन दी जाएगी।

### पहले से हैं दो रास्ते

समिति के अध्यक्ष महावीर मुंडा तथा सचिव तुलसी मुंडा ने कहा कि सेंट्रल युनिवर्सिटी जाने के लिए मनातू गांव और आइटीबीपी की ओर सेअलग-अलग दो सड़क पहले से है। ऐसे में नई सड़क के निर्माण के लिए जमीन का अधिग्रहन उचित नहीं है।

## झारखंड की संस्कृति जानने पैदल यात्रा पर निकला युवक

खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** झारखण्ड के 24 जिलों की कला संस्कृति व हर जिले का इतिहास को जनाने व लोगो तक पहुँचने के लिए बोकारो के नवयुवक पैदल यात्रा के लिए निकले। युवक आर यू गुप्ता ने झारखण्ड के पूरे 24 जिलों का पैदल भर्मण करके उक्त जिलों का व गांव की कला संस्कृति जानने और लोगो को बताने का कार्य करेंगे। इस बारे में युवक ने कहा कि बोकारो के जैना मोड़ का हूँए वहां से 18 दिसंबर 2022 को निकला हूँए अब तक 10 जिले का भृमण पूरा हो गया है। इस दौरान घूमते घूमते खलारी पहुँचे हैएइसके बाद मैक्लुस्कीगंज पहुँचूंगाए और हर क्षेत्र का रहन सहन का आत्मसात कर रहा हूँ। हट जिला तोला में कोई न कोई कला व संस्कति छुपी रहती है। जो कि जिला व गांव से बाहर नही दिखती है।उन कला संस्कति को उक्त स्थान से बाहर निकाल कर लोगो को बताया जाय और विकास हो सके। हर जगह का अलग अलग कला संस्कति रहती है। जो कि जानने व बताने की जरूरत है। लोग जान जाएंगे तो टूरिजम के लिए आएंगेएऔर क्षेत्र का विकास होगाए विकास होगा तो पलायन रुकेगा।

## बचरा के दो पार्कों में जिम का उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता

**पिपरवार।** आवासीय क्षेत्र बचरा में स्थित दो पार्कों में पिपरवार महाप्रबंधक सीबी सहाय ने दो ओपन जिम का विधिवत पूजा पाठ एवं फीता काटकर उद्घाटन किया गया। जिन दो स्थानो पर ओपन जिम का उद्घाटन किया गया उसमें डीएवी बचरा के सामने स्थित पार्क एवं बसंत विहार कालोनी स्थित पार्क शामिल है। मौके पर युनियन प्रतिनिधि जनप्रतिनिधि के साथ सीसीएल के अधिकारी मौजूद थे। बचरा में दो ओपन जिम का की सुविधा देने पर युनियन प्रतिनिधियों सहित क्षेत्र के लोगों ने सीसीएल प्रबंधन का आभार प्रकट किया है। युनियन प्रतिनिधियों में इस्लाम अंसारी रवीन्द्रनाथ सिंह भीम सिंह यादव मुंद्रिका प्रसाद ने महाप्रबंधक सीबी सहाय को धन्यवाद देते हुए कहा कि क्षेत्रीय सलाहकार समिति द्वारा इस ओपन जिम के लिए कई बरसों से मांग की जा रही थी जो अब जाकर पुरी हुई है। महाप्रबंधक सीबी सहाय ने कहा कि इस ओपन जिम से छोटे बच्चे से लेकर बड़े लोगों के आवश्यकता के अनुसार सेट लगाया गया है जिसपर लोग व्यायाम कर सकेंगे। मौके पर महाप्रबंधक सीबी सहाय कार्मिक विभाग के विभागाध्यक्ष आलोक मनीष सोय कार्मिक प्रबंधक रवि बाड़ा शिशिर गर्ग बाबुन सरकारए क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी अरुण कुमार महतोए स्टाफ आफिसर एम एंड एम डीके राय मौजूद थे।


बचरा पार्क में ओपेन जिम का उद्घाटन करते जीएम।

समाहरणालय, चतरा।
(पर्यटन, कला–संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा)
Gmail - sport.chatra@gmail.com
आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय का ज्ञापांक–150/खेल दिनांक–01.03.2023 के द्वारा चतरा जिलान्तर्गत प्रस्तावित क्रीड़ा क्रीसलय केन्द्र हेतु प्रशिक्षक, सुरक्षा प्रहरी एवं सफाई कर्मी पद पर अस्थायी नियुक्ति (दैनिक पारिश्रमिक अथवा विभाग द्वारा अनुमादित मानदेय पर) हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया था जिसकी विवरणी निम्न है:–

| क्रमांक | स्थान | पदनाम | पदों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 01 | इंडोर स्टेडियम, चतरा एवं जलछाजन भवन, चतरा | बेडमिंटन प्रशिक्षक | 01 |
| | | टेबल टेनिस प्रशिक्षक | 01 |
| | | सुरक्षा प्रहरी | 04 |
| | | सफाई कर्मी | 04 |

अतएव इस कार्यालय का ज्ञापांक–150/खेल, दिनांक–01.03.2023 के आलोक में प्रकाशित विज्ञापन संख्या **PR 291674 Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs (22-23)#D** को अपरिहार्य कारणो से निरस्त की जाती हैं।

जिला क्रीड़ा पदाधिकारी,
चतरा।

PR 305658 Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs (23-24)D

## चाइल्ड हार्ट सेंटर में मना स्वतंत्रता दिवस पखवाड़ा

### 100 कोरोना वॉरियर्स सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** लिटिल हार्ट न्यू बोर्न एंड चाइल्ड हार्ट सेंटर अशोक नगर की ओर से शनिवार को 77वीं स्वतंत्रता दिवस पखवाड़ा मनाया गया। समारोह में संस्थान ने कोविड-19 महामारी में अपने जानमाल की परवाह किये बगैर जन सामान्य को सोशल डिस्टेंस का पालन करते हुये आम स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने वाले 100 वॉरियर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किये गये। इस दौरान अस्पताल के प्रोपराइटर डॉ सत्यजीत शर्मा ने ग्रामीण चिकित्सक और कर्मियों को स्वास्थ्य का गुर सिखाया। दवाइयों से होने वाले साइड इफेक्ट की जानकारी दी। डॉ पूजा ने कहा कि डायग्नोसिस के जरिये रोग की पहचान और उसके बाद ही उपचार पर जोर दिया। ब्रजेश शर्मा ने अपने संचालन भाषण में चिकित्सा कर्मियों से संगठित होकर काम करने की बात कही। धन्यवाद ज्ञापन मृत्युंजय शर्मा ने किया। आशुतोष शर्मा ने विषय प्रवेश कराया। मौके पर डॉ स्पंदनचंद्र, डॉ एसएन मिश्र, डॉ बीके शर्मा, डॉ कृष्ण कुमार, दिनेश सिंह, मुनेश कुमार, अरुण कुमार, विनय कुमार राय, शशिकांत सिंह, श्रीकांत व अभिषेक मिश्र आदि मौजूद थे।



## हनुमत और शिव मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गई कलश यात्रा

**ओरमांझी।** प्रखंड क्षेत्र के हुटुप में नवनिर्मित श्रीश्री 108 पंचमुखी हनुमत एंव शिव मंदिर की प्राणप्रतिष्ठा को लेकर शनिवार को महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा मंदिर परिसर से स्वर्ण रेखा नदी हुटुप जलाशय तक गई। इस दौरान बाजेगाजे से कलश यात्रा में शामिल ग्रामीण बोल-बम व जय हनुमान की जयकारा लगा रहे थे। जलाशय में पंडित आदित्य मिश्रा व सहयोगियों द्वारा मंत्रोचारण कर विधिवत मुख्य पुजारी राधाचारण सिंह, गोविंद सिंह, सरजू सिंह, राघो सिंह, विनोद सिंह सहित सभी महिलाओं के कलश में जल भरवाया गया। कलश यात्रा में शामिल पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने कहा कि श्रावण माह भगवान शिव की आस्था का माह है। वहीं पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, रमेश महतो, मंटू सिंह, ललित सिंह, सुमित सिंह, राहुल सिंह, भोला सिंह, शेखर सोनी, करण सिंह, अर्जुन सिंह, पिंटू सिंह, आकाश महतो, संदीप सिंह, सीताराम महतो, रोबिन सिंह, खिरमोहन सिंह, दयासागर सिंह महिलाओं के साथ ग्रामीण शामिल थे।

झारखण्ड सरकार
कार्यालय नगर पंचायत, बुण्डू(रॉंची)
ई–मेल – nagarpanchayatbundu@gmail.com पता–ब्लॉक कैम्पस, ब्लॉक रोड, बुण्डू
ज्ञापांक–दिनांक–

आम सूचना

एतद् द्वारा नगर पंचायत, बुण्डू क्षेत्र अंतर्गत आम नागरिकों एवं सभी नलकुप एजेंसियों को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत, बुण्डू क्षेत्र अंतर्गत बिना अनुमति / अनुज्ञप्ति के नलकुप बोरिंग करते पकड़े जाते हैं तो झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम 2011 के सुसंगत धाराओं के तहत गैरकानूनी एवं दण्डनीय होगा।

कार्यालय ज्ञापांक– 650 दिनांक– 24.06.2023 के माध्यम से बोरवेल एजेंसियों को निबंधन (रजिस्ट्रेशन) कराने हेतु आम सूचना अखबार में प्रकाशित है।

यदि कोई नागरिक / बोरवेल एजेंसी कार्यालय नगर पंचायत, बुण्डू से बिना अनुमति / अनुज्ञप्ति प्राप्त किये नलकुप बोरिंग कराते पकड़े जाते हैं तो उस पर 5000/– से 10000/– रूपया तक दण्ड शुल्क कार्यालय नगर पंचायत, बुण्डू में देय होगा।

नोट:– शेष शर्तें कार्यालय नगर पंचायत, बुण्डू से प्राप्त किया जा सकता है।

प्रशासक
नगर पंचायत, बुण्डू

PR 305635 Urban Development(23-24)D

## मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं मैक्लुस्कीगंज के बिरहोर : रंथू

**खलारी।** रोजगार व मूलभूत सुविधाओं से वंचित है मैक्लुस्कीगंज में रह रहे आदिम जनजाति समुदाय के बिरहोर उक्त बातें आज निरिक्षण के क्रम में झामुमो सह आदिवासी नेता रंथु उरांव ने कहा। झामुमो सह आदिवासी नेता रंथु उरांव ने खलारी प्रखण्ड के अंतर्गत लपरा पंचायत के महुआटांड़ बिरहोर टोला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने देखा कि कई लोग गंभीर बीमारी से ग्रसित है। उचित ईलाज के अभाव में दयनीय हालात में जीवन यापन कर रहे है। उन्होंने बताया बिरहोर टोला में चारों तरफ गंदगी फैली हुई है। शौचालय सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। सोलर जलमीनार में तकनीकी खराबी के कारण पानी व प्याऊ के लिये भटकना पड़ रहा है। बताया कि बिरहोर परिवार आवास के अभाव एक ही कमरे में ज्यादा संख्या में बच्चों संग रहने को मजबूर है। आदिवासी नेता ने कहा कि सरकार द्वारा संरक्षित बिरहोर समुदाय बेरोजगारी की मार झेल रहे हैं। वहीं जनवितरण प्रणाली से मिलने वाला अनाज भी लगभग दो माह से नहीं मिला है। उन्होंने पदाधिकारियों का ध्यान इस ओर आकर्षित किया।

## विधायक ने किया उप स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता

**चान्हो।** प्रखंड अंतर्गत विभिन्न पंचायतों में शनिवार को आयुष्मान भारत योजना के तहत उप स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, जिप सदस्य अशुतोष तिवारी ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़कर किया। इस अवसर पर मुरताेए टांगर और गुटुवा में उप स्वाथ्य केंद्र का निर्माण किया जाना है। विधायक ने उपस्थित तमाम लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा अपने कार्यकाल मे अपने क्षेत्र मे ग्रामीणों को सुविधा दिलाने एवं गांव का विकास की पटरी मे लाने लिए किन-किन योजनाओं को धरातल पर उतारना है उसकी जानकारी दिया और उन्होंने कहा कि आपके गांव के विकास के लिए रोडए नालीए भवनए चहारदिवारी का निर्माण कार्य होता रहेगा। लेकिन अपने समाज को सही राह मे ले जाने एवं विकास के लिए बौद्धिक ज्ञान की भी अति आवश्यक है। वहीं जिप सदस्य ने कहा विकाश की गंगा बहती रहेगी। उन्होंने कहा आज का हालात सुधारने एवं समाज को बदलने में शिक्षा सबसे बड़ी पूंजी है। मौके पर इश्तियाक अंसारी, मंगलेश्वर भगत, अब्दुल्ला अंसारी, इरशाद खान, शशि साहू, प्रमोद लाल, जुल्फेकर अंसारी, पंचायात अध्यक्ष पवन भगत सहित अन्य उपस्थित थे।


उप स्वास्थ्य केंद्र की उद्घाटन करतीं विधायक शिल्पी नेहा तिर्की।

झारखण्ड सरकार
कारा निरीक्षणालय, गृह (कारा) विभाग
E-mail – prisonlhd@gmail.com, dj-lohardaga@jharkhandmail.gov.in
(Telephone No-06526-222030)

अल्पकालीन ई0 निविदा सूचना

1) कारा का नाम :– मंडल कारा लोहरदगा।
2) विषय – कारा में हरी सब्जी, आलु एवं अन्य खाद्य सामग्रियों की आपूर्ति के निमित चतुर्थ त्रैमासिक निविदा–2023 हेतु (01.10.2023 से 31.12.2023 तक) ई–निविदा।
3) निविदा प्रपत्र (Non Refundable) का मूल्य :– राष्ट्रीयकृत बैंक से बैंक ड्राफ्ट के रूप में अधीक्षक, मंडल कारा, लोहरदगा के पदनाम से होगा।
   (i) रू0 10.00 लाख तक की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु – रू0 2,500.00 (दो हजार पाँच सौ रूपये) मात्र।
   (ii) रू0 10.00 लाख से 50.00 लाख तक की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु – रू0 5,000.00 (पाँच हजार रूपये) मात्र।
   (iii) रू0 50.00 लाख से ऊपर की सामग्रियों की आपूर्ति के निमित्त निविदा हेतु – रू0 10,000.00 (दस हजार रूपये) मात्र।
4) Website पर निविदा प्रपत्र के उपलब्ध की तिथि–07.09.2023 के पूर्वाहन् 10:00 बजे से 14.09.2023 के अपराहन् 5:00 बजे तक।
5) Website पर online निविदा जमा करने की तिथि–07.09.2023 के पूर्वाहन् 10:00 बजे से 14.09.2023 के अपराहन् 05.00 बजे तक।
6) Tender fee तथा EMD का Original Copy एवं उल्लेखित नमूना दिनांक–15.09.2023 एवं 16.09.2023 के पूर्वाहन् 10:00 बजे से अपराहन् 05.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा करना होगा।
7) निविदा खुलने की तिथि/समय/स्थान–18.09.2023 (सोमवार) को अनुमण्डल पदाधिकारी, लोहरदगा –सह–अध्यक्ष, कारा क्रय समिति की उपस्थिति में पूर्वाहन् 11:00 बजे मंडल कारा, लोहरदगा के कार्यालय में।
8) उपरोक्त संबंधित निविदा Jharkhandtenders.gov.in site पर केवल e-Tender द्वारा ही प्राप्त /स्वीकृत किया जायेगा। पूर्ण जानकारी उपरोक्त e-Tender Website- jharkhandtenders.gov.in पर प्राप्त किया जा सकता है।
9) अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधोहस्ताक्षरी से कार्यालय अवधि में संपर्क किया जा सकता है। e-Tender को Online upload करने से संबंधित जानकारी के लिये NIC Helpline No. 9430342752 से संपर्क किया जा सकता है।

ह0/
अधीक्षक,
मंडल कारा लोहरदगा।

PR 305652 (Lohardaga) 23-24 (D)

# एलआर फेरो फैक्ट्री के प्रदूषण के खिलाफ ग्रामीणों का प्रदर्शन

### फैक्ट्री के आगे गड्ढा खोद आवागमन किया बाधित

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** मेसरा के ढिपाटोली के ग्रामीणें द्वारा शनिवार को एलआर फेरो फैक्ट्री पर बस्ती में प्रदूषन फैलाने का आरोप लगाते हुए जमकर विरोध प्रदशन किया गया। बस्ती के लोगों द्वारा शनिवार को फैक्ट्री के मुख्य गेट के आगे जेसीबी से गड्ढा खोदवा कर वाहनों का आवागमन वाधित कर दिया गया। हाथो में तख्ती लिए ग्रामीण नारेबाजी करते हुए बस्ती से तत्काल फैक्ट्री हटाने की मांग कर रहे थे। ग्रामीणों के विरोध के बाद प्रबंधक 35 वर्ष से संचालित फैक्ट्री बंद करने को तैयार हो गया है। वहीं मौके पर जिप सदस्य संजय कुमार, मुखिया सुशीला देवी और ग्राम प्रधान सहित कई लोग पहुंचे और बस्ती वालों की मांगों का समर्थन किया। बताया गया कि बोरिंग करने पर भी पीने लायक पानी नहीं निकलता है। केमिकल युक्त पानी पीकर कई पशुओं की मौत हो चुकी है। बाद में फैक्ट्री प्रबंधक के साथ जनप्रतिनिधियों के नेतृत्व में ग्रामीणों की वार्ता हुई। जिसमें फैक्ट्री परिचालन बंद करने का निर्णय लिया गया। वहीं सामान ले जाने के लिए एक माह का समय दिया गया है। मौके पर रवींद्र कुमार महतो, दीपक उरांव, बुधराम मुंडा, मुनेश्वर पाहन, अमर मुंडा, फुलेश्वर महतो, अनिता देवी, झुलिया कुमारी, गीता देवी, संगीता देवी, किरन देवी, पूनम देवी व सांझो देवी सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।


फैक्ट्री प्रबंधन से बात करते जनप्रतिनिधि व ग्रामीणों की भीड़।

### बारिश से बढ़ी परेशानी

आएल फेरों फैक्ट्री में एलो स्टील निर्माण के लिए रॉ मेटेरियल तैयार होता है। इसकी जानकारी देते हुए कंपनी के सीईओ प्रफुल कुमार दतानी ने बताया कि प्रदूषन न हो इसके लिए व्यवस्था की गई है, लेकिन बारिश के मौसम में थोड़ी परेशानी होती है। इसे लेकर पूर्व में ग्रामीणों के साथ समझौता हुआ था, जिसमें 15 जुलाई 2024 तक फैक्ट्री को अनयत्र ले जाना था। अब ग्रामीण समय देने को तैयार नहीं हैं।

> ग्रामीणों के साथ हुए समझौते का पालन फैक्ट्री प्रबंधक द्वारा पूरा नहीं किया गया। ऐसे में ग्रामीण भी समझौते को अमल करने को वाध्य नहीं हैं। प्रदूषन की समस्या से त्रस्त ग्रामीण अब बस्ती से फैक्ट्री का संचालन बंद कराना चाहते हैं।
> **संजय कुमार जिप सदस्य।**

Govt. of Jharkhand
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
Field Survey Division, Advance Planning, Road Construction Department,
Nirupan Bhawan, 4th floor, 56-Set Chowk, Doranda,
Ranchi-834002 , e-mail--- eercdapfsdran-jhr@nic.in

e-Procurement Short Notice
e-Tender Reference No .-RCD/FSD /AP/ RAN/47/23-24 Dated 25.08.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1- | Name of Work | Consultancy services for preparation of Detailed project report for Intermediate Lane/2-Lane/2-Lane with Paved Shoulder configuration road from Hesal Ghughri to Lepsar Model School via Harra via Choraiya Chowk to Khalari main road including replacement of culverts and bridges, proposal for new culverts and bridges, proposals for ROBs and elevated corridor, complete Land Acquisition Proposal including ownership details all complete as per latest guidelines, Resettlement and Rehabilitation Proposal and Forest Diversion Proposal with clearance ofall stagesetc as required, in the state of Jharkhand. from Consultant's empanelled in Category-I with the Road Construction Department, Government of Jharkhand vide letter no - 3063(S) W.E dated 22-08-2022 are allowed to bid. |
| 2- | Tentative Length of Work | 17.00 Km, |
| 3 | Work completion time | 60 Days |
| 4 | Date and Time of Publishing of Tender on official website | 28.08.2023, 05.00 PM |
| 5- | Last date and Time of submission of Tender (With Tender Fee and EMD) | 12.09.2023, 12.30 PM |
| 6- | Date and Timing of Bid opening | 13.09.2023, 12.30 PM |
| 7- | Tender Inviting Authority | Executive Engineer, Field Survey Division, Advance Planning, RCD, Ranchi, Nirupan Bhavan, 56 set Chowk, Doranda, Ranchi- 834002, Mobile No-9431591027 |
| 8- | Bid Submission Address | Chief Engineer (Communication), Road Construction Department, 1st Floor, Engineer Hostel No-2, Dhurwa,Ranchi-834004 |
| 9- | Mode of Bid Submission | e-Tendering (http://jharkhandtenders.gov.in) |

For further information please go through the website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer
Field Survey Division,A.P
Road Construction Department,Ranchi .

PR 305654 Road(23-24).D

# अरबों साल पुराना अंधेरा मिटायेगा चंद्रयान तीन

**समय संवाद**

चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर आप खड़े हों, तो आपको सूर्य क्षितिज रेखा पर दिखाई देगा। चंद्रयान-1 चंद्रमा पर पानी की खोज पहले ही कर चुका है। नासा के अनुसार हाइड्रोजन की मौजूदगी वहां बर्फ होने का सबूत हो सकता है। 14 दिन इसलिए क्योंकि चंद्रमा का एक दिन पृथ्वी के 14 दिन के बराबर होता है। जब तक इस इलाके में धूप रहेगी, तापमान 50 डिग्री के आसपास रहेगा, पर जैसे ही अंधेरा होगा, तापमान माइनस 180 या उससे भी कम जाएगा। ऐसे में लैंडर और रोवर के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण काम करेंगे या नहीं, कहना मुश्किल है।

**प्रमोद जोशी**



**केवल** चंद्रमा तक जाने में जितनी बड़ी चुनौती थी, उससे बड़ी चुनौती थी, कुछ नया करने की, ताकि इतिहास में नाम लिखा जाए। चंद्रयान-1 में लगे स्पेक्ट्रोमीटर ने चंद्रमा में पानी के कणों की पुष्टि की थी। वह एक उपलब्धि थी। चंद्रयान-3 चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के काफी करीब उतरा है। वैज्ञानिक अध्ययन के लिहाज से यह महत्वपूर्ण क्षेत्र है। यहाँ ऊँचे पहाड़ और कई बड़े-बड़े क्रेटर हैं। बहुत से ऐसे क्रेटर हैं या पहाड़ों की छाया के कारण ऐसे क्षेत्र हैं, जहां अरबों साल से सूरज की रोशनी नहीं पहुँची है। अरबों वर्ष का यह अंधेरा अध्ययन का रोचक विषय है। इससे सौरमंडल की संरचना के बारे में नई बातें पता लगेंगी।

दक्षिणी ध्रुव के अंधेरे इलाकों में अरबों वर्ष पुराना पानी या बर्फ होगी। पानी और बर्फ के अलावा कुछ ऐसे खनिज या तत्व भी हो सकते हैं, जिनके बारे में हम कुछ नहीं जानते हों। वैज्ञानिक अध्ययन के लिए यह महत्वपूर्ण क्षेत्र है। दक्षिणी ध्रुव के कुछ इलाके अंधेरे में डूबे रहते हैं, जबकि कुछ इलाकों में सूर्य की पर्याप्त रोशनी रहती है। जैसे पृथ्वी के दक्षिणी ध्रुव पर अंटार्कटिका काफी ठंडा है, वैसे ही यह चांद का सबसे ठंडा इलाका है। इस इलाके की जानकारी पृथ्वी के वैज्ञानिकों को ज्यादा नहीं है। भारत ने इसी चुनौती को देखते हुए इस इलाके को चुना है।

चंद्रमा पर तापमान में काफी ऊँच-नीच है। जिन हिस्सों में सूरज की रोशनी आती है, वहाँ तापमान 54 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है। जिन हिस्सों में सूरज की किरणें नहीं आती हैं, वहां तापमान माइनस 248 डिग्री सेल्सियस तक भी पहुंच जाता है। चंद्रयान-3 दक्षिणी ध्रुव से कुछ दूरी पर उतरा है। रोशनी की उपलब्धता, संचार और नेवीगेशन की दृष्टि से भी इस इलाके को लैंडिंग के लिए उपयुक्त माना गया।

पृथ्वी के दक्षिणी ध्रुव की ही तरह यहाँ सूर्य की किरणें तिरछी पड़ती हैं और तापमान काफी कम होता है। चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर आप खड़े हों, तो आपको सूर्य क्षितिज रेखा पर दिखाई देगा। यहां सूरज की रोशनी भी बहुत कम पड़ती है। तापमान कम होने के कारण यहां बर्फ हो सकती है। चंद्रयान-1 चंद्रमा पर पानी की खोज पहले ही कर चुका है। नासा के अनुसार हाइड्रोजन की मौजूदगी वहां बर्फ होने का सबूत हो सकता है।

14 दिन के बाद क्या?

चंद्रयान-3 से केवल 14 दिन तक काम करने की उम्मीद की गई है। 14 दिन इसलिए क्योंकि चंद्रमा का एक दिन पृथ्वी के 14 दिन के बराबर होता है। जब तक इस इलाके में धूप रहेगी, तापमान 50 डिग्री के आसपास रहेगा, पर जैसे ही अंधेरा होगा, तापमान माइनस 180 या उससे भी कम जाएगा। ऐसे में लैंडर और रोवर के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण काम करेंगे या नहीं, कहना मुश्किल है। रूस ने जो अभियान भेजा था, उसमें अतिरिक्त ईंधन की व्यवस्था की गई थी, ताकि उसका तापमान बना रहे, पर चंद्रयान में ऐसी व्यवस्था नहीं है। लूना-25 की योजना साल भर तक काम करने की थी। चंद्रयान-3 की योजना 14 दिन की है। अलबत्ता यह देखना होगा कि 14 दिन बाद फिर से धूप आने पर चंद्रयान के उपकरण काम करेंगे या नहीं। इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ का कहना है कि संभव है कि वे फिर से काम करने लगें। या इस दौरान भी काम करें। फिलहाल अगले दो हफ्ते काफी रोचक होने वाले हैं।

# अब कहां हैं चंदा मामा दूर के...



**अतुल मलिकराम**

**(राजनीतिक रणनीतिकार)**

**बचपन** में दादी-नानी से यह कविता सुनकर ही हम सब बड़े हुए हैं चंदा मामा दूर के, पुए पकाये बूर के.. लेकिन अब चंदा मामा दूर के कहां रहे हैं? अब तो उनके घर हमारा आना-जाना शुरू हो गया है। एक सबसे बड़ा सवाल महिलाओं के बीच जो हाल ही में उठकर आया है, वह यह है कि चांद पर जाने के बाद हम करवा चौथ कैसे मनायेंगे? फिर सोशल मीडिया पर एक और जोक देख रहा हूं कि दुनिया की किसी भी महिला का चेहरा चाँद से नहीं मिलता..

खैर, यह तो हुई हंसी-गुदगुदी की बात, लेकिन सच तो यह है कि सदियों से बेतहाशा तकती चकोर की नजरों को अब जाकर राहत मिली है। उसका चांद तो धरती पर नहीं आया, लेकिन हम चाँद पर पहुंच गये..

जैसा कि महान कवि हरिवंशराय बच्चन जी ने अपनी कविता के माध्यम से कहाः

लहरों से डर कर नौका पार नहीं होती,

कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती..

आज ये पंक्तियां देश की असीम विजय का शंखनाद करने का जरिया बन चुकी हैं।

इसमें कोई दो मत नहीं है कि वर्ष 2019 में चंद्रयान 2 मिशन के दौरान हमारे हाथ निराशा लगी थी और चांद से महज दो किलोमीटर की दूरी पर विक्रम से हमारा संपर्क टूट गया था। उस समय भारत के हर एक वैज्ञानिक और जनता का मन चीख-चीख कर एक ही बात कह रहा था कि सिर्फ संपर्क टूटा है, देश के सपने नहीं...

चंद्रयान 3 का चंद्रमा पर उतरना किसी स्वप्न से कम नहीं। जब विक्रम साराभाई ने इसरो की नींव रखी थी, तब उन्होंने सपने में भी नहीं सोचा होगा कि भारत भी विकसित देशों की कतार में खड़ा होकर चाँद से दूरी ही कम कर लेगा। आज आलम यह है कि पूरी दुनिया में भारत की इस अभूतपूर्व उपलब्धि का जयघोष हो रहा है। होना स्वाभाविक भी है, भारत चाँद के दक्षिण ध्रुव पर उतरने वाला दुनिया का पहला देश है। आप अखबार उठा लीजिए, न सिर्फ भारत, बल्कि अन्य तमाम देशों के न्यूज चैनल्स देख लीजिए, या फिर ऑनलाइन पोर्टल्स और सोशल मीडिया छान लीजिए, हर एक जगह चंद्रयान 3 की सफलता का बोलबाला है।

इस सफलता के पीछे आँसू छिपे हैं उस शख्स के, जो विक्रम से संपर्क टूटने के दुःख में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लिपट कर रोया था। आज पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम आजाद का सपना भी पूरा हुआ है। चंद्रयान मिशन की राह हमें मिसाइल मैन कहलाने वाले साइंटिस्ट एपीजे अब्दुल कलाम ने ही दिखाई थी। आज सपना पूरा हुआ है भारत के भिलाई स्थित चरौदा के बेटे के. भरत कुमार और उनके माता-पिता का। गरीबी और अभाव में पले-बढ़े भरत के पिता गार्ड और माँ इडली बेचती हैं। फीस भरने में अक्षम और पढ़ाई में होशियार होने पर महानुभावों का साथ मिला और आज चंद्रयान 3 में इनका बहुत बड़ा योगदान है।

यूँ तो कई नए और पुराने वीडियोज और फोटोज डिजिटल दुनिया में वायरल हो रहे हैं, लेकिन एक शख्स की सिसकियों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। इसरो के अध्यक्ष कैलासादिवु सिवन विक्रम से संपर्क टूटने पर जैसे खुद भी टूट गए थे। आज उनके आँसुओं का भी मोल चुकता हो गया है। शायद उन्हें इस सफलता पर सबसे ज्यादा खुशी हो रही होगी, उनकी यह मुस्कान भी तो एक सफलता ही है।

आजादी से लेकर अब तक भारत ने अंतरिक्ष की यात्रा बड़े ही शानदार तरीके से तय की है। साइकिल से शुरू हुई हमारी अंतरिक्ष यात्रा आज मंगल और चाँद तक पहुँच गई है। आज भारत के वैज्ञानिक अंतरिक्ष में जाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। लेकिन यह यात्रा इतनी आसान नहीं थी। साल 1947 में जब देश आजाद हुआ, तब स्थिति इतनी दयनीय थी कि हमारे पास खाने के लिये पर्याप्त अनाज, तन ढकने के लिए कपड़े और रहने के लिए मकान तक न थे। ऐसी स्थिति में अंतरिक्ष की कल्पना करना तो बहुत दूर की बात थी। लेकिन हम भारतीयों का साहस ही है, जो हम सभी चुनौतियों को स्वीकार कर आगे बढ़ते रहे। और अंततः महज 15 साल बाद ही हमने खुद को फिर से खड़ा किया और साल 1962 में वह क्षण आया जब भारत ने अंतरिक्ष की ओर कदम रखने का फैसला किया और देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने 'भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन' (इसरो) की स्थापना की। आज इसरो दुनिया की 6 सबसे बड़े अंतरिक्ष संस्थानों में से एक है।

वह नजारा भी देखने ही लायक था, जब दुनिया में देश की अलग छाप छोड़ने की धुन लिए इसरो ने अपना पहला रॉकेट साइकिल पर लादकर एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुँचाया था। इस वक्त स्पेसक्राफ्ट की लॉन्चिंग के लिए इस्तेमाल होने वाला सामान बैलगाड़ी की मदद से भी पहुँचाया जाता था। अंतरिक्ष में उड़ान भरने की दौड़ में भारत बेशक अन्य देशों की तुलना में बहुत देर से शामिल हुआ है, लेकिन बेहद सीमित संसाधनों के साथ यह दौड़ा बहुत आगे तक है, जिसकी मिसाल आज दुनिया के सामने है। भारत अब अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में दुनिया के कई देशों की मदद कर रहा है। 15 फरवरी, 2017 को इसरो ने 104 सैटेलाइट्स एक साथ लॉन्च किए, जो आज तक विश्व रिकॉर्ड है। इनमें से ज्यादातर सैटेलाइट्स दूसरे देशों के थे।

यह स्पष्ट है कि अभी तो हमने उड़ान भरी ही है। अभी हमें बहुत आगे जाना है। हम थकेंगे नहीं.. हम रुकेंगे नहीं.. यह सफलता एक व्यक्ति की नहीं है, बल्कि यह पूरी टीम के अथक प्रयासों का नतीजा है। यूँ ही नहीं भारत को अनेकता में एकता की शक्ति का परिचायक कहा जाता है। यह इसरो टीम ने साबित कर दिखाया। भविष्य में और भी सफल प्रोजेक्ट्स के साथ भारत को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं और इसरो को दिल की गहराइयों से सलाम...।

# हल्दीघाटी के बाद अगले 10 साल में मेवाड़ में क्या हुआ..

**सुधांशु कुमार**

**इतिहास** से जो पन्ने हटा दिए गए हैं उन्हें वापस संकलित करना ही होगा क्यूंकि वही हिन्दू रेजिस्टेंस और शौर्य के प्रतीक हैं।

इतिहास में तो ये भी नहीं पढ़ाया गया है कि हल्दीघाटी युद्ध में जब महाराणा प्रताप ने कुंवर मानसिंह के हाथी पर जब प्रहार किया तो शाही फौज पांच छह कोस दूर तक भाग गई थी और अकबर के आने की अफवाह से पुनः युद्ध में सम्मिलित हुई है वाकया अबुल फजल की पुस्तक अकबरनामा में दर्ज है.. वास्तविकता में हल्दीघाटी का युद्ध , महाराणा प्रताप और मुगलो के बीच हुए कई युद्धों की शुरूआत भर था। मुगल न तो प्रताप को पकड़ सके और न ही मेवाड़ पर अधिपत्य जमा सके। हल्दीघाटी के बाद क्या हुआ वो हम बताते हैं।

हल्दी घाटी के युद्ध के बाद महाराणा के पास सिर्फ 7000 सैनिक ही बचे थे।।और कुछ ही समय में मुगलों का कुम्भलगढ़, गोगुंदा , उदयपुर और आसपास के ठिकानों पर अधिकार हो गया था। उस स्थिति में महाराणा ने गुरिल्ला युद्ध की योजना बनायीं और मुगलों को कभी भी मेवाड़ में सेटल नहीं होने दिया। महाराणा के शौर्य से विचलित अकबर ने उनको दबाने के लिए 1576 में हुए हल्दीघाटी के बाद भी हर साल 1577 से 1582 के बीच एक एक लाख के सैन्यबल भेजे जो कि महाराणा को झुकाने में नाकामयाब रहे।

हल्दीघाटी युद्ध के पश्चात महाराणा प्रताप के खजांची भामाशाह और उनके भाई ताराचंद मालवा से दंड के पच्चीस लाख रुपये और दो हजार अशर्फिया लेकर हाजिर हुए। इस घटना के बाद महाराणा प्रताप ने भामाशाह का बहुत सम्मान किया और दिवेर पर हमले की योजना बनाई। भामाशाह ने जितना धन महाराणा को राज्य की सेवा के लिए दिया उस से 25 हजार सैनिकों को 12 साल तक रसद दी जा सकती थी। बस फिर क्या था।।महाराणा ने फिर से अपनी सेना संगठित करनी शुरू की और कुछ ही समय में 40000 लडाकों की एक शक्तिशाली सेना तैयार हो गयी।

उसके बाद शुरू हुआ हल्दीघाटी युद्ध का दूसरा भाग जिसको इतिहास से एक षड्यंत्र के तहत या तो हटा दिया गया है या एकदम दरकिनार कर दिया गया है। इसे बैटल ऑफ दिवेर कहा गया गया है।

बात सन १५८२ की है, विजयदशमी का दिन था और महराणा ने अपनी नयी संगठित सेना के साथ मेवाड़ को वापस स्वतंत्र कराने का प्रण लिया। उसके बाद सेना को दो हिस्सों में विभाजित करके युद्ध का बिगुल फूंक दिया।।एक टुकड़ी की कमान स्वंय महाराणा के हाथ थी दूसरी टुकड़ी का नेतृत्व उनके पुत्र अमर सिंह कर रहे थे।



कर्नल टॉड ने भी अपनी किताब में हल्दीघाटी को दिवेर के युद्ध को राजस्थान का मैराथन बताया है। ये वही घटनाक्रम हैं जिनके इर्द गिर्द आप फिल्म 300 देख चुके हैं। कर्नल टॉड ने भी महाराणा और उनकी सेना के शौर्य, तेज और देश के प्रति उनके अभिमान को स्पार्टन्स के तुल्य ही बताया है जो युद्ध भूमि में अपने से 4 गुना बड़ी सेना से यूँ ही टकरा जाते थे।

दिवेर का युद्ध बड़ा भीषण था, महाराणा प्रताप की सेना ने महाराजकुमार अमर सिंह के नेतृत्व में दिवेर थाने पर हमला किया , हजारो की संख्या में मुगल, राजपूती तलवारो बरछो भालो और कटारो से बींध दिए गए।

युद्ध में महाराजकुमार अमरसिंह ने सुलतान खान मुगल को बरछा मारा जो सुल्तान खान और उसके घोड़े को काटता हुआ निकल गया।उसी युद्ध में एक अन्य राजपूत की तलवार एक हाथी पर लगी और उसका पैर काट कर निकल गई।

महाराणा प्रताप ने बहलोलखान मुगल के सर पर वार किया और तलवार से उसे घोड़े समेत काट दिया। शौर्य की ये बानगी इतिहास में कहीं देखने को नहीं मिलती है। उसके बाद यह कहावत बनी की मेवाड़ में सवार को एक ही वार में घोड़े समेत काट दिया जाता है।ये घटनाये मुगलो को भयभीत करने के लिए बहुत थी। बचे खुचे 3600 मुगल सैनिकों ने महाराणा के सामने आत्म समर्पण किया।

दिवेर के युद्ध ने मुगलो का मनोबल इस तरह तोड़ दिया की जिसके परिणाम स्वरुप मुगलों को मेवाड़ में बनायीं अपनी सारी 36 थानों, ठिकानों को छोड़ के भागना पड़ा, यहाँ तक की जब मुगल कुम्भलगढ़ का किला तक रातो रात खाली कर भाग गए।

चित्तौड़ कोछोड़ के मेवाड़ के सारे ठिकाने/दुर्ग वापस स्वतंत्र करा लिए।

अधिकांश मेवाड़ को पुनः कब्जाने के बाद महाराणा प्रताप ने आदेश निकाला की अगर कोई एक बिस्वा जमीन भी खेती करके मुसलमानो को हासिल (टैक्स) देगा , उसका सर काट दिया जायेगा। इसके बाद मेवाड़ और आस पास के बचे खुचे शाही ठिकानो पर रसद पूरी सुरक्षा के साथ अजमेर से मगाई जाती थी। दिवेर का युद्ध न केवल महाराणा प्रताप बल्कि मुगलो के इतिहास में भी बहुत निर्णायक रहा। मुट्ठी भर राजपूतो ने पुरे भारतीय उपमहाद्वीप पर राज करने वाले मुगलो के ह्रदय में भय भर दिया। दिवेर के युद्ध ने मेवाड़ में अकबर की विजय के सिलसिले पर न सिर्फ विराम लगा दिया बल्कि मुगलो में ऐसे भय का संचार कर दिया की अकबर के समय में मेवाड़ पर बड़े आक्रमण लगभग बंद हो गए।

इस घटना से क्रोधित अकबर ने हर साल लाखों सैनिकों के सैन्य बल अलग अलग सेनापतियों के नेतृत्व में मेवाड़ भेजने जारी रखे लेकिन उसे कोई सफलता नहीं मिली। अकबर खुद 6 महीने मेवाड़ पर चढ़ाई करने के मकसद से मेवाड़ के आस पास डेरा डाले रहा लेकिन ये महराणा द्वारा बहलोल खान को उसके घोड़े समेत आधा चीर देने के ही डर था कि वो सीधे तौर पे कभी मेवाड़ पे चढ़ाई करने नहीं आया।

# नाखूनों को बनायें खूबसूरत

**आप** जानते है कि अगर आपको नेचुरल तरीके से खूबसूरती न मिले तो बाहर की खूबसूरती ज्यादा देर नहीं टिकती है। चेहरे के साथ-सथ हम अपने नाखूनों में भी अधिक ध्यान देते है। जिससे कि वह भी खूबसूरत और मजबूत रहे, लेकिन कई कारणों के कारण वह ज्यादा टिक नहीं पाते है। आमतौर में पैरों की उंगलियों के नाखून के मुकाबले हाथ की उंगलियों के नाखून जल्दी बढ़ते हैं। अगर आपके नाखूनों में किसी तरह की समस्या है, तो वे बढ़ नहीं पाते। इसका मुख्य कारण ठीक ढंग से खाना नहीं खाना, पोषक तत्वों, विटामिन्स की कमी के कारण हो सकता है।अगर आप चाहते है कि आपके नाखून भी खूबसूरत, मजबूत और चमकदार हो तो आप किचन में मौजूद कुछ चीजें ये काम कर सकती है।

**नींबू**

यह विटामिन सी के गुणों से भरपूर होता है। यह आपके नाखूनों के लिए काफी फायदेमंद है। इसके इस्तेमाल से आपके नाखूनों की लंबाई बढने के साथ-साथ चमक और मजबूती आती है। इसे इस्तेमाल करने के लिए एक बाउल में एक चम्मच नींबू का रस, कुछ बूंदे जैतून के तेल में अच्छी तरह मिलाकर नाखूनों की मालिश करें।

**संतरे**

इसके जूस में भी विटामिन सी भरपूर मात्रा में पाया जाता है। इसको इस्तेमाल करने के लिए थोड़े सा संतरे का जूस लेकर उसमें अपने नाखूनों को दस से पंद्रह मिनट तक डुबोएं रहें। इसके बाद हल्के गुनगुने पानी से धो कर उस पर मॉस्चराइजर लगा लें। अगर आप चाहते है कि आपके नाखून खूबसूरत हो तो इसका इस्तेमाल रोज करें।

**जैतून का तेल**

जैतून के तेल में कई ऐसे तत्व पाएं जाते है जो कि आपके नखूनों के लिए काफी फायदेमंद है। इसके लिए रात को सोते समय हाथ तथा पैरों के नाखूनों पर जैतून के तेल की मालिश पांच मिनट तक करें। और दूसरे दिन साफ पानी से धो लें। इसके अलावा आप चाहें तो 15-20 मिनट के लिए अपने नाखूनों को जैतून के तेल में डूबो कर रखें। इससे शरीर में खून के संचार बढ़ता है। जोकि आपके लिए फायदेमंद है।

# इस मौसम में मलेरिया से बचें

**तेज गर्मी** के बीच अचानक बारिश और तापमान में जल्दी-जल्दी बदलाव के कारण मलेरिया का खतरा बढ़ गया है। देश के कई हिस्सों से मलेरिया के मरीजों की रिपोर्ट सामने आ रही हैं। छोटे बच्चों, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं के लिए मलेरिया बहुत खतरनाक हो सकता है। यह तो आप भी जानते हैं कि मलेरिया, डेंगू जैसी बीमारियां मच्छरों के काटने से फैलती हैं। मौसम में नमी और गर्मी एक साथ होने पर मच्छरों को प्रजनन के लिए अनुकूल माहौल मिलता है। वैसे भी बैक्टीरिया और जीवाणुओं के पलने के लिए बारिश का मौसम अनुकूल होता है। आइये बताते हैं मलेरिया फैलने का कारण और इससे बचाव के लिए जरूरी टिप्स।

**27 डिग्री सेल्सियस पर सबसे तेज फैलता है मलेरिया**

हाल में हुए एक शोध में बताया गया है कि आमतौर पर मच्छर जनित रोगों का खतरा 27 डिग्री सेल्सियस के आसपास तापमान होने पर बढ़ जाता है, इसलिए जिन इलाकों में 25-30 डिग्री सेल्सियस तापमान है, वहां मलेरिया फैलने का ज्यादा खतरा होता है। इसके अलावा बारिश के मौसम में जगह-जगह जमा होने वाला पानी में मच्छर तेजी से प्रजनन करते हैं और आसपास के इलाकों में मलेरिया, डेंगू फैलने का कारण बनते हैं।

**मलेरिया के लक्षण**



सिद्धार्थ नगर के चिकित्साधिकारी डॉ. राम आशीष बताते हैं कि आजकल ओपीडी में रोजाना 30-40 मरीज ऐसे आते हैं जो बुखार से पीड़ित होते हैं। इनमें से कई मरीज मलेरिया टेस्ट में पॉजिटिव पाए गए हैं। आमतौर पर मलेरिया होने पर बुखार आता है और शरीर में कंपकंपी होती है। डॉ. आशीष के अनुसार मलेरिया से सबसे ज्यादा बच्चे प्रभावित होते हैं। आजकल इमरजेन्सी वार्ड में रोजाना मलेरिया से प्रभावित 8-10 बच्चे भर्ती हो रहे हैं।

**टायफाइड और वायरल बुखार का खतरा**

डॉ. राम आशीष के अनुसार इस मौसम में टायफाइड और वायरल बुखार के मामले बहुत ज्यादा बढ़ जाते हैं। इसका कारण यह है कि बारिश के बाद सड़कों और जगह-जगह गंदगी बढ़ जाती है। शहरों के किनारे बसी जगहों पर जमा पानी के कारण मच्छर पनपते हैं, तो गांवों और जंगलों के आसपास के इलाकों में भी डेंगू-मलेरिया का प्रकोप बढ़ने लगता है।

**मलेरिया से बचाव के लिए क्या करें?**

डॉ. आशीष के अनुसार साफ-सफाई ही मलेरिया से बचाव का एकमात्र उपाय है।

**अपने घर के आसपास साफ-सफाई रखें और पानी न जमा होने दें। गंदगी से मच्छर बढ़ेंगे और फिर मच्छरों से फैलने वाली बीमारियां बढ़ेंगी।**

**रात में सोते समय मच्छरों से बचने के लिए मच्छरदानी या कॉइल, मस्कीटो रिपेलेंट का प्रयोग करें।**

**खाने से पहले खुद भी साबुन से धोएं और बच्चों के हाथ भी धुलवाएं।**

**बारिश के मौसम में भीगे और नम कपड़े देर तक न पहनें।**

**खुले में बिकने वाली चीजें, बासी खाना आदि न खाएं।**

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# कुंडली में चंद्र, चंद्रमा पर कुंडली भारी

**राकेश सोहम**



**राजनीतिक** गठबंधन में विचारधारा आड़े आती है और वैवाहिक गठबंधन में विचार! दोनों का तोड़ पैसा है। पैसा चल जाए तो गठबंधन हो जाते हैं, दहेज मिल जाए तो विवाह। इन गठबंधनों के टिकने की गारंटी तब भी नहीं है। राजनीतिक गठबंधन कुर्सी की होड़ में टूटते हैं और वैवाहिक गठबंधन, धनलोलुप मानसिकता में बिखर जाते हैं। वैवाहिक गठबंधन के पूर्व कुंडलियों का मिलान एक प्रचलित-पारंपरिक उपाय है। हालांकि गारंटी इसमें भी नहीं है।

उनकी शादी उन दिनों हुई जब चट मंगनी पट ब्याह का चलन शुरूआती दौर में था। उन्होंने लड़की देखी और हां कर दी। पण्डित जी ने दोनों की कुंडली देखकर सत्ताईस गुणों का मिलान कर दिया। सफल वैवाहिक जीवन की गारंटी देकर दोनों परिवारों को खुश कर दिया। हंसी-खुशी चट मंगनी करवा दी और फिर धूमधाम से पट ब्याह। गड़बड़ी यहीं पर हो गई! पंडित जी की गुण-मिलान-एक्यूरेसी ने कठिनाई पैदा कर दी। उनकी प्रत्येक पसंद नापसंद, पत्नी की पसंद नापसंद से बिल्कुल मेल खाती है। उन्हें खाना बनाना कतई पसंद नहीं है। पत्नी को भी खाना बनाना पसंद नहीं! उन्हें ऑफिस में कुर्सी तोड़ते हुए और घर पर पलंग पर लोटते हुए अच्छा लगता है। पत्नी भी आरामपरस्त है! सोचते हैं कि काश! इतने एक्यूरेट गुण नहीं मिलते तो बात बनी रहती, न ही बात-बात पर तनी रहती। हालांकि दोष दोनों का नहीं है। वैवाहिक जीवन ऐसा ही है। यह गारंटी से नहीं, आपसी समझदारी से चलता है। वरना पश्चिमी सभ्यता के प्रभाव ने एक नई सोच दी है- चट शादी, पट तलाक! बहरहाल, किसी ने एक बार बताया था कि हमारी कुंडली में चंद्र प्रबल चल रहा है। साहित्य में भीषण सफलता के योग बन रहे हैं। संपादकों द्वारा हमारी रचनाओं के प्रकाशन को लेकर नरम रुख अपनाया जाएगा। बिना लिए-दिए पुस्तकों के प्रकाशन की संभावना बन रही है। इस दौरान प्रकाशित पुस्तकों पर अच्छी रॉयल्टी भी मिलने के प्रबल योग हैं। साहित्य में सम्मान का जुगाड़ किया जाए तो वह भी फलित होगा, लेकिन सब व्यर्थ चला गया। हमारे साहित्य को देखकर चंद्र भी शरमा गया। कुंडली पर साहित्य भारी पड़ गया।

आशा से तो आसमान टंगा है। मैं आशा से अपना साहित्य टांग रहा हूं। हाल ही में इसरो ने चंद्रमा पर एक यान भेजा है। हो सके तो अगली बार नासा की ह्यलूनर कोडेक्स परियोजना की तरह हमारे जैसे लेखकों की किताबों को चंद्रमा पर भेजा जाए। ताकि कम से कम हमारी साहित्य-कुंडली चंद्रमा की सतह पर सुरक्षित पड़ी तो रहेगी।

**प्रकृति की मार...**



## स्पीड न्यूज

### परवरिश स्कूल कुजू के छात्राओं ने योगासन में किया शानदार प्रदर्शन



**कुजू।** रामगढ़ जिला योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप में परवरिश एजुकेयर स्कूल, कुजू के प्रतिभावान विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट जीत हासिल कर विद्यालय का नाम रौशन किया है। जिसे लेकर विद्यालय सभागार में शिक्षकों द्वारा बच्चों को सम्मानित किया गया। आयोजित प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने समर्पण, कौशल व दृढ़ता का उम्दा प्रदर्शन कर स्वर्ण, रजत व कांस्य पदको का अपने नाम कर एक नई उपलब्धि हासिल किया। विद्यार्थियों ने शारीरिक व मानसिक कौशल प्रदर्शन व योगासन में अपनी महारत का प्रदर्शन किया. मौके पर न्यायाधीशों व दर्शकों को समान रूप से प्रभावित किया. आयोजित चैंपियनशिप में जिले के विभिन्न स्कूलों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। मौके पर निदेशक शैलेन्द्र कुमार, प्रबंध निदेशक विकास कुमार सिंह व प्राचार्या नेहा राज बनर्जी ने कहा कि प्रतिभागी अनुराधा कुमारी ने पारंपरिक व कलात्मक एकल में 2 स्वर्ण पदक, सुमित कुमार ने कलात्मक एकल व दिलशाद हुसैन और साहिल मुंडा ने कलात्मक जोड़ी में, वही, अंजलि मेहता व विकास कुमार, ने पारंपरिक में रजत पदक, वही, ओम कुमार, आदर्श, शिवम व अंकित कुमार ने कांस्य पदक हासिल किया।

### आशीष वर्मा ने एसपी को दिया ज्ञापन

**रामगढ़।** मुर्रामकला टायरमोड़ निवासी आशीष कुमार वर्मा रामगढ़ एसपी को ज्ञापन दिया है। जिसमें बताया है कि उनका विवाह हिन्दू रीति रिवाज से ओकनी बंदा राजा बंगला रोड पूजा लॉज निवासी कृष्णकांत चौबे की पुत्री मेघा कुमारी के साथ 02,12,2022 को हुआ था। बताया कि मेरी पत्नी वर्तमान में अपने मायके में रहती है। बताया कि 4 अगस्त को जब मैं उसे लाने के लिए गया। तब वहां मौजूद सत्यभामा जो खुद को एक राजनीतिक दल के महिला मोर्चा की महामंत्री बताती है अपने दो सहयोगियों हजारीबाग झंडा चौक निवासी मनोज गुप्ता एवं कंचनपुर निवासी सूरज कुमार के साथ मिलकर मेरे साथ मारपीट किया। ज्ञापन में आशीष कुमार वर्मा ने बताया कि 5 अगस्त को उक्त लोगों ने रामगढ़ के पटेल चौक बुलाकर मेरे साथ मारपीट की। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्यभामा मेरी पत्नी मेघा पर दबाव बनाकर जबरन रखा हुआ है। आशीष ने बताया कि 26 अगस्त को सत्यभामा ने फोन पर इस मामले में सुलह के नाम पर 3 लाख रूपए की मांग की। आशीष ने एसपी से मामले में कार्रवाई की मांग की है।

### गोला : कुएं में गिरा हाथी का बच्चा



**रामगढ़/गोला।** गोला प्रखंड के साड़म पंचायत के सेरेंगातू में शनिवार को कुएं में एक हाथी का बच्चा गिर गया। जब ग्रामीणों को इसकी जानकारी मिली तो हाथी के बच्चे को देखने के लिए वहां लोगों की भारी भीड़ जुट गई। उसके बाद इसकी सूचना वन विभाग को दी गई। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने जेसीबी और ग्रामीणों की मदद से बच्चे को कुएं से सकुशल बाहर निकाला।

### जदयू की बैठक में लिये गये कई निर्णय



**कुजू।** जनता दल यूनाईटेड की बैठक शनिवार को नयामोड़ स्थित पार्टी कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष ज्योतिंद्र प्रसाद साहू व संचालन मेघनाथ प्रसाद ने किया। बैठक में प्रदेश महासचिव जगदीश महतो शामिल हुए। बैठक के दौरान जदयू का चल रहा चले गांव की ओर अभियान के तहत सभी प्रखंडों को दुरूस्त करने, कई प्रखंड के अलावे नगर अध्यक्ष का चयन नहीं हुआ है उसमें अध्यक्ष का चयन करने, जो प्रखंड कमिटि का गठन हुआ उस प्रखंड में जाकर पंचायत कमिटि का गठन करने, आने वाले विधानसभा व लोकसभा चुनाव को देखते हुए कार्यकताओं के अंदर जोश भरने, 27 अगस्त से 30 सितंबर तक सभी प्रखंडों व पंचायतों को दुरूस्त करने का निर्णय लिया गया। मौके पर भूषण उरांव, शकील अंसारी, शाहजाद अंसारी, मनोज राम, रामाकांत पटेल, पवन करमाली, बालेश्वर तूरी, सुरेश राम, जगलाल, बाबूलाल, संतोष महतो, पवन महतो, विक्रम महतो, मो समीम, सुखदेव महतो, लोकनाथ महतो, चितरंजन महतो आदि शामिल थे।

### राधाकृष्णन कॉलेज में कवि सम्मेलन



रजरप्पा। डॉ. एस. राधाकृष्णन शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय सुकरीगढ़ा लारी के बहुउद्देशीय सभागार में शनिवार को हिन्दी अकादमी रामगढ़ झारखंड संभाग के तहत अखिल भारतीय एक दिवसीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का सम्मान झूमर एवं मांदर के साथ एवं तिलक लगाकर किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि सौरभ जैन सुमन (राष्ट्रीय अध्यक्ष हिन्दी साहित्य आदमी), विशिष्ट अतिथि उमंग गोयल (राष्ट्रीय महासचिव, हिन्दी साहित्य अकादमी), कार्यक्रम संयोजिका मीना बंधन (राष्ट्रीय कवयित्री), शालिनी शहवा (गजलकारा, संयोजिका), निवेदता श्रीवास्तव गर्मी, (स्वागतम), डॉ. कुमार आदित्य (श्रृंगार रस, नोएडा), कवि मोहन चौहान (मैनपुरी, यूपी) अवरेन्द्र अवस्थी फौजी (हास्य व्यंग्य हरदोई), कुमार संजय (हास्य व्यंग्य) मीत जरमसतमुरी (झारखंड) चंदन प्रजापति (झारखंड), मनोज मधुवन, सुशील शुक्ला हर्ष, निर्दोष लक्ष्य जैन, धनबाद, सरोज झारखण्डी, मनोज मधुवन, वसीम रजा, सीमा कुमारी, अमित कुमार रामगढ़ सर्जेंट मंटु यादव, जनआकांक्षा सोसाइटी के सचिव मणिकांत सिन्हा, महाविद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रितेश कुमार, महाविद्यालय के सचिव संजय कुमार प्रभाकर, महाविद्यालय प्रबंधन समिति के सम्मानित सदस्य मनीष कुमार के द्वारा डॉ. एस. राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित, दिप प्रज्जवलित एवं सरस्वती वंदना कर किया गया।

## हजारीबाग को इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन का जल्द मिलेगा तोहफा

# 12 सितंबर को होगा उद्घाटन

### ट्रेन से लाखों यात्रियों को मिलेगी सुविधा : जयंत सिन्हा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** लोकसभा के रेल कार्यों में एक और उपलब्धि जुड़ रही है। वंदे भारत के बाद क्षेत्र को अब इंटरसिटी एक्सप्रेस की सौगात मिलने जा रही है। 12 सितंबर को रांची-न्यू गिरिडीह इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन का उद्घाटन किया जायेगा।

इसका संचालन वाया जमुआ, धनवार, महेशपुर हाल्ट, कोडरमा, हजारीबाग टाउन, बरकाकाना, मेसरा व टाटीसिलवे से होकर होगा। सांसद हजारीबाग सह अध्यक्ष वित्त संबंधी संसदीय स्थायी समिति जयंत सिन्हा हजारीबाग से इसकी शुरूआत को लेकर काफी समय से प्रयासरत थे। उनके प्रयासों को बड़ी सफलता प्राप्त हुई है।

इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन के शुरू होने से लाखों यात्रियों को अत्यंत सुविधा होने वाली है। यात्री अब बस से भी कम किराये में यात्रा कर सकेंगे, जिससे उनके समय और पैसे दोनों की बचत होगी। सांसद जयंत सिन्हा ने कहा



कि संसदीय क्षेत्रवासियों की रेल संबंधी एक और मांग अब पूरी होने जा रही है। 12 सितंबर को एक और ऐतिहासिक दिन हजारीबाग के इतिहास में दर्ज हो जायेगा। हमारा प्रयास यात्रियों के लिए सदैव हर बेहतर सुविधा सुनिश्चित करवाना रहा है। क्षेत्र में रेल संबंधी विभिन्न विकास कार्य जारी हैं। अमृत स्टेशन योजना से बरकाकाना रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास किया जा रहा है। इससे क्षेत्र में रेल सेवाओं का परिदृश्य बदलेगा।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हजारीबाग लोकसभा निरंतर विकास की ओर अग्रसर है। मैं इस अवसर पर समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनायें देता हूं।

1999 मे पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने हजारीबाग रेलवे स्टेशन का शिलान्यास किया था। इसके बाद वर्ष 2015 मे मालगाड़ी का परिचालन शुरू हुआ था। लेकिन वर्ष 2023 मे विभाग ने हजारीबाग वासियों को पहले 27 जून 2023 को वंदे भारत और फिर 12 सितंबर 2023 को इंटरसिटी एक्सप्रेस की सौगात देकर हजारीबाग वासियों को राहत दी है। उदघाटन को लेकर धनबाद रेलवे मंडल इसकी तैयारी पूरी करने में जुट गई है।

इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 03309 गिरिडीह रांची भाया हजारीबाग इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन 12 सितंबर को गिरिडीह से सुबह उदघाटन के बाद रांची के लिए प्रस्थान करेगी। वहीं गिरिडीह से रांची के लिए ट्रेन 28 सितंबर को परिचालन शुरू करेगी।

# एलएंडटी द्वारा खोदे जा रहे गड्ढे दे रहे हादसों को न्यौता

**मलबे से राहगीरों व मोटर वाहनों के चालकों को हो रही है परेशानी**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कटकमसांडी।** हजारीबाग शहर के मार्गो व कटकमसांडी पथ में पाइप बिछाने के लिए एलएंडटी कंपनी द्वारा खोदे जा रहे गड्ढे लोगों व राहगीरों के लिए परेशानी की सबब बनते जा रहे हैं। ये गड्ढे हादसों को दावत दे रहे हैं जिसपर जिले के किसी अधिकारी की नजर नही पड़ रही है।

बरसात के मौसम में पोकलेन व जेसीबी मशीनों से सड़क में खोदे जा रहे गड्ढे व बीच सड़क पर रखे जा रहे मिट्टी के मलबे आसपास के लोगो, राहगीरों व मोटर वाहनों के चालक के लिए खतरनाक साबित हो सकते हैं। खोदे गए गड्ढे में साइड लेने के चक्कर में रोज वाहनों के फंसने की समस्या से उत्पन्न परेशानियों से हर आने जाने वाले



राहगीरो, दो व चारपहिया वाहनों के चालकों को दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है। गुरूवार को अहले सुबह गड्ढे मे एक ट्रक के पहिया घूस जाने से घंटो सड़क जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई। गड्ढे मे पाइप बिछाने के बाद संवेदक द्वारा मिट्टी डालकर लेवलिंग भी वेब्राइटिंग नही किए जाने से पानी मे मिट्टी बहकर सड़क को कीचड़मय कर दिया है। पाइप बिछाने मे लगे कामगार व मुंशी का कहना है कि संवेदक पटना बिहार निवासी है, जो कभी कभी आकर योजना को देखकर वापस चले जाते हैं।

विभाग के एई तो नही, मगर जेई कभी कभार आकर व दिशा निर्देश देकर चलते बनते हैं। लोगो का कोपभाजन हम मजदूरों को बनना पड़ता है। फिलहाल काम बंद है। मगर पाइप बिछाने के लिए खोदे गए गड्ढे में संवेदक व विभाग द्वारा पक्की सड़कों की बलि दी जा रही है। हमेशा की तरह इस मामले पर अधिकारी मौन है।

### 518 करोड़ की लागत से बनेगी हजारीबाग बगोदर फोरलेन सड़क

**दारू।** सड़क एवं परिवहन विभाग ने हजारीबाग से बगोदर तक प्रस्तावित फोरलेन सड़क के लिए निविदा आमंत्रित की है। यह सड़क 518 करोड़ की लागत से बनेगी जिसके लिए 26 सितंबर तक टेंडर भरने की तिथि निर्धारित की गयी है। इस फॉरलेन सडक के निर्माण के लिए जिस कंपनी को टेंडर मिलेगी उसे इस फोरलेन सड़क को 24 महीने के अंदर बनाना होगा। यह सड़क हजारीबाग जिले के सिंघानी चौक से रोला, सिल्वार मेरु से बायपास ,14 किलोमीटर बनाहप्पा, झुमरा, हरली कारवार ,दारू खैरका इरगा , चिरूवा, टाटीझरिया, बिष्णुगढ़ होते हुए गिरिडीह जिले के बगोदर तक जाएगी। इस सडक की कुल लम्बाई 48 किलोमीटर होगी। इस संबंध में भू अर्जन विभाग के द्वारा संबंधित अंचल को सड़क निर्माण मे आने वाली जमीन की भू-अर्जन संबंधी कागजात सौंप दिए गए हैं। टेंडर हो जाने के बाद भूअर्जन की प्रक्रिया में तेजी आएगी।

## भुरकुंडा खोपड़िया बाबा हनुमान मंदिर में भंडारा का आयोजन

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा बाजार खोपडिया बाबा प्राचीन हनुमान मंदिर के जीर्णोद्धार , चंद्रयान तीन की सफल लैंडिंग होने पर हनुमंत जागरण के उपलक्ष्य पर शनिवार को भव्य भंडारे का आयोजन हुआ।

भंडारा का शुभारंभ वयोवृद्ध फुलझरी देवी भक्तों के बीच प्रसाद वितरण कर किया। महाभंडारे में बडी संख्या में महि-पुरूष व बच्चों ने प्रसाद पाया। इस दौरान भुरकुंडा बाजार जय श्रीराम, जय हनुमान के भक्ति जयकारो से गूंज उठा।

मंदिर प्रांगण में देर शाम तक भंडारे में प्रसाद पाने के लिए भक्तो की भीड उमडी रही। भंडारे को सफल बनाने मे प्रदीप मांझी, वयोवृद्धा फूलझरी देवी, विनय मिश्रा, एचएन यादव, योगेश दांगी, युगल किशोर पांडेय, राजकिशोर पांडेय उर्फ राजू पांडे, मनोज तिवारी, रोबिन मुखर्जी, गुलाब मिश्रा, अजय गुप्ता, संतोष अग्रवाल, अशोक सोनी, नंदकिशोर पांडे, सुदर्शन प्रसाद,



नंदकिशोर मिश्रा, राजेन्द्र सिंह, दिनेश प्रसाद, अजय मिश्रा, बाबूलाल नायक, नरेश साव, अशोक साव, अभिषेक मिश्रा, अजय रजक, बिल्लू अग्रवाल, ष्णा मिश्रा, संतोष मिश्रा, प्रेम विश्वकर्मा, बृजनंदन दास, राजेंद्र रोशन, अमित शर्मा, रूपेश दुबे, नंदे राम, विनोद शर्मा, बंटी, कुल्लू पांडेय, ष्णा यादव, विक्की रजक, अन्नु राम, बसंत लाल, विकाश लाल, मनोज, मनोज गुप्ता, सुरेंद्र दांगी, निर्मल श्रीवास्तव, नीरू लाल, रेणु देवी, अरविंद, उदय सोनी, राकेश चौधरी, वीरू अग्रवाल, अजय अग्रवाल, आदित्य करमाली, संजय गोस्वामी, सुधीर दूबे, शेरू गुप्ता, कृष्णा प्रसाद, दीपक बंसल, अरविंद अग्रवाल, भोला अग्रवाल, सुनील झा, हर्ष कुमार, विनय यादव आदि का योगदान रहा।

## विज्ञान में आगे बढ़ें: ब्रह्माजी

**रजरप्पा ।** रजरप्पा कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित विज्ञान मेले के उदघाटन सत्र में भैया-बहनों को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता ब्रह्माजी राव, अखिल भारतीय मंत्री, विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान ने कहा कि आध्यात्मिकता को सामने रखकर नई सोच तथा नए चिंतन के साथ विज्ञान में आगे बढ़ना चाहिए। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष सह रजरप्पा परियोजना पदाधिकारी उपेन्द्र नारायण प्रसाद ने कहा कि नव सृजित अविष्कार या साधन जो काम को आसान करे वह विज्ञान है। इसके पहले विद्या विकास समिति के विभाग निरीक्षक फणीन्द्र नाथ झा ने कार्यक्रम की भूमिका को रखते हुए विज्ञान में भारत की उपलब्धि तथा विद्या भारती विद्यालय के पूर्व छात्रों के योगदान का उल्लेख किया. इस अवसर पर अखिल भारतीय संस्कृति बोध परियोजना के अखिल भारतीय प्रमुख दुर्ग सिंह राजपुरोहित, विवेक नयन पांडेय, विभाग निरीक्षक धनबाद विभाग, प्रबन्ध समिति के सुजीत कुमार सिन्हा, चंद्रशेखर चौधरी उपाध्यक्ष, सचिव गोपाल नायक, सह सचिव सुधाकर सिंह, केवल विजय आदि



उपस्थित थे। प्राचार्य उमेश प्रसाद ने उन सबों का परिचय कराया और पुष्प- गुच्छ एवं अंग वस्त्र प्रदानकर स्वागत किया गया। इस विज्ञान मेले में विभिन्न विषयों के कुल 135 मॉडल थे। मॉडल चार वर्गों में विभाजित निम्नलिखित विषय पर आधारित था। शिशु वर्ग के लिए प्राथमिक चिकित्सा, पर्यावरण, यातायात के साधन, प्राकृतिक आपदा, नवाचार। बाल वर्ग में वर्षा जल संरक्षण, वायुदाब, कचरा प्रबंधन, संवेदक। किशोर वर्ग में गति, खाद्य संरक्षण, नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत।तरुण वर्ग में विद्युत चुंबकीय प्रेरण, विद्युत रसायन, जैव प्रौद्योगिकी, संवेदक एवं नवाचार। विज्ञान मेले में आकर्षण का केंद्र था- चन्द्रयान-3 तथा लड़ाकू विमान वाहक जलपोत आई एन एस विक्रांत। इसे कक्षा एकादश एवं द्वादश के भैया-बहनों ने मिलकर बनाया था।

# मां सतबहिनी सेवा ट्रस्ट का मना 24वां वार्षिकोत्सव

भुरकुंडा (रामगढ़)। शिवनगर भुरकुंडा स्थित मां सतबहिनी सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में शनिवार को पूरे धूमधाम व भक्तिभाव के साथ मंदिर प्रांगण में 24वां वार्षिक महोत्सव मनाया गया। ट्रस्ट के संस्थापक चमन लाल के नेतृत्व में आयोजित इस महोत्सव की शुरूआत पुरोहित द्वारा मां सतबिहनी की पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा-अर्चना कर की गई। इसके बाद लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। ट्रस्ट के संस्थापक चमन लाल ने बताया कि 24 अगस्त मंदिर नवमी पूजन व माता का श्रृंगार किया गया। जबकि 25 को हवन व नौ कन्याओं का पूजन हुआ। वहीं शनिवार को पूजन-अर्चना के समापन पर भव्य भंडारा का आयोजन किया



गया। वार्षिक महोत्सव में क्षेत्र की समाजसेवी निशि पांडेय शामिल हुई। पांडेय ने मां सतबहिनी के समक्ष मत्था टेक व पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। पूजा के बाद भव्य भंडारा का हुआ। भंडारा का शुभारंभ निशि पांडेय, चमन लाल व पत्रकार मनोज कुमार सिंह ने श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण कर किया। पांडेय ने कहा कि मां सतबहिनी मंदिर श्रद्धालुओं के लिए अटूट आस्था का केंद्र है। उन्होंने कहा कि सच्चे मन प्रार्थना करने वाले हर श्रद्धालुओं की यहां हर मनोकामना पूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि भक्ति आयोजनो से क्षेत्र में हरियाली-खुशहाली का आगमन

**सच्चे मन से प्रार्थना करने वाले श्रद्धालुओं की मनोकामना पूर्ण करती हैं मां सतबहिनी : निशि पांडेय**

होता है। प्रसाद का अर्थ प्रभु का साक्षात दर्शन करना होता है, इसलिए सभी लोग प्रसाद जरूर ग्रहण करें। मौके पर हृदय दांगी सहित दर्जनों लोग मौजूद थें। धार्मिक अनुष्ठान को संपन्न कराने में चमन लाल, जयराम सिंह, प्रेमनाथ विश्वकर्मा, राजेंद्र सिंह, विदेश्वरी तिवारी, ददन सिंह, उदय सिंह, रामनारायण सिंह, सोनु ठाकुर, अशोक राय, उदय सिंह, टुना सिंह, रंजीत सिंह, मुकेश सिंह, प्रमोद कुमार, विनोद तिवारी, विक्रम पुरनेंदु, विनय सिंह, राजेश भुइया, राजकुमार आदि का विशेष योगदान रहा।

## एक नजर में

### इचाक प्रेस क्लब के अध्यक्ष अनिल राणा और गणेश कुमार बने सचिव



**इचाक।** प्रेस क्लब हजारीबाग के प्रखंड इकाई इचाक का चुनाव शनिवार को लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गया। प्रेस क्लब इचाक के अध्यक्ष अनिल कुमार उर्फ अनिल राणा चुने गए। वहीं उपाध्यक्ष किशोर प्रसाद और सचिव गणेश कुमार चुने गए। उपसचिव रंजीत कुमार, कोषाध्यक्ष राम अवतार स्वर्णकार, केंद्रीय सदस्य राम शरण शर्मा, कार्यकारणी सदस्य शिव शंकर शर्मा और श्यामदेव मेहता निर्वाचित घोषित किए गए। बतौर निर्वाचन पदाधिकारी श्यामदेव मेहता और सकेंद्र प्रसाद मेहता ने भूमिका निभाई। पर्यवेक्षक के रूप में जिला से बबलू कुमार और प्रमोद खंडेलवाल मौजूद थे। चुनाव संपन्न होने के बाद प्रेस क्लब हजारीबाग के अध्यक्ष उमेश प्रताप, सचिव मिथिलेश मिश्र, उपाध्यक्ष अभय कुमार सिंह समेत जिला कार्यकारिणी सदस्यों ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों और कार्यसमिति सदस्यों को बधाई दी है। साथ ही कहा है कि इससे जिला कमेटी मजबूत हुई है। निर्वाचित घोषित पदाधिकारी को प्रमाण पत्र और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया इस अवसर पर उप प्रमुख सत्येंद्र कुमार, सांसद प्रतिनिधि ओम प्रकाश मेहता, मुखिया संघ के जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार मेहता, मुखिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष साकेंद्र प्रसाद मेहता संस्था मानव विकास के बीरबल प्रसाद, प्रमुख प्रतिनिधि सिकंदर कुमार दास भाजपा नेता बटेश्वर प्रसाद मेहता रामकिशोर प्रसाद मेहता मुरली प्रसाद मेहता मासस के लोकनाथ महतो डॉक्टर सनी कुमार के अलावा कई लोग मौजूद थे।

### प्रेस क्लब दारू के अध्यक्ष बने बसंत नारायण व सचिव महेश कुमार



**दारू।** प्रेस क्लब हजारीबाग के निर्देशानुसार शनिवार को प्रेस क्लब दारू इकाई का चुनाव बी डी जायसवाल महाविद्यालय झुमरा के सभागार में शांति एवम लोकतांत्रिक तरीके से संपन्न हुआ। जिसमे अध्यक्ष पद पर बसंत नारायण सचिव महेश कुमार साव कोषाध्यक्ष रौशन सिन्हा उपाध्यक्ष बिनोद कुमार उपसचिव दिनेश कुमार केंद्रीय सदस्य भैया सुमित सिन्हा कार्यकारिणी सदस्य रंजीत कुमार , सुनील कुमार और रामविलास शर्मा निर्वाचित हुए । जिसमे अध्यक्ष पद के लिये मतदान प्रक्रिया की गई जिसमें अध्यक्ष पद के लिए दो उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र भरा था जिसमे कुल 15 मतों में 2 मतदाता अनुपस्थित रहे । कुल 13 मतों में बसंत नारायण को 9 मत और बालेश्वर प्रसाद को 4 मत प्राप्त हुआ । बाकी अन्य पद के उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए । चुनाव प्रक्रिया 22 अगस्त से नामांकन फॉर्म बिक्री के साथ प्रारम्भ हुआ था जो शनिवार को निर्वाचित पदाधिकारीयो को सर्टिफिकेट वितरण के साथ समाप्त हुआ । प्रेस क्लब दारू इकाई से निर्वाचित पदाधिकारी के रूप में दयाल राम और पप्पू ठाकुर को मनोनीत किया गया था । चुनाव कार्य को लेकर प्रेस क्लब हजारीबाग से आये पर्यवेक्षक अमूलचंद्र पांडेय और कुणाल कुमार भारद्वाज हजारीबाग से चल कर पहुंचे । नर्वाचित पदाधिकारियों को जिला अध्यक्ष उमेश प्रताप जिला सचिव मिथलेश मिश्रा जिला उपाध्यक्ष अभय कुमार सिंह, जिला उपसचिव नवीन कुमार सिन्हा , देवनारायण प्रसाद और बबलू कुमार, रितेश खंडेलवाल, प्रमोद खंडेलवाल, कैलाश प्रसाद सहित कई सदस्यों ने बधाई और शुभकामनाएं दी । इस मौके पर बसंत नारायण,महेश कुमार साव, रौशन सिन्हा , बिनोद कुमार, बालेश्वर प्रसाद, दिनेश कुमार, भैया सुमित सिन्हा, पप्पू ठाकुर, सुनील कुमार, रंजीत कुमार, दयाल राम, भैया नितेश, रामविलास शर्मा उपस्थित थे।

### पार्टी का आधार हैं कार्यकर्ताः बिनोद विश्वकर्मा



**बरही।** बरही स्थित झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रधान कार्यालय में प्रखंड संयोजक मंडली के गठन को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक कीअध्यक्षता मुख्य संयोजक 20 सूत्री सदस्य रंजीत पांडेय व संचालन बीस सूत्री सदस्य अब्दुल इम्तियाज उर्फ बबलू ने किया। बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सह झामुमो केंद्रीय सदस्य विनोद विश्वकर्मा उपस्थित रहे। बैठक में संयोजक मंडली के सभी सदस्यों की मौजूदगी में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि बरही प्रखंड अंतर्गत तमाम पंचायत में पंचायत कमेटी का गठन करना एवं पंचायत और प्रखंड में सदस्यता अभियान चलाकर अधिक से अधिक लोगों को पार्टी में जोड़कर संगठन को मजबूत बनाना मुख्य उद्देश्य है। इसके अलावा विनोद विश्वकर्मा ने अपने वक्तव्य में कहा कि प्रखंड के जांबाज और संघर्षशील आंदोलनकारी नेताओ ने झारखंड अलग राज्य निर्माण में अहम भूमिका निभाने के साथ बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया है। कार्यकर्ता ही पार्टी का आधार होता है।इसलिए प्रत्येक कार्यकताओं के लिये मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हाथों को मजबूत करना है।मौके पर तोहिद अली, बिट्टू विश्वकर्मा, गोविंद भगत, मुमताज आलम, नेम अली, अवध बिहारी सोनी, ब्रजकिशोर साहू, सिकंदर पांडे, मनोज केसरी, संजय राम, टिंकू सिंह, मोहम्मद सुभानी अंसारी, मोहम्मद मुस्ताक आलम, संतोष सोनी आदि उपस्थित रहे।

### बरही में 410 स्कूली बच्चों को मिला बैग



**बरही।** प्रखंड प्रमुख मनोज रजक, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, जिप सदस्य मंजू देवी, खोड़ाहर मुखिया प्रतिनिधि खिरोधर यादव, विद्यालय ब्रांड अम्बेसडर परमेश्वर यादव, खोड़ाहर उप मुखिया रोहित यादव, विद्यालय प्रबन्धन समिति के अध्यक्ष महेश सिंह, सदस्य श्याम राम, मुद्रिका देवी, नरेश यादव सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों ने संयुक्तरूप से उत्क्रमित उच्च विद्यालय खोड़ाहर के कुल 410 बच्चों को नोटबुक व बैग का वितरण किया। विद्यालय प्रभारी डॉ सुनील यादव ने बताया कि स्कूली शिक्षा साक्षरता विभाग झारखण्ड सरकार बच्चों को शिक्षा से जुड़ी मूलभूत सुविधा देने के लिए प्रतिबद्ध है। शिक्षा विभाग की ये योजनाएं बच्चों के शैक्षणिक विकास के लिए बेहद लाभदायक है। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिका सुधा रश्मि, रश्मि टोप्पो शिक्षक फैयाज आलम, विक्रम प्रजापति, दिलेश्वर प्रसाद, किरण देवी, आरती देवी, संजू देवी ,प्रत्युष बनर्जी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाया।

### हिहडी-पिपडी आदिवासी ट्रस्ट का निरीक्षण

**चरही।** शनिवार को चूरचू प्रखंड के बहेरा पंचायत के 45 कांटा स्थित सीसीएल चेक पोस्ट के पास हीहडी–पीपडी आदिवासी ट्रस्ट जूता चप्पल युनिट का खादी ग्रामोद्योग आयोग भारत सरकार रांची के द्वारा निरीक्षण किया गया।यह निरीक्षण केभीआईसी रांची के सुनिल कुमार,एसके मिश्रा और आशिष वर्मा ने किया।जूता,चपल और जूती के निर्माण कार्य को देख काफी प्रभावित हुए। उपरोक्त अधिकारियों ने कहा कि इस ट्रस्ट को हर संभव मदद किया जाएगा।मौके पर हीहडी–पीपडी आदिवासी ट्रस्ट के अध्यक्ष अमर कुमार किस्कू,सचिव भीमसेंट टुडू ,बहेरा मुखिया देवकी महतो,उप मुखिया शिवचंद मुर्मू,पूर्व उप प्रमुख सह विधायक प्रतिनिधि चौलेशवर महतो,तकनिकी प्रशिक्षिक ललित कुमार,मरिया मुर्मू, लीलावती देवी,कुसुम देवी,कल्पना देवी,उषा देवी,पुनम देवी,आनंद मुर्मू सहित कई लोग उपस्थित थे।

# मानवता की प्रतिमूर्ति मदर टेरेसा



एनके मुरलीधर

दया की देवी, दीन हीनों की मां तथा मानवता की मूर्ति मदर टेरेसा एक ऐसी संत महिला थीं जिनके माध्यम से हम ईश्वरीय प्रकाश को देख सकते थे। उन्होंने अपना जीवन तिरस्कृत, असहाय, पीड़ित, निर्धन तथा कमजोर लोगों की सेवा में बिता दिया था।

वह संगठन जो उन्होंने अब से तीस वर्ष पहले अपने सहयोगी भाई बहनों की सहायता से गरीबों की भलाई के लिए निःशुल्क शुरू किया था आज एक विश्वव्यापी संगठन बन चुका है। नोबल प्राइज फाउन्डेशन ने 1979 में मदर टेरेसा को विश्व के सर्वोच्च पुरस्कार नोबल पुरस्कार से पुरस्कृत किया था। यह पुरस्कार शान्ति के लिए उनकी प्रवीणता के लिए दिया गया था।

मदर टेरेसा का जन्म 1910 में युगोस्लाविया में हुआ था । 12 वर्ष की उम्र में ही उन्होंने 'नन' बनने का फैसला किया और 18 वर्ष की आयु में कलकत्ता में ' आइरेश नौरेटो नन मिशनरी में शामिल होने का निर्णय लिया। प्रतिज्ञा लेने के बाद वह सेंट मैरी हाईस्कूल कलकत्ता में अध्यापिका बन गयीं।

बीस साल तक अध्यापक के पद पर तथा प्रधान अध्यापक पद पर तथा प्रधान अध्यापक पद पर उन्होंने ईमानदारीपूर्वक कार्य किया। लेकिन उनका मन कहीं और था। कलकत्ता के झोपड़पट्टी में रहने वाले लोगों की पीड़ा और दर्द ने उन्हें बैचेन सा कर दिया। 10, सितम्बर 1946 की अपनी अर्न्तआत्मा की आवाज को सुनने के बाद उन्होंने कॉन्वेंट को छोड़ दिया और अति निर्धन लोगों के लिए सेवा कार्य करने का निर्णय किया।

उन्होंने पटना के अन्दर निंसग का प्रशिक्षण लिया और कलकत्ता की गलियों में घूम-घूम कर दया और प्रेम का मिशन प्रारम्भ किया। वह कमजोर त्यागे हुए और मरते हुए लोगों को सहारा देती थीं। उन्होंने कलकत्ता निगम से एक जमीन का टुकड़ा मांगा और उस पर एक धर्मशाला स्थापित की। इस छोटी सी शुरुआत के बाद उन्होंने जो प्रगति की वह अपने आप में महत्त्वपूर्ण थी। उन्होंने 98 स्कूटर, 425 मोबाइल डिस्पेंसरीज, 102 कुष्ठ रोगी, दवाखाना और 48 अनाथालय और 62 ऐसे गृह बनाये जिसमें दरिद्र लोग रह सकें।

मदर टेरेसा एक त्याग की मूर्ति थीं। वह जिस घर में रहती थीं वहां वह नंगे पैर चलती थीं और वहां भी वह एक छोटे से कमरे में रहती थीं और अतिथियों से मिला करती थीं। उस कमरे में केवल एक मेज और कुछ कुर्सियां होती थीं। मदर टेरेसा प्रत्येक व्यक्ति से मिला करती थीं और सभी से प्रेम भाव के साथ मिलती थीं और उनकी बात को सुनती थीं। उनके तौर तरीके बड़े ही विनम्र हुआ करते थे। उनकी आवाज में सज्जनता और विनम्रता झलकती थी और उनकी मुस्कुराहट हृदय की गहराइयों से निकला करती थी। सुबह से लेकर शाम तक वह अपनी मिशनरी बहनों के साथ व्यस्त रहा करती थीं। काम समाप्ती के बाद वह पत्र आदि पढ़ा करती थीं जो उनके पास आया करते थे। मदर टेरेसा वास्तव में प्रेम और शांति की दूत थीं। उनका विश्वास था की दुनिया में सारी बुराईयाँ घरसे पैदा होती हैं। अगर घर में प्रेम होगा तो यह स्वाभाविक रूप से विश्व के सभी लोगों में शान्ति बने। उनका संदेश था हमें एक झ दूसरे से इस तरह से प्रेम करना चाहिए जैसे ईश्वर हम सबसे करता है। तभी हम विश्व में, अपने देश में, अपने घर में तथा अपने हृदय में शान्ति ल सकते हैं।

**(लेखक चीफ सब एडिटर खबर मन्त्र हैं। 9934345750)**

**अकेलापन सबसे भयानक गरीबी है.**
**मुस्कुराहट से ही शांति की शुरूआत होती है.**
**हम भविष्य से डरते हैं क्योंकि हम आज को बर्बाद कर रहे हैं.**
**मैं सफलता के लिए नहीं बल्कि विश्वास के लिए प्रार्थना करती हूं.**
**मीठे बोल बोलने में आसान होते हैं लेकिन उनकी गूंज अनंत तक होती है.**
**आप जहां भी जाएं वहां प्यार फैलाएं. जो आपके पास आए वह खुश होकर ही लौटे.**
**अगर आप 100 लोगों की सहायता नहीं कर सकते तो केवल एक की ही मदद कर दो.**
**बात यह नहीं है कि हम कितना देते हैं, महत्वपूर्ण यह है कि हम कितना प्यार से देते हैं.**
**यदि आप एक सौ लोगों को भोजन नहीं करा सकते हैं, तो सिर्फ एक को ही भोजन करवाएं.**
**मैं चाहती हूँ की आप अपने पड़ोसी के बारे में चिंतित रहें. क्या आप अपने पड़ोसी को जानते हो?**
**कल तो चला गया, आने वाला कल अभी आया नहीं, हमारे पास सिर्फ आज है, आइए शुरूआत करें.**



## प्रेरक घटना तीन

**मदर टेरेसा से एक बार एक इंटरव्यू करने वाले ने पूछा** : जब आप प्रार्थना करती हैं तो ईश्वर से क्या कहती हैं?
**मदर ने जवाब दिया** : मैं कुछ कहती नहीं, सिर्फ सुनती हूं।
इंटरव्यू करने वाले को ज्यादा तो समझ नहीं आया, पर उसने दूसरा प्रश्न पूछा – तो फिर जब आप सुनती हैं तो ईश्वर आपसे क्या कहता है?
मदर : वह भी कुछ नहीं कहता, सिर्फ सुनता है।
कुछ देर मौन छा गया, इंटरव्यू करने वाले को आगे का प्रश्न समझ ही नहीं आ रहा था कि अब क्या किया जाए। थोड़ी देर बाद इस मौन को तोड़ते हुए मदर ने खुद कहा– क्या आप समझे, जो मैं कहना चाहती थी, मुझे माफ कीजिएगा मेरे पास आपको समझाने का कोई दूसरा तरीका नहीं है।
मदर टेरेसा ने डॉक्टर से तुरंत प्रश्न किया, 'अगर आपका बेटा इस स्थिति में आपके पास लाया जाता, तो क्या आप उसके घावों पर दवाई लगाने के लिए दस्ताने पहनने तक का इंतजार करते?' ऐसी मां थीं मदर टेरेसा।

## २००३ : धन्य घोषित

ऐसा माना जाता है कि दुनिया में लगभग सारे लोग सिर्फ अपने लिए जीते हैं पर मानव इतिहास में ऐसे कई मनुष्यों के उदहारण हैं जिन्होंने अपना तमाम जीवन परोपकार और दूसरों की सेवा में अर्पित कर दिया। मदर टेरेसा भी ऐसे ही महान लोगों में एक हैं जो सिर्फ दूसरों के लिए जीते हैं। मदर टेरेसा ऐसा नाम है जिसका स्मरण होते ही हमारा हृदय श्रद्धा से भर उठता है और चेहरे पर एक खास आभा उमड़ जाती है। मदर टेरेसा एक ऐसी महान आत्मा थीं जिनका हृदय संसार के तमाम दीन-दरिद्र, बीमार, असहाय और गरीबों के लिए धड़कता था और इसी कारण उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन उनके सेवा और भलाई में लगा दिया। उनका असली नाम 'अगनेस गोंझा बोयाजिजू' था। अलबेनियन भाषा में गोंझा का अर्थ फूल की कली होता है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि मदर टेरेसा एक ऐसी कली थीं जिन्होंने छोटी सी उम्र में ही गरीबों, दरिद्रों और असहायों की जिन्दगी में प्यार की खुशबू भर दी थी। अपना पूरा जीवन गरीबों की सेवा में सर्मिपत करने वाली मदर टेरेसा को संत की उपाधि दी जाएगी। पोप फ्रांसिस ने अपना पूरा जीवन गरीबों की सेवा में सर्मपित करने वाली नोबेल शांति पुरस्कार विजेता मदर टेरेसा को चार सितंबर को रोमन कैथोलिक संत का दर्जा दिए जाने की घोषणा की। मदर टेरेसा का निधन 87 वर्ष की उम्र में वर्ष 1997 में हुआ था। मदर टेरेसा की मौत के बाद उनके दो चमत्कारों की वजह से उन्हें संत माना गया है। गौरतलब है कि इस सम्मान को पाने के लिए उस शख्स को दो, चमत्कारों की जरूरत होती है। मदर टेरेसा को 2003 में धन्य घोषित किया गया था। पोप फ्रांसिस ने गत दिसंबर में मदर टेरेसा के दूसरे चमत्कार को मान्यता दे दी थी। यह चमत्कार ब्रेन ट्यूमर से पीड़ित ब्राजील के एक व्यक्ति से जुड़ा है, जिसे मदर टेरेसा ने इस बीमारी से निजात दिलाई थी।

### मदर टेरेसा एक परिचय

जन्म: 26 अगस्त, 1910, स्कॉप्जे, (अब मसेदोनिया में)
मृत्यु: 5 सितंबर, 1997, कलकत्ता, भारत
कार्य: मानवता की सेवा, 'मिशनरीज ऑफ चैरिटी' की स्थापना
नोबेल शांति पुरस्कार 1979 में









## कैसे बनते हैं संत

कैथोलिक चर्च के संत की उपाधि हासिल करने के लिए दो चमत्कार की पुष्टि होना आवशयक होता है। कैथोलिक ईसाइयत में संत की उपाधि दिए जाने की प्रक्रिया काफी व्यवस्थित और समयसाध्य है। इस प्रक्रिया में 'संत' घोषित करने के चार चरण होते हैं। पहले चरण में व्यक्ति को 'प्रभु का सेवक' घोषित किया जाता है। दूसरे चरण में 'पूज्य' माना जाता है। तीसरे चरण में पोप द्वारा 'धन्य' माना जाता है। 'धन्य' घोषित करने के लिए एक चमत्कार की पुष्टि होना जरुरी है। अंतिम चरण में 'संत' घोषित किया जाता है।

## कम से कम दो चमत्कार जरूरी

संत की उपाधि दिये जाने के लिए कम से कम दो चमत्कारों की पुष्टि होना आवश्यक है। चमत्कार उस संत द्वारा या उसकी समाधि पर की गई प्रार्थना द्वारा किसी असाध्य रोग के ठीक होने की शक्ल में होता है। वेटिकन की एक समिति इन चमत्कारों की जांच करती है जिसमें कुछ धर्मगुरु और डॉक्टर होते हैं। जब यह समिति चमत्कारों की पुष्टि कर देती है तब पोप वेटिकन के समारोह में 'संत' की उपाधि प्रदान करने की अधिकारिक घोषणा करते है।

## मदर टेरेसा से पहले किसे मिली उपाधि

मदर टेरेसा के पहले चमत्कार को वर्ष 2003 में पोप जॉन पॉल ने मान्यता दी थी। माना जाता है कि मदर टेरेसा ने पेट के ट्यूमर से पीड़ित एक भारतीय महिला को बीमारी से निजात दिलाई थी। इससे पहले वर्ष 2014 में फादर कुरियाकोज चवारा और सिस्टर यूफ्रेशिया को भी संत की उपाधि मिली थी।

## मदर टेरेसा की प्रेरणादायी घटनाएं

नोबेल पुरस्कार विजेता मदर टेरेसा अपने नाम के अनुरूप वास्तव में एक सच्ची मां थीं। एक दिन वे लंदन से आए एक डॉक्टर को निर्मल हृदय (जहां कुष्ठ रोगियों का इलाज किया जाता था) का अवलोकन करा रही थीं, तभी एक ऐसे कुष्ठ रोगी को वहां लाया गया, जिसके शरीर पर कई जगह घाव हो गए थे और उन घावों से खून और मवाद बह रहा था। मदर टेरेसा लंदन से आए डॉक्टर को वहीं छोड़कर तुरंत उस रोगी के पास पहुंची और उसके घावों को अपनी साड़ी के पल्लू से पोंछने के बाद उन पर अपने हाथों से दवाई लगाने लगीं। तब तक वे डॉक्टर महोदय भी वहां पहुंच गए, मदर को कुष्ठ रोगी के घावों पर दवाई लगाते हुए देखकर उन्होंने कहा, 'मदर आप घावों पर दवाई लगाने से पहले कम से कम अपने हाथों पर दस्ताने तो पहन लेतीं।'

## प्रेरक घटना दो

मदर टेरेसा एक सच्ची सेवक थीं। एक बार मदर टेरेसा कुष्ठ रोग से पीड़ित रोगियों के इलाज के लिए कोलकाता में दुकान-दुकान जाकर चंदा एकत्र कर रही थीं। इसी सिलसिले में वे एक अमीर व्यापारी की दुकान पर पहुंची, जो अपनी दुकान पर बैठे-बैठे पान चबा रहा था।

जब मदर टेरसा ने उस व्यापारी के आगे अपना सीधा हाथ फैलाकर कहा कि कुष्ठ रोग से पीड़ित भाइयों के लिए कुछ देने की कृपा करें, तब उस व्यापारी ने मदर के सीधे हाथ पर पान की पीक थूक दी। इस पर मदर टेरसा बिल्कुल भी विचलित नहीं हुईं और उन्होंने तुरंत अपना सीधा हाथ पीछे करते हुए कहा, 'यह तो मेरे लिए हो गया' और फिर अपना बायां हाथ आगे फैलाते हुए अत्यंत प्यार से बोली, 'अब कृपा कर मेरे कुष्ठ रोगी भाइयों के लिए कुछ देने का कष्ट करें।' उस व्यापारी ने सोचा भी नहीं था कि किसी के हाथ पर थूकने के बाद भी वह बिल्कुल विचलित और क्रोधित नहीं होगा और उल्टा अपना प्यार प्रर्दिशत करेगा। वह तुरंत मदर के चरणों में गिर पड़ा। अपने किए की माफी मांगी और उसके बाद मदर टेरेसा की मदद भी की

## मदर टेरेसा के अनमोल वचन

जिस व्यक्ति को कोई चाहने वाला न हो,कोई ख्याल रखने वाला न हो, जिसे हर कोई भूल चुका हो,मेरे विचार से वह किसी ऐसे व्यक्ति की तुलना में जिसके पास कुछ खाने को न हो,कहीं बड़ी भूख,कही बड़ी गरीबी से ग्रस्त है।
यदि हमारे मन में शांति नहीं है तो इसकी वजह है कि हम यह भूल चुके हैं कि हम एक दूसरे के हैं।

- यदि आप सौ लोगों को नहीं खिला सकते तो एक को ही खिलाइए।
- शांति की शुरुआत मुस्कराहट से होती है।
- जहां जाइए प्यार फैलाइए जो भी आपके पास आए वह और खुश होकर लौटे।
- सबसे बड़ी बीमारी कुष्ठ रोग या तपेदिक नहीं है ,बल्कि अवांछित होना ही सबसे बड़ी बीमारी है।
- चमत्कार यह नहीं की हम यह काम करते हैं बल्कि यह है कि ऐसा करने में हमें खुशी मिलती है।
- प्यार की भूख को मिटाना रोगी के भूख को मिटाने से कहीं ज्यादा जरूरी है।
- अकेलापन सबसे भयानक गरीबी है।



## स्पीड न्यूज

### चेहल्लुम मेला को लेकर बनी कमेटी

**सेन्हा–लोहरदगा।** सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के भड़गांव पंचायत ग्राम स्थित सप्ताहिक बाजार मैदान में चेहल्लुम मेला आयोजन को लेकर अंजुमन इस्लामिया भड़गांव, कल्हेपाट एवं अरू की संयुक्त बैठक की गयी। उक्त बैठक जनाब जहूर अंसारी के सदारत में आयोजित किया गया। जिसमें पुराने कमेटी को भंग करते हुए नया कमेटी का चयन किया गया। बैठक के दौरान सहमति से सदर के लिए मिनहाज अंसारी, वाइस सदर वकील अंसारी, सेकेट्री रुषतम अंसारी वाइस सेकेट्री अबुसहमु उर्फ सोनू खजांची सरताज अंसारी को चुना गया।

### पार्थिव शरीर लाने को मिली सहायता राशि



**गुमला।** हिमाचल प्रदेश में भू स्खलन में चैनपुर प्रखंड के केरागानी के झालू उरांव व उसकी पत्नी राजकुमारी देवी के मृत्यु के पश्चात उनकी मां गंदौरी देवी को मृतकों का पार्थिव शरीर लाने के लिए श्रम विभाग से शनिवार को पचास हजार रूपये का सहायता राशि का चेक दिया गया। ज्ञात हो कि प्रवासी श्रमिक स्व झालू उरांव एवं उनकी पत्नी राजकुमारी देवी काम करने हिमाचल गये थे। इसी दौरान 23 अगस्त को भू स्खलन के दौरान दंपति की मौत हो गयी।

### परसा की अलग पहचान : जहांगीर आलम



**भरनो।** प्रखंड के परसा गांव में पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट किया गया। जिसका उद्घाटन समाजसेवी सह पंचायत समिति सदस्य जहांगीर आलम ने फीता काटकर किया। मौके पर जहांगीर आलम ने कहा कि खेल के प्रति ग्राम परसा के खेल प्रेमियों का हमारा गुमला जिले में हमेशा से ही एक अलग पहचान रही है। साथ ही उन्होंने खिलाड़ियों को खेल को हमेशा खेल की भावना से खेलें के लिए प्रेरित किया। मौके पर कांग्रेस के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष साबिर फरास, भूतपूर्व बेस्ट प्लेयर मीर दुबराज, मीर गुलजार, मीर तबरेज, मीर चंगेज, इदरीस खान, मीर अनवर, सफील फरास, मीर आशिक, गुलशाद खान, मोकतार खान, यूसुफ अली थे।

### सिविल कोर्ट में जागरूकता कार्यक्रम



**लोहरदगा।** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर शनिवार को रेफरल जजेज एवं मध्यस्थों को लेकर जागरूकता कार्यक्रम सिविल कोर्ट परिसर स्थित डालसा सभागार में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राजेंद्र बहादुर पाल ने किया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य न्यायालय द्वारा मध्यस्थता केंद्र को भेजे जा रहे हैं वादों के संबंध में मध्यस्थ और न्यायाधीश जिन्होंने केस मध्यस्थतों को भेजा है, के बीच एक संवाद स्थापित करना है ताकि कार्य में आ रहे किसी भी तरह कमियों को दूर किया सके। कार्यक्रम में प्रधान जिला में सत्र न्यायाधीश राजेंद्र बहादुर पाल, प्रधान न्यायाधीश, कुटुंब न्यायालय सुभाष, प्रथम जिला जज अखिलेश कुमार तिवारी, तृतीय जिला जज अरविंद कुमार, वरीय न्यायाधीश अर्चना कुमारी आदि उपस्थित थे।

### बेसहारों का सहारा थी मदर टेरेसा : सय्यदा



**गुमला।** मदर टेरेसा की जयंती पर शनिवार को मिशन बदलाव सदस्यों ने गुमला सदर अस्पताल में फल का वितरण मरीजों के बीच किया। मिशन बदलाव की जिला सचिव सय्यदा खातून ने कहा कि मदर टेरेसा ने 1947 में भारत पाकिस्तान के बंटवारे के दौरान कई लोगों की मदद की थी। बंटवारे के दौरान अपने परिवार से बिछड़ गये बच्चों को पनाह दी। मिशन बदलाव बुद्धिजीवी मोर्चा कन्वेनर डॉ अमित कुमार ने कहा कि भारत पाकिस्तान एवं चीन भारत युद्ध के दौरान भारत की स्थिति बहुत अच्छी नहीं थी। ऐसे में मदर टेरेसा ने बेसहारा लोगों को सहारा दिया था। महिला नगर अध्यक्ष ज्योति वर्मा एवं मिशन बदलाव इनेबल के छोटलाल महतो ने कहा कि मदर टेरेसा को नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। पुरस्कार के साथ उन्हें 1,90,000 डॉलर का चेक भी दिया गया। जिसे उन्होंने गरीबों की सेवा में लगा दिया।

### मनातू बना फ्रेंडली मैच का विजेता



**घाघरा।** प्रखंड के रुकी खेल मैदान में पंचायत स्तरीय एक दिवसीय फ्रेंडली फुटबॉल मैच शनिवार को किया गया। मैच में गांव टोला सहित कुल 13 टीमें रुकी खास, मनातू, बसार टोली, पोरहा, छोटा अजियातु, बड़ा अजियातु, पतराटोली, घुठी, लालपुर, जलका केंद टोली, जाम टोली, सिवसेरेंग एवं रुकी गिरजा टोली की टीम भाग लिया।

### यूट्यूब पर देखकर युवक ने खुद इलाज का किया प्रयास, स्थिति गंभीर

**बालूमाथ।** एकीकृत बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के टोटी–हेसला ग्राम में एक युवक ने शनिवार को यूट्यूब पर वीडियो देखकर खुद का इलाज करने का प्रयास किया। जिससे उसकी स्थिति और गंभीर हो गई।जिसके बाद उसे बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार अवधेश कुमार साव 38 वर्ष पिता दिनेश साव ग्राम टोटी–हेसला थाना बरियातू निवासी को बार–बार पतला लैट्रिन हो रहा था। इसके बाद युवक ने यूट्यूब पर वीडियो देखकर कपूर की गोली खा लिया। जिससे उसकी स्थिति और गंभीर हो गई। जिसके बाद परिजनों ने युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया जहां डॉक्टर अमरनाथ प्रसाद के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर कर दिया।

65 करोड़ की लागत से 15 सड़कों का होगा सुदृढ़ीकरण, 67 किलोमीटर सड़क बनेगी मजबूत

# मूलभूल सुविधाओं के अभाव से ग्रसित गढ़वा खींच रहा है विकास की लंबी लकीर : मंत्री

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा में 65 करोड़ रूपये की लागत से 15 सड़कों का सुदृढ़ीकरण कार्य किया जाएगा। इसमें 67 किलोमीटर जर्जर सड़कों का कायाकल्प होगा। 15 सड़कों का सुदृढ़ीकरण पांच पैकेज में किया जाएगा। ग्रामीण कार्य विभाग झारखंड सरकार ने इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है। जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि पैकेज एक में मेराल प्रखंड के भुईयां टोला चारमुहान पीएमजीएसवाई रोड से लगमा तसरार पीडब्लयूडी रोड तक पांच करोड़ 59 लाख नौ हजार 800 रूपये की लागत से 5.72 किमी सड़क का सुदृढ़ीकरण कार्य किया जाएगा। जबकि देवगाना पीएमजीसवाई रोड से जरही चारमुहान पीडब्लयूडी रोड भाया गेरूआडीह आदिवासी टोला तक चार करोड़ 79 लाख 47 हजार 400 रूपये की लागत से 4.8 किमी, गढ़वा प्रखंड के उड़सुगी मोड़ से उमराटिकर उरांव टोला होते हुए महुपी तक एक करोड़ 34 लाख 46 हजार 900 रूपये की लागत से 1.37 किमी, चेतना मोड़ से महुपी तक दो करोड़ 15 लाख 48 हजार 200 रूपये की लागत से 2.5 किमी पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य किया जाएगा।



पैकेज दो में एनएच 343 ओबरा से छतरपुर कॉलेज तक सात करोड़ 86 लाख 71 हजार 600 रूपये की लागत से 8.15 किमी, पीडब्लयूडी पथ लापो से पीडब्लूडी पथ कमता भाया करचा तक छह करोड़ चार लाख 13 हजार 300 रूपये की लागत से 6.45 किमी, पैकेज तीन में गढ़वा परिहारा सिवाना से कितासोती खूर्द भाया करके बाजार टेनवा तक पांच करोड़ 50 लाख पांच हजार 200 रूपये की लागत से 5.6 किमी, ग्राम कुंडी नहर से तहले नदी ट्रांसफर्मर होते हुए महुराम तक 84 लाख 89 हजार रूपये की लागत से 1.25 किमी, एनएच 343 पचपड़वा से हंसकेर सीमा भाया पालिटेक्निक कॉलेज गढ़वा तक पांच करोड़ 68 लाख एक हजार 900 रूपये की लागत से 5.93 किमी, पैकेज चार में पिपरा नहर पीएमजीएसवाई रोड से राजमुनि चौरी के घर होते हुए माहावीर चौधरी के घर तक तीन करोड़ 27 लाख 98 हजार 200 रूपये की लागत से 3.62 किमी, हुर पोखर टांड से रिंग रोड भाया पिपरा टांड़ तीनकोनवा नहर तक तीन करोड़ पांच लाख 98 हजार 600 रूपये की लागत से 3.2 किमी, हुर चारमुहान से दानरो पुल तक दो करोड़ 27 लाख 16 हजार 700 रूपये की लागत से 2.65 किमी, मझिआंव गढ़वा मेन रोड दलेली मंदिर से माहेताम सीमा होते हुए चेरीधाम बौराहा बीटी रोड तक चार करोड़ 44 लाख 28 हजार 100 रूपये की लागत से 4.51 किमी, पैकेज पांच में एल 055- एल 027 गढ़वा शाहपुर पीडब्लयूडी रोड से बरही टोला करूआ खूर्द तक सात करोड़ 60 लाख 56 हजार 300 रूपये की लागत से 7.78 किमी तथा पीडब्लयूडी रोड अरंगी से चिरौंजिया होते हुए सरस्वतिया नदी पुल तक तीन करोड़ 62 लाख 62 हजार 800 रूपये की लागत से 3.8 किमी सड़क का सुदृढ़ीकरण कार्य किया जाएगा। मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि उक्त सड़कें लंबे समय से काफी जर्जर अवस्था में थी। लोगों को आवागमन में काफी परेशानी हो रही थी। क्षेत्र के लोग इन सड़कों के सुदृढ़ीकरण का लंबे समय से मांग कर रहे थे। अब इन सड़कों का यथाशीघ्र सुदृढ़ीकरण कार्य किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि गढ़वा का चप्पे-चप्पे में बेहतर आवागमन की सुविधा उपलब्ध करायी जाएगी।

# जिला प्रशासन ने की जेल में छापेमारी, कैदियों में हड़कंप

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा जेल में मे लंबे समय के बाद जिला प्रशासन के द्वारा भारी भरकम अधिकारियों के काफिले के साथ छापेमारी की गई है। हालांकि छापेमारी में कोई आपत्तिजनक सामान बरामद होने की सूचना नही हैं।

बताया जाता है कि छापेमारी का नेतृत्व अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल और डीएसपी मुख्यालय परमेश्वर प्रसाद कर रहे थे। जानकारी के मुताबिक करीब 100 की संख्या प्रशासनिक अधिकारी, पुलिस अधिकारी, पुलिस के जवान छापेमारी करने पहुंचे थे। यह छापा अचानक ही पड़ा है।

छापेमारी टीम को देखकर कैदियों के बीच हड़कंप मच गया। पुलिस की टीम ने जेल चप्पे-चप्पे को खंगाला। हालांकि इस छापामारी में समान बरामदगी को लेकर कोई भी आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है।

### राज्य स्तर से मिला था छापामारी का निर्देश




सूत्रों की मानें तो जेल में छापेमारी को लेकर राज्य स्तर से निर्देश प्राप्त हुआ था। जिसके बाद पूरी टीम छापेमारी करने पहुंची थी। इस दौरान महिला वार्ड, पुरुष वार्ड, शौचालय, कारा परिसर की जांच की गयी। जांच के दौरान कई आपत्तिजनक सामान बरामद किये जाने की बात कही जा रही है। राज्य में बढ़ते आपराधिक घटनाओं को लेकर यह कार्रवाई की जा रही है। दरअसल कुछ दिनों पहले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी डीजीपी को फटकार लगाई थी और कहा था कि जब आपको खुली छूट दे रखी है तो फिर आपराधिक घटनाएं कैसे बढ़ते जा रही है। इधर दो दिन पहले हाई कोर्ट ने भी डीजीपी से सवाल किया है कि आखिर आपराधिक घटनाएं रुक क्यों नहीं रही है। ऐसे में पुलिस प्रशासन पर दबाव बन रहा है। इसलिए जेल में अचानक ही छापेमारी की जा रही है। क्योंकि जेल के अंदर से बैठे-बैठे भी कुछ दुर्दांत अपराधी बाहर के घटनाओं को अंजाम दिलवाने का काम कर रहे हैं।

# ब्लाइंड मर्डर का खुलासा, साला ही निकला जीजा का हत्यारा

हत्या की साजिश में शालिग्राम की पत्नी तथा दूसरा साला भी है शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता

**इटखोरी।** थाना क्षेत्र के कृषि फार्म के समीप एक झोपड़पट्टी होटल में बीते 24 अगस्त को चतरा के शालिग्राम उपाध्याय की हत्याकांड का पुलिस ने 24 घंटे में खुलासा कर लिया है। एसडीपीओ अविनाश कुमार के नेतृत्व में गठित एसआईटी ने इस मामले में मृतक की पत्नी और उसके दो भाईयों को गिरफ्तार किया है। पुलिस का दावा है कि मृतक की पत्नी ही इस हत्याकांड की मास्टरमाइंड है और उसने ही अपने दो भाईयो के साथ मिलकर इस घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने मृतक शालिग्राम उपाध्याय की पत्नी सावित्री देवी व दो साले राहुल कुमार पंडित व विशाल कुमार उर्फ केतू पंडित को गिरफ्तार करते हुए घटना में प्रयुक्त चाकू, अभियुक्त राहुल कुमार का खून से सना शर्ट व पाजामा समेत दो मोबाइल फोन भी जब्त किया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अविनाश कुमार यादव ने हत्याकांड के उद्भेदन की जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन के द्वारा शालिग्राम उपाध्याय हत्याकांड का उद्भेदन करने के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। जिसमें पुलिस निरीक्षक शिव प्रकाश कुमार, इटखोरी के थाना प्रभारी विनोद कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक अनिल कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक बंटी यादव तथा सशस्त्र बल के जवान शामिल किए गए। उन्होंने बताया है कि इस हत्याकांड का उद्भेदन करना पुलिस के लिए एक चुनौती था। लेकिन टेक्निकल सर्विलेंस के सहयोग से पुलिस ने 24 घंटे के अंदर हत्याकांड का उद्भेदन कर लिया।



जानकारी देते अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी व अन्य

# मन की बात में आज कुडु के मसियातु गांव व ग्रामीणों की चर्चा करेंगे पीएम

खबर मन्त्र संवाददाता

**कुडु।** प्रखंड के सलगी पंचायत अंतर्गत मसियातु गांव और ग्रामवासी का आज 27 अगस्त रविवार सुबह 11:00 बजे को प्रधानमंत्री मन की बात कार्यक्रम में जिक्र किया जायेगा। पीएम मोदी इस गांव और ग्रामीणों के कार्यों की चर्चा अपने कार्यक्रम में करेंगे। इस कार्यक्रम की तैयारी के निमित्त भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष मनीर उरांव के नेतृत्व में मसियातु ग्राम के लोगों से बातचीत एवं स्थान का चयन किया गया। मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश प्रसाद, जिला महामंत्री राजकुमार वर्मा, कार्यक्रम संयोजक लाल विकास नाथ शाहदेव, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष संजय चौधरी, पशुपति नाथ पारस, यदुनंदन तिवारी, सुभाष साहू, सुधांशु कुमार शामिल थे। मौके पर जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि प्रधानमंत्री मन की बात कार्यक्रम से जिले से ऐसे लोगों का सीधा जुड़ाव बहुत ही ऐतिहासिक क्षण होने वाला है। मसियातु ग्राम एक जनजाति (तुरी समाज) बहुलता वाला ग्राम है।



# कैरियर पथ तलाशें और अपने जुनून को जल्दी पहचानें सभी विद्यार्थी : मनोज कुमार

■ आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस की उपयोगिता व कैरियर मार्गदर्शन पर पॉलिटेक्निक कॉलेज में सेमिनार

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** पॉलिटेक्निक कॉलेज गुमला में शनिवार को भविष्य में आर्टिफीसियल इन्टेलिजेंस की उपयोगिता एवं कैरियर मार्गदर्शन पर एक दिवसीय प्रेरक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस सेमिनार का उद्देश्य डिप्लोमा एवं बीसीए के छात्रों को मार्गदर्शन प्रदान कर उनके उज्जवल के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में श्री मनोज कुमार (उपायुक्त, उत्पाद, संथाल परगना, दुमका प्रमंडल, झारखण्ड) एवं वक्ता के रूप में श्री प्रणव झा (क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, मुरादाबाद प्रमंडल, उत्तर प्रदेश) शमिल हुए। सेमिनार की शुरूआत कैरियर मार्गदर्शन पर एक ज्ञानवर्धक सत्र के साथ हुई। जिसमें श्री मनोज कुमार ने विभिन्न उद्योगों में अपने व्यापक अनुभव से प्राप्त मूल्यवान अंतर्दृष्टि साझा की। उनके प्रेरणादायक शब्दों और व्यावहारिक सलाह ने छात्रों को स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करने, विविध कैरियर पथ तलाशने और अपने जुनून को जल्दी पहचानने के लिए प्रोत्साहित किया।



## एक नजर में

### लाराबाद के समीप मिले शव का खुलासा, दो गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**जयनगर (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत लाराबाद रेलवे कोरिडोर घेराबंदी के बाहर से पुलिस ने एक 24 वर्षीय युवक का शव बीते गुरुवार की सुबह बरामद किया था। सूचना पर एएसपी प्रवीण पुष्कर, थाना प्रभारी उमानाथ सिंह, एसआई पंचम तिग्गा, जयप्रकाश सिंह आदि ने उक्त स्थल पर पहुंचे थे। इस दौरान पुलिस को शव के पास से एक बैग मिला था। जिसमें रखे कागजात के आधार पर मृतक युवक की पहचान 24 वर्षीय नीतीश कुमार पिता मनोज प्रसाद साकिन डुमरी थाना मोहनपुर जिला गया बिहार निवासी के रूप में की गयी थी। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेज दिया था। इस मामले में पुलिस ने कांड संख्या 175/23 दर्ज कर जितेंद्र रविदास और कामदेव रविदास को जेल भेज दिया है।

### बलात्कार की घटना में 11 साल से फरार आरोपी गिरफ्तार, एक अन्य वारंटी को भी पुलिस ने भेजा जेल

**बरवाडीह।** जिले के पुलिस कप्तान अंजनी अजन के निर्देश पर बरवाडीह थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह के द्वारा विभिन्न कांडों में वांछित और फरार चल रहे आरोपियों के खिलाफ विशेष छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह ने अपनी पुलिस टीम के साथ मिलकर थाना क्षेत्र के छेचा से पिछले 11 साल से फरार बलात्कार की घटना के आरोपी इमामुद्दीन खान, पिता इदरीश खान को गिरफ्तार किया है। वहीं इसके साथ थाना क्षेत्र के छोटकी पोखरी निवासी स्थाई वारंटी शिवप्रसाद सा को भी गिरफ्तार कर न्यायिक दंडाधिकारी के समक्ष पेश करने की कार्रवाई की गई। प्रेस वार्ता करते हुए थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह ने बताया कि जिले के पुलिस कप्तान महोदय के निर्देश और अनुमंडलीय पुलिस पदाधिकारी के कुशल नेतृत्व में थाना क्षेत्र में लगातार फरार चल रहे विभिन्न कांडों के आरोपियों को गिरफ्तार करने की कार्रवाई की जा रही है।

### महिला की हत्या करने वाले को पुलिस ने भेजा जेल

**महुआडांड़।** नेतरहाट थाना क्षेत्र के अंतर्गत रचांग बटूवाटोली गांव में गुरुवार की रात रनकी देवी उम्र 45 वर्ष की महिला की धारदार हथियार (टांगी) से गर्दन काटकर हत्या करने वाले आरोपी को नेतरहाट थाना पुलिस ने 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार व्यक्ति का नाम दिलेश्वर किसान पिता चकती किसान उम्र 50 वर्ष ग्राम कोरगी बटुवाटोली नेतरहाट का रहने वाला है। इस संबंध में नेतरहाट थाना प्रभारी बंधन भगत ने बताया कि हत्या के आरोपी दिलेश्वर किसान ने हत्या करने की बात स्वीकार कर ली है।

# ग्रामीण क्षेत्रों में शांति बहाली पुलिस का कर्त्तव्य है : एसपी

■ सामुदायिक पुलिसिंग के तहत चौरापाट गांव में शिविर का आयोजन, एसपी ने शिविर में ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** सामुदायिक पुलिसिंग के तहत शनिवार को गुरदरी थाना क्षेत्र के चौरापाट गांव में शिविर का आयोजन कर ग्रामीणों के बीच विभिन्न सामग्री का वितरण गुमला पुलिस ने किया। वहीं एसपी डॉ ऐहतेशाम वकारिव ने शिविर में ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच किया गया और उनको दवा दी। एसपी ने ग्रामीणों को कहा कि डायन बिसाही नाम की कोई चीज नहीं होती है। यह मन का भ्रम है। परिवार के लोग बीमार पड़े तो सीधे अस्पताल ले जाकर इलाज करायें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में शांति बहाली रखना पुलिस का कर्तव्य है। जिसके लिए ग्रामीणों को भी पुलिस का हर संभव सहयोग करना चाहिए।



### लीडरशीप डेवलपमेंट मिशन के तहत कांग्रेस की बैठक 28 को

**लोहरदगा।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के निर्देशानुसार लीडरशीप डेवलपमेंट मिशन कार्यक्रम के तहत 28 अगस्त दिन सोमवार को पूर्वाह्न 11 बजे से कुडू प्रखंड एवं 1 बजे अपराह्न से कैरो प्रखंड में (बुधवा उरांव की अध्यक्षता में) बैठक आयोजित कर लीडर शिप डेवलपमेंट मिशन के संबंध में विशेष चर्चा की जायेगी। बैठक में लोहरदगा विधानसभा के संयोजक दीपक ओझा, जिला अध्यक्ष सुखैर भगत एवं जिला कांग्रेस कमेटी के वरीय पदाधिकारी भी रहेंगे।

# ऐतिहासिक होगा रांची में शौंडिक संघ का राष्ट्रीय सम्मेलन : आलोक साहू

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** जिला शौंडिक संघ के पूर्व जिला महासचिव आलोक साहू ने कहा कि झारखंड प्रदेश शौंडिक संघ 24 सितंबर (रविवार) को रांची मोराबादी स्थित संगम गार्डन हॉल परिसर में अखिल भारतीय शौंडिक राष्ट्रीय सम्मेलन सह सम्मान समारोह करेगा। यह राष्ट्रीय सम्मेलन ऐतिहासिक होगा। श्री साहू ने कहा कि इससे पूर्व में 1984 को बांग्ला स्कूल मैदान ओल्ड कमिश्नर कंपाउंड रांची में तत्कालीन सांसद स्व शिव प्रसाद साहू के नेतृत्व में सभी के सहयोग से दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन हुआ था। इस बार राष्ट्रीय सम्मेलन के प्रभारी उनके छोटे भाई लोहरदगा निवासी व देश के नामचीन व्यवसायी उदय शंकर साहू हैं। इस सम्मेलन में अखिल भारतीय संगठन के साथ ही विभिन्न प्रदेशों देश विदेश के अतिथिगण रांची झारखंड के धरती पर राष्ट्रीय सम्मेलन में शामिल होने आ रहे हैं।



# वनवासी नगरवासी सभी हैं भारतवासी : अश्विनी

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** वनवासी कल्याण केंद्र नगर समिति के द्वारा ठाकुर बाड़ी मंदिर प्रांगण में रक्षा बंधन उत्सव का आयोजन किया गया। इस मौके पर उपस्थित भैया लोगों को बहनों ने कलाई में रक्षा सूत्र बांधकर रक्षा बंधन उत्सव मनाया। वहीं एकल विद्यालय पीपराही, दुलसुलमा, पीड़हे, गाटा टोली के बच्चों द्वारा देशभक्ति पर आधारित नृत्य संगीत प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि सह पलामू जिला सचिव अश्विनी कुमार मिश्रा ने संबोधित करते हुए कहा कि वनवासी कल्याण केंद्र अपने 14 आयाम के माध्यम से पूरे देश के सभी प्रांतों में बनवासी के मूल परंपरा को समाहित करते हुए उनके उत्थान का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 1951 से वनवासी कल्याण केंद्र लगातार वनवासियों के बीच कार्य कर रही है। वनवासी नगरवासी सभी भारतवासी हैं। इस मौके पर नगर अध्यक्ष मदन मोहन पांडेय ने संबोधित करते हुए कहा कि वनवासी बंधुओं को स्वावलंबी बनाने के लिए स्वयं सहायता समूह का गठन कर उन्हें आर्थिक रूप से संपन्न कराने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि चंद्रयान को सफल संचालन के लिए लगे वैज्ञानिकों में एकल विद्यालय से निकलकर दो बच्चे इसरो में वैज्ञानिक के रूप में काम कर रहे हैं। जो कि वनवासी कल्याण केंद्र ही नहीं बल्कि पूरे झारखंड के लिए गौरव का विषय है। इस मौके पर पलामू विभाग के श्रद्धा जागरण प्रमुख रामजी उरांव, सह सचिव अवध यादव, नगर समिति महिला प्रमूख धृति प्रसाद गुप्ता व अन्य ने अपने अपने विचार व्यक्त किये। मुख्य रूप से आशा पांडेय, रेखा सिन्हा, नगर उपाध्यक्ष हिमांशु कुमार, जिला संगठन मंत्री अंबिका सिंह, सह संगठन मंत्री देवेंद्र सिंह, विभाग संगठन मंत्री सुमन उरांव, अनिल पाठक समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन देवेंद्र सिंह ने किया।



# जंगली हाथियों के झुंड ने पांच घरों को किया ध्वस्त

एजेंसी

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के धाधु पंचायत के भैंसादोन ग्राम एवं भगत टोला में शुक्रवार की देर रात जंगली हाथियों के झुंड ने उत्पात मचाते हुए पांच ग्रामीणों का घर ध्वस्त कर दिया ।वहीं चार एकड़ में लगे धान के फसल को रौंद कर नष्ट कर डाला । जानकारी देते हुए ग्रामीणों ने बताया की आठ से सँख्या में पहुंचे हांथीयो के झुंड ने बिनेश्वर यादव पिता स्व. लरकु यादव ग्राम भैसादोंन थाना बालूमाथ निवासी वही भगत टोला में सतीश भगत पिता सुनील भगत,फूलन भगत पिता मीचु भगत, बद्दू उराँव पिता तुरी उरांव, तेतरा उरांव पिता तुरी उराँव के घर को ध्वस्त कर दिया ।वहीं उक्त सभी लोगों के घरों में रखा हुआ चावल धान, महुआ समेत खाने पीने का सामान चट कर गए। इसके अलावा घर में रखा हुआ कई सामान बर्तन अनाज पलंग बक्सा को तोड़ दिया। इसके अलावा जंगली हाथियों के झुंड ने क्चार एकड़ जमीन में लगे विनोद प्रजापति, सराय प्रजापति, मुकेश प्रजापति, सुरेंद्र उरांव, सहेंद्र उरांव, रामदेव गंझु, लकठु गंझु, लालदेव गंझु, कैलाश प्रजापति, क्रम प्रजापति, नारायण प्रजापति के धान की फसल को नष्ट कर दिया। मामले की सूचना पाकर भाजपा नेता शैलेश सिंह घटनास्थल पहुंचे और ग्रामीणों से मामले की जानकारी ली। और वन विभाग से मांग करते हुए कहा की वन विभाग मामले को गंभीरता से ले और पीड़ितों को उचित मुआवजा दे। उन्होंने वन विभाग पर आरोप लगाते हुए कहा कि क्षेत्र में लगातार जंगली हाथियों का विचारण है। महज एक सप्ताह के भीतर एक दर्जन से अधिक घरों को हाथियों तोड़ दिया है।



# विश्व कप में सबसे ज्यादा रन बनायेंगे रोहित : सहवाग

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने भविष्यवाणी की है कि टीम इंडिया के मौजूदा कप्तान रोहित शर्मा आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज होंगे। भारत 8 अक्टूबर को चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने क्रिकेट विश्व कप अभियान की शुरूआत करेगा। सहवाग ने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत में बल्लेबाजी के अनुकूल परिस्थितियों के कारण भारतीय सलामी बल्लेबाजों के पास अगले एकदिवसीय विश्व कप के दौरान अपना सर्वश्रेष्ठ देने का मौका होगा। आइसीसी के इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में, सहवाग से यह अनुमान लगाने के लिए कहा गया कि 2023 विश्व कप में सबसे अधिक रन कौन बनाएगा। उन्होंने रोहित को चुना और कहा, भारत के पास अच्छे विकेट हैं, इसलिए मुझे लगता है कि सलामी बल्लेबाजों को अच्छे मौके मिलेंगे। अगर मैं किसी एक को चुनना चाहता हूं, तो मुझे लगता है कि वो रोहित शर्मा हैं। सहवाग ने भारतीय सलामी बल्लेबाज की प्रशंसा की और कहा कि विश्व कप में अक्सर उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन सामने आया है। सहवाग ने कहा, जब विश्व कप आता है, तो उनकी ऊर्जा का स्तर, उनका प्रदर्शन बढ़ जाता है। इसलिए, मुझे यकीन है वह अच्छा करेगा और इस बार भी वह कप्तान हैं और मुझे



यकीन है कि वह बदलाव लाएगा और खूब रन बनाएगा।' 2019 वनडे विश्व कप इंग्लैंड में खेला गया था और रोहित ने कुल मिलाकर सबसे अधिक रन बनाए थे। नौ मैचों में उन्होंने 81 की औसत से 648 रन बनाए, जिसमें पांच शतक शामिल हैं। कुल मिलाकर 244 एकदिवसीय मैचों में, 36 वर्षीय खिलाड़ी ने 48.69 की औसत से 9837 रन बनाए हैं, जिसमें 30 शतक और 48 अर्धशतक शामिल हैं। इस साल रोहित ने सभी फॉर्मेट में अच्छा प्रदर्शन किया है। रोहित ने इस साल खेल के सभी प्रारूपों में 16 मैचों में 48.57 की औसत से 923 रन बनाए हैं।

### पाक जायेंगे बिन्नी, शुक्ला

नयी **दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के अध्यक्ष रॉजर बिन्नी और उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला एशिया कप की मेजबानी के उपलक्ष्य में पीसीबी के मेहमान बनकर पाकिस्तान जायेंगे। शनिवार को पीसीबी के अध्यक्ष जका अशरफ ने 15 अगस्त को बीसीसीआई के शीर्ष अधिकारियों को निमंत्रण भेजा था।

## चौथे नंबर के लिए परफेक्ट हैं कोहली : डिविलियर्स

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** टीम इंडिया ने एशिया कप 2023 के लिए कड़ा अभ्यास करना शुरू कर दिया है। कप्तान रोहित शर्मा और विराट कोहली के साथ सभी खिलाड़ियों ने नेशनल क्रिकेट एकेडमी के मैदान पर जमकर पसीना बहा रहे हैं। इस टूनार्मेंट में टीम इंडिया अपना पहला मुकाबला 2 सितंबर को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ खेलने उतरेगी। इससे पहले कोहली के जिगरी दोस्त और दिग्गज क्रिकेटर एबी डिविलियर्स ने टीम इंडिया के मैनेजमेंट को बड़ी सलाह दी है। उनका कहना है कि विराट कोहली को नंबर-4 पर बल्लेबाजी के लिए उतरना चाहिए। कोहली इस पोजीशन के लिए एकदम परफेक्ट हैं। ऐसे में वह मिडिल ऑर्डर को भी सपोर्ट कर पाएंगे। दरअसल, इंडिया टुडे की एक रिपोर्ट के मुताबिक, एबी डिविलियर्स ने विराट कोहली को लेकर कहा



कि उन्हें लगता है कि कोहली नंबर-4 की पोजिशन के लिए बिलकुल परफेक्ट हैं। वह किसी भी जिम्मेदारी को बखूबी निभाने की क्षमता रखते हैं। हालांकि मुझे यह नहीं पता वे इस नंबर पर खेलना पसंद करेंगे या नहीं। लेकिन, टीम के लिए जिम्मेदारी निभाना ही सबसे अहम है। इसलिए आप जो भी जिम्मेदारी मिले, उसे निभाएं।

### भारत और पाकिस्तान ट्रॉफी के प्रबल दावेदार

इसके साथ ही डिविलियर्स ने भारत बनाम पाकिस्तान के मुकाबले को लेकर कहा कि भारत और पाकिस्तान दोनों ही एशिया कप जीतने के प्रबल दावेदार हैं। हालांकि श्रीलंका भी बड़ी टीमों को परेशान कर सकता है। यहां बता दें कि विराट कोहली पहले भी नंबर-4 की पोजिशन पर 39 मैच खेल चुके हैं। इस दौरान उन्होंने 7 शतक और 8 अर्धशतक के साथ 1767 रन बनाए हैं।

## डब्ल्यूएफआई के निलंबन के लिये धरनाजीवी जिम्मेदार : बृजभूषण

**गोंडा।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआइ) के निवर्तमान अध्यक्ष और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग द्वारा डब्ल्यूएफआइ के अस्थायी निलंबन के लिये 'धरनाजीवी खिलाड़ियों' को जिम्मेदार ठहराया है। बृजभूषण ने शनिवार को यहां संवाददाताओं से कहा, धरनाजीवी खिलाड़ियों की वजह से भारतीय कुश्ती संघ का चुनाव न होना ही सदस्यता रद्द होने का मुख्य कारण है। इन खिलाड़ियों ने कुश्ती को मजाक बना दिया है।

## सेहरावत, सुमित ने जीते विश्व चैंपियनशिप ट्रायल

**पटियाला।** एशियाई चैंपियन अमन सेहरावत (57 किग्रा) और सुमित मलिक (125 किग्रा) सहित 10 भारतीय पहलवानों ने शनिवार को सीनियर विश्व कुश्ती चैंपियनशिप की फ्रीस्टाइल प्रतियोगिता के लिये क्वालीफाई कर लिया। विश्व चैंपियनशिप 2023 के लिये आयोजित दो दिवसीय चयन ट्रायल शनिवार को यहां संपन्न हुए। पहले दिन शुक्रवार को ग्रीको-रोमन और महिलाओं की फ्रीस्टाइल श्रेणियों के लिये ट्रायल आयोजित हुए, जबकि पुरुषों की फ्रीस्टाइल प्रतियोगिता का ट्रायल शनिवार को किया गया।

## बाबर में दिखती है कोहली की झलक : मूडी

**नयी दिल्ली।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर और कोच टॉम मूडी ने कहा है कि उन्हें पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम में भारतीय दिग्गज विराट कोहली की झलक दिखती है। मूडी ने एक कार्यक्रम में कहा, वह मुझे काफी हद तक विराट कोहली की याद दिलाते हैं। वह जिस तरह से पारंपरिक क्रिकेट शॉट खेलते हैं। ऐसा लगता है कि वह खेल को बहुत अच्छे से समझते हैं, पढ़ते हैं, जो कोहली ने एक दशक से अधिक समय से किया है। वह रनों की पीछा भी बहुत अच्छी तरह करते हैं, जैसा कि विराट कोहली कई वर्षों से करते आ रहे हैं।

## भारत ने 14 पदकों के साथ कहा अलविदा

**बाकू।** भारत ने निशानेबाजी विश्व चैंपियनशिप 2023 में छह स्वर्ण और आठ कांस्य सहित 14 पदक जीतकर अपने शानदार अभियान का अंत किया। ओलंपिक और गैर-ओलंपिक नियमित शूटिंग प्रतियोगिताएं संपन्न हुईं। चैंपियनशिप में रनिंग स्पधाएं 31 अगस्त तक जारी रहेंगे लेकिन इनमें कोई भारतीय भाग नहीं लेगा।

# मेरे सपने पूरे करने के लिए परिवार ने काफी कुर्बानियां दी : कार्ति सेल्वम

एजेंसी

**बेंगलुरू।** एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन करने वाले भारतीय हॉकी खिलाड़ी कार्ति सेल्वम का मानना है कि वह अपने माता पिता की अपेक्षाओं पर खरे उतर सके हैं जिन्होंने उनके सपने पूरे करने के लिए काफी बलिदान दिए। कार्ति पिछले 13 साल में सीनियर पुरूष हॉकी टीम में चुने जाने वाले तमिलनाडु के पहले खिलाड़ी हैं। उन्होंने पिछले साल जकार्ता में एशिया कप में टीम में पदार्पण किया। इस साल एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी में उन्होंने 2 गोल किए और कई गोलों में सूत्रधार की भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि मुझे मलेशिया के खिलाफ टूनार्मेंट



में अपना पहला गोल हमेशा याद रहेगा। वह पहला गोल था जो मैंने अपने परिवार के सामने किया। वे पहली बार मुझे मैदान पर खेलते देख रहे थे। उन्होंने कहा कि गोल करने के बाद मैंने अपने माता-पिता की ओर देखा जिनकी मुस्कुराहट मेरे लिए सब कुछ थी। उस समय मुझे लगा कि इतने साल की मेरी मेहनत, मेरे परिवार के बलिदान सब सफल हो गए। हमने जितनी आर्थिक परेशानियां सही, सब पीछे छूट गई। कार्ति ने 2016 में चेन्नई के मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम में स्कूल की ओर से पहली बार खेला था। उन्होंने कहा कि जब यह घोषणा हुई कि एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी मेरे घरेलू मैदान पर होगी तो मेरी खुशी का ठिकाना नहीं था। जहां से शुरूआत की थी, उस स्टेडियम पर खेलने की कल्पना से ही मेरी रातों की नींदें उड़ गई। अब उनकी नजरें भारतीय सीनियर टीम में जगह पक्की करने पर है। उन्होंने कहा कि एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी में खिताबी जीत से मेरा आत्मविश्वास काफी बढ़ा।अब मैं और मेहनत करके अपनी उपयोगिता साबित करूंगा।

## विश्व चैंपियनशिप : वितिदसर्न ने खत्म किया प्रणय का अभियान

**कोपनहेगन।** भारत के शीर्ष पुरुष एकल शटलर एचएस प्रणय ने बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में शनिवार को थाईलैंड के कुनलावुत वितिदसर्न के हाथों हारने के बाद कांस्य पदक से संतोष किया। विश्व नंबर नौ प्रणय ने मुकाबले की अच्छी शुरूआत की लेकिन विश्व नंबर तीन वितिदसर्न ने वापसी करते हुए एक घंटे 16 मिनट में मुकाबला 18-21, 21-13, 21-14 से जीत लिया। इस हार के बावजूद प्रणय विश्व चैंपियनशिप में अपना पहला पदक जीतकर स्वदेश लौटेंगे। भारत ने 2011 के बाद से विश्व चैंपियनशिप के सभी संस्करणों में कम से कम एक पदक जीता है और इस साल प्रणय ने इस प्रथा को जिन्दा रखा। रोमांचक क्वार्टरफाइनल में गत विश्व चैंपियन विक्टर एक्सलसन को शिकस्त देकर आये प्रणय ने शुरूआती मिनटों में लय हासिल करने के बाद तेजी से 9-5 की बढ़त बना ली। इसके बाद उन्होंने वितिदसर्न से नेट पर दो गलतियां करवाते हुए छह पॉइंट की बढ़त के साथ ब्रेक में प्रवेश किया। ब्रेक के बाद प्रणय 16-8 के स्कोर पर जीत की ओर बढ़ रहे थे लेकिन वितिदसर्न कोर्ट की गहराई का बेहतर प्रयोग कर स्कोर को 17-19 तक ले आये। प्रणय ने अपने प्रतिद्वंदी को नेट के करीब खेलने के लिये मजबूर करते हुए 20-18 पर मैच पॉइंट हासिल किया जबकि वितिदसर्न नेट पर गलती कर पहला गेम गंवा बैठे। पिछले साल के उपविजेता वितिदसर्न ने दूसरे गेम में बेहतर चौकसी दिखाई और 7-7 की बराबरी के बाद लगातार पांच अंक अर्जित किये। वह लंबी रैलियों में प्रणय पर दबाव बनाकर अंक चुराने में सफल रहे। प्रणय ने 13-15 के स्कोर पर वापसी की कोशिश की लेकिन वितिदसर्न ने लगातार छह अंक अर्जित कर मैच को निर्णायक गेम में पहुंचा दिया।

## भारत की महिला ब्लाइंड क्रिकेट टीम ने रचा इतिहास ऑस्ट्रेलिया को फाइनल में हराकर जीता गोल्ड

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय महिला ब्लाइंड क्रिकेट टीम ने आइबीएस वर्ल्ड गेम्स में दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत हासिल इतिहास रच दिया। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल मुकाबले में भारत की महिला ब्लाइंड क्रिकेट टीम ने 9 विकेट से जीत हासिल की। इस जीत के साथ ही टीम इंडिया ने आइबीएस वर्ल्ड गेम्स में गोल्ड मेडल अपने नाम किया। भारत की महिला ब्लाइंड क्रिकेट टीम आईबीएस वर्ल्ड गेम्स में अपना दमदार प्रदर्शन दिखाया। टूनार्मेंट का पहला ही मैच भारत का ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ था जिसमें उसने 8 विकेट से जीत हासिल की थी। इसके बाद टीम इंडिया ने



इंग्लैंड को पटखनी दी थी। भारतीय टीम का तीसरा मैच भी ऑस्ट्रेलिया के साथ ही हुआ था। उस मुकाबले में भी भारत ने दमदार जीत हासिल की थी। फाइनल में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने टीम ने निर्धारित 20 ओवर के खेल में 8 विकेट पर 114 रन बनाए थे। हालांकि टीम इंडिया ने 3.3 ओवर में ही 1 विकेट पर 43 रन बनाकर गोल्ड मेडल अपने नाम कर लिए। सिर्फ इतना ही नहीं टीम इंडिया पहली बार आईबीएस वर्ल्ड गेम्स में गोल्ड मेडल जीतने में कामयाब हुई है। इससे पहले भारत की महिला ब्लाइंड टीम एक बार भी गोल्ड मेडल नहीं जीत पाई थी।

## सफाईकर्मी को जीएसटी ने थमाया 56 लाख बकाए का नोटिस

**पूर्वी चंपारण।** जिले के प्रमुख सीमाई शहर रक्सौल नगर परिषद में ठेका पर प्रति माह साढ़े आठ हजार पर रुपया कमानेवाले एक सफाईकर्मी को जीएसटी ने 56 लाख रुपये होने का नोटिस थमा दिया है। नोटिस मिलने के बाद सफाईकर्मी बबलू परेशान हो गया है। हर किसी से न्याय की गुहार लगा रहा है। बबलू ने बताया कि उसे सेंट्रल जीएसटी ऑफिस से एक नोटिस आया, जिसे उसने किसी और के माध्यम से पढ़वाया। तब पता चला कि उसको बकाए की 56 लाख 47 हजार 18 रुपया जीएसटी के तौर पर चुकता करना है। जीएसटी की नोटिस में बबलू कुमार राऊत को राऊत ट्रेडिंग नामक एक व्यवसायिक प्रतिष्ठान के मालिक के रूप में दिखाया गया है और जीएसटी की तरफ से सफाईकर्मी बब्लू को दिया गया था। उसके बाद वह जीएसटी कार्यालय गया तो वहां वह देखकर आश्चर्य हुआ कि उसमें उसका मोबाइल नंबर को छोड़ सभी जानकारी उसी से मेल खाती है। जीएसटी कार्यालय में पता बब्लू कुमार राऊत, पिता माया राऊत, वार्ड नंबर-01, बड़ा परेऊवा, रक्सौल दर्ज था। इस संबंध में जीएसटी कार्यालय में कार्यरत कर्मी ने बताया कि इसकी सूचना वरीय अधिकारी को दे दिया गया है, उनके अनुसार वरीय अधिकारी इस मामले की जांच करेंगे।

## फर्जी अकाउंट बना ठगी करने वाला गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण।** फर्जी फेसबुक अकाउंट बनाकर ठगी करने के आरोपित जिले के बंजरिया थाना क्षेत्र के रहनेवाला करण कुमार साह को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके पास से एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है,जिसमें उक्त फेसबुक अकाउंट पाया गया जिससे धमकी देकर पैसा मांगा गया था। एसपी कांतेश कुमार मिश्र ने बताया कि 12 जून को मोतिहारी साइबर थाना में फर्जी फेसबुक अकांउट बनाकर ठगी करने के आरोप में अज्ञात व्यक्ति के प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। खोजबीन के लिए मुख्यालय डीएसपी व साइबर थानाध्यक्ष सतीश सुमन के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने तकनीकी एवं वैज्ञानिक साक्ष्य के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित को मोबाइल के साथ बंजरिया थानाक्षेत्र से गिरफ्तार किया है।

## सारण : महिला का शव बरामद

**छपरा।** बिहार में सारण जिले के अवतार नगर थाना क्षेत्र के पलानीनुमा से शनिवार को पुलिस ने एक महिला का शव बरामद किया। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि थाना क्षेत्र के सकनौली गांव निवासी धर्मेंद्र सिंह की पत्नी पूजा देवी (26) का शव संदिग्ध अवस्था में उसके घर से बरामद किया गया है। मृतका का पति गत छह माह से बाहर रहकर जीवकोपार्जन का काम करता है जबकि उसकी पत्नी और तीन छोटे बच्चे सकनौली गांव में रह रहे थे।

## 5 किलो 840 ग्राम सोने के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**पूर्णिया।** पूर्णिया पुलिस ने शनिवार को 5 किलो 840 ग्राम सोने की बिस्कुट के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। बरामद सोने पर यूएई का ब्रांड लगा है, जिसकी कीमत अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत 3 करोड़ 53 लाख बताई जा रही है। पुलिस ने बताया कि सोने की खेप को पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी से पटना पहुंचाया जाना था। इसकी गुप्त सूचना मिली। इसके बाद पुलिस की टीम बायसी के दालकोला चेकपोस्ट के पास सघन जांच अभियान शुरू की। इसी दौरान तस्कर को गिरफ्तार किया गया, जिसके पास से सोने की बिस्कुट बरामद किया गया। सोने की बिस्किट की तस्करी कर रहे युवक की पहचान महाराष्ट्र के सोलापुर जिले के मांगेडवेड़ा थाना के भालवनी निवाड़ी लहु सांवजी के बेटे सोमनाथ (22) के रूप में की गई है। सोमनाथ एक कुरियर कंपनी के लिए काम किया करता है।

## पेड़ की डाल काटने पर 2 गुटों में खूनी झड़प

**हाजीपुर (वैशाली)।** वैशाली के जुड़ावनपुर थाना क्षेत्र की राघोपुर पश्चिमी पंचायत के वार्ड संख्या 10 में पेड़ की डाल को काटने के विवाद को लेकर दो पक्षों में खूनी झड़प हो गई। लाठी डंडे से मारपीट हुई, जिसमें दो लोग घायल हो गए। दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र राघोपुर फतेहपुर में भर्ती कराया।

# वोटर चेतना अभियान के तहत भाजपा ने किया कार्यशाला का आयोजन




एजेंसी

**पटना।** 2024 के लोकसभा चुनाव में बिहार में भाजपा को मजबूत कर सभी संसदीय सीटों पर जीत दिलाने के मकसद से शनिवार को बिहार भाजपा ने 'वोटर चेतना अभियान' के तहत एकदिवसीय कार्यशाला आयोजन भाजपा प्रदेश कार्यालय में किया। कार्यशाला में सभी जिलों के जिलाध्यक्ष, वोटर चेतना अभियान के पांच सदस्य और बीएलए-1 उपस्थित रहे। कायार्शाला में उपस्थित सभी नेताओं को बिहार प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी और प्रदेश संगठन महामंत्री भीखुभाई दलसानिया ने संबोधित कर दिशा निर्देश दिये। कायार्शाला में आगामी लोकसभा चुनाव में किन लोकसभा क्षेत्रों में किन किन रणनीतियों के साथ उम्मीदवार को उतरना है, कैसे पार्टी का विस्तार सभी मतदाताओं के बीच करना है के साथ अन्य विषयों पर गंभीरता से चर्चा करने के बाद विशेष निर्देश दिये गये। भाजपा नेताओं के अनुसार पार्टी उन संसदीय क्षेत्रों में ज्यादा ध्यान दे रही है जहां अभी तक भाजपा की स्थिति कमजोर रही है या फिर जदयू के एनडीए में अलग होने के दौरान वे सीटें भाजपा के पास नहीं थी। पदाधिकारियों को अपने अपने क्षेत्र के जमीनी रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिये गये है। कार्यशाला को क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नगेन्द्र नाथ, प्रदेश महामंत्री मिथिलेश तिवारी, जगन्नाथ ठाकुर, प्रदेश मंत्री रत्नेश कुशवाहा ने भी संबोधित किया। उल्लेखनीय है कि भाजपा वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव में एनडीए के साथ चुनाव लड़ी थी। पिछले लोकसभा चुनाव में एनडीए में जदयू भी शामिल था। तब एनडीए को बिहार की 40 में से 39 सीटों पर जीत मिली थी लेकिन अब जदयू एनडीए के साथ नहीं है। इसलिए भाजपा आगामी लोकसभा चुनाव में उन सीटों पर भी अपनी जीत दर्ज कराना चाहती है जिसपर जदयू की जीत हुई थी। इसलिए इन दिनों भाजपा अपने नये साथियों के साथ लगातार बैठके कर रही है।

### स्कूलों में पेयजल, शौचालय नहीं, मनमाने निर्माण में 40 फीसद कमीशन खोरी : सुशील मोदी

**पटना।** पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी ने कहा कि राज्य के सरकारी स्कूलों में एक तरफ शौचालय और पेयजल तक की व्यवस्था नहीं है, दूसरी तरह स्कूलों में ढांचागत विकास के नाम पर 30-40 फीसद की कमीशनखोरी के साथ लूट मची है। उन्होंने शनिवार को बयान जारी कर कहा कि बिहार राज्य शैक्षणिक विकास निगम (बीएसइआइडीस) स्कूलों में सालाना 1500 करोड़ तक के मनमाने निर्माण कार्य करा रहा है, लेकिन इस में मानक, जरूरत और गुणवत्ता का कोई ध्यान नहीं रखा जा रहा है। बीएसइआइडीसी के कार्यकलाप की जांच निगरानी विभाग से करायी जानी चाहिए।

## पत्रकार की हत्या के विरोध में नेशनल जर्नलिस्ट एसोसिएशन ने निकला कैंडल मार्च

एजेंसी

**भागलपुर।** बिहार के अररिया में पत्रकार हत्याकांड मामले को लेकर पूरे बिहार के पत्रकारों में आक्रोश है। सरकार और जिला प्रशासन से लगातार पत्रकार सुरक्षा कानून की मांग कर रहे है। लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर हो रहे हमले को लेकर लगातार पत्रकारों द्वारा सवाल उठाए जा रहे हैं। बीते दिनों अररिया में एक प्रिंट मीडिया के पत्रकार विमल यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गई। जिसको लेकर नेशनल जर्नलिस्ट एसोसिएशन के भागलपुर जिला अध्यक्ष अरुण भारती के नेतृत्व में शनिवार संध्या कचहरी चौक से कैंडल मार्च निकाला गया। मार्च कचहरी चौक से होते हुए




सेंडिस कंपाउंड गेट के बाद तिलकामांझी चौक पर पहुंचा। जहां दिवंगत पत्रकार को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इस मौके पर नेशनल जर्नलिस्ट एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष अरुण भारती ने कहा कि खबर संकलन करने के दौरान भी पत्रकारों पर हमला होता है। अररिया में एक प्रिंट मीडिया के पत्रकार विमल यादव को अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक के परिजन को सरकार 20 लाख रुपए आर्थिक मदद और एक सरकारी नौकरी दे। इस मौके पर जिले के जिले के पत्रकार श्यामानंद सिंह, अरुण भारती, धीरज कुमार, अजय कुमार, अरविंद कुमार, अमरजीत कुमार सिंह, निवास मोदी, रवि आर्यन, सुबोध कुमार, संजय कुमार सहित कई पत्रकार मौजूद थे।

## कब्र से 7 दिन बाद निकाली गई महिला की लाश

**बगहा (वाल्मीकिनगर)।** बगहा में कब्र से 7 दिन बाद एक महिला का शव निकाला गया है। 30 साल की महिला की 20 अगस्त को संदिग्ध हालत में मौत हो गई थी। उसके बाद ससुराल वालों ने उसके शव को दफना दिया था। घटना रामनगर थाना क्षेत्र के बरगजवा गांव की है। महिला की पहचान बरगजवा गांव निवासी गयासुद्दीन की पत्नी सिब्बी खातून (30) के रूप में की गई थी। 21 अगस्त को सिब्बी की बहन उसके ससुराल पहुंची थी। उस वक्त सिब्बी के ससुर ने पंचायत बुलाई थी। उनके समाज के लोगों ने शव को बाहर निकालने से मना किया था। उनका कहना था कि एक बार शव को दफनाने के बाद बाहर नहीं निकाला जाता है। ऐसा करने से पाप लिखता है।

## अगुवानीघाट-सुल्तानगंज ध्वस्त पुल की जांच रिपोर्ट सार्वजनिक करे सरकार : रालोजद

एजेंसी

**पटना।** राष्ट्रीय लोक जनता दल (रालोजद) के महासचिव सह प्रवक्ता इंजीनियर हेमंत कुमार ने शनिवार को बिहार सरकार एवं पुल निर्माण निगम से मांग करते हुए कहा कि जब तक अगुवानीघाट-सुल्तानगंज पुल ध्वस्त होने की कारणों का पता ना चले साथ ही साथ इस पुल पर खर्च होने वाली राशी लगभग 2000 करोड़ रुपये दोषी एजेंसियों से वसूला ना जाये तब तक एसपी सिंगला एवं रोडिक कंसलटेंट कंपनी के सभी कार्यों पर अविलंब रोक लगाए जाए। उन्होंने कहा कि शेरपुर दिघवारा गंगा नदी पर बनने वाली पुल का निर्माण अक्टूबर से शरू होगा। बिहार सरकार ने ग्रीन सिग्नल दे दिया है। जैसे की सभी को पता है विगत 4 जून को अगुवानीघाट-सुल्तानगंज पुल धरासाई हो गई थी। जिसका निर्माण एसपी सिंगला और सुपरविजन रोडिक कंसलटेंट के जिम्मे था। उन्होंने कहा कि शेरपुर दिघवारा पुल के निर्माण का जिम्मा भी सरकार ने एसपी सिंगला को दिया है, आपको याद दिलाता चलू बिहार सरकार को अभी तक अगुवानीघाट-सुल्तानगंज पुल के ध्वस्त होने के कारणों का पता चला है ना ही ध्वस्त पुल के मलबे उठाने का शुरू हुआ है। लेकिन इससे एसपी सिंगला और सरकार को कोई फर्क नहीं पड़ता है।

## अपराधियों ने गोली मारकर दो कैदियों को किया घायल

**समस्तीपुर।** बिहार में समस्तीपुर जिले के नगर थाना क्षेत्र के न्यायालय परिसर में शनिवार को बेखौफ सशस्त्र अपराधियों ने पुलिस अभिरक्षा मे रहे दो कैदियों को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस सूत्रों ने यहां बताया कि समस्तीपुर मंडल कारा में अलग-अलग आपराधिक मामलों मे बंद कैदी प्रभात चौधरी एवं प्रभात तिवारी को पुलिस अभिरक्षा में पेशी के लिए शनिवार को अदालत मे लाया गया था तभी तीन से चार हथियार बंद अपराधियों ने दोनों को गोली मार दी। इस घटना मे दोनो कैदी गंभीर रूप से घायल हो गया।

## स्कूल जा रहे छात्र को हाइवा ने कुचला

**नालंदा।** नालंदा में शनिवार को बिहटा-सरमेरा टू-लेन पर हाइवा की चपेट में आने से एक स्कूली छात्र की मौत हो गई। मामला नूरसराय थाना क्षेत्र अंतर्गत चरूई पर गांव के समीप की है। मृतक की पहचान चरूई पर गांव निवासी सुरेंद्र पासवान के (10) वर्षीय पुत्र अभिषेक कुमार के रूप में की गई है। सड़क हादसे में मौत की खबर जैसे ही परिजनों को मिली तो कोहराम मच गया। आक्रोशित ग्रामीण सड़क पर जुट गए और मुआवजा, कार्रवाई एवं ऊपरी पुल बनाने की मांग को लेकर आवागमन को अवरुद्ध कर जमकर हंगामा किया।

## गौतम ने बॉबी को स्वरचित दो पुस्तकें की भेंट

**अररिया।** अररिया के जाने- माने चर्चित साहित्यकार लेखक गौतम केशरी ने अपनी स्वरचित दो पुस्तकें दर्पण एक सच और चार दिवस की वेला फिल्म अभिनेता बॉबी देओल को भेंट किया। छत्तीसगढ़ के रायपुर में आफ्ट यूनिवर्सिटी में 23 अगस्त को आयोजित कार्यक्रम में सीने स्टार बॉबी देओल स्टूडेंट्स का हौसला बढ़ाने के लिए आये हुए थे। बॉबी देओल के साथ नोएडा मारवाह स्टूडियो के मालिक संदीप मारवाह भी ओरियंटेशन प्रोग्राम में मौजूद थे। बॉबी देओल ने छोटे लेखक को प्यार से गले लगाया और छोटी सी उम्र में इस तरह की साहित्य साधना को लेकर उनकी तारीफ करते हुए बधाई दी। साथ ही मारवाह स्टूडियो के मालिक सन्दीप मारवाह ने भी लेखक गौतम केशरी को रचना के लिए बधाई दिया। ऑडिटोरियम में 400 छात्र और आफ्ट यूनिवर्सिटी के सभी शिक्षक मौजूद थे। इस दृश्य पर पूरा ऑडिटोरियम तालियों से गूंज उठा।

स्पीड न्यूज

## केंद्रीय उर्वरक सचिव को सौंपा ज्ञापन

**सिंदरी।** एफसीआइएल सिंदरी के अतिक्रमण हटाओ अभियान सहित अन्य मुद्दों को लेकर सिंदरी नगर कॉंग्रेस अध्यक्ष सह फर्टिलाइजर फैक्ट्री वर्क्स यूनियन प्रतिनिधि अजय कुमार ने सचिव को शनिवार के दौरा के दौरान पाँच सूत्री ज्ञापन सौंपा। उन्होंने ज्ञापन में माँग किया है कि पीपी एक्ट कोर्ट पर रोक लगाते हुए लोगों को नियमित करें। बोकारो और एचईसी के अनुसार आवासीय लीज अवधि बढ़ाया जाए। विशाल अस्पताल बनाकर एफसीआइएल के पूर्व कर्मियों और उनके आश्रितों को विशेष सुविधा दी जाए। भूमि के बंदरबाँट की जगह आवंटन पारदर्शी की जाए। इच्छुक अतिक्रमणकारियों को लीज के लिए अंतिम अवसर दिया जाए।

## सरस्वती विद्या मंदिर फुसरो में दी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी

**बेरमो।** शनिवार को अनपति देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर फुसरो में सरोज देवी फाउंडेशन की ओर से कक्षा षष्ठ से दशम तक के बहनों को स्वस्थ संबंधी जानकारियां दी गई। सविता दीदी ने अतिथियों का परिचय देते हुए उनका स्वागत की। सरोज देवी फाउंडेशन की ओर से बोकारो सेक्टर 8 से आशा कुमारी और फुसरो से सरिता देवी आई थी। उन्होंने बालिकाओं से संबंधित समस्याओं की विभिन्न जानकारिया दी गई।

## बीएसएल का हैंडीक्राफ्ट ट्रेनिंग सेंटर में सुनी जायेगी मन की बात

**बोकारो।** प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम के 104वें संस्करण में इस बार बीएसएल के सीएसआर के तहत संचालित हैंडीक्राफ्ट ट्रेनिंग सेंटर जुड़ेगा। स्थानीय सेक्टर 9 में नव विकसित ट्रेनिंग सेंटर में ग्रामीण महिलाओं को स्वावलंबी बनाने और उनके लिए स्वरोजगार का मार्ग प्रशस्त करने के उद्देश्य से खुले हैंडीक्राफ्ट ट्रेनिंग सेंटर में जल कुंभी और बैम्बू के हैंडीक्राफ्ट आइटम बनाने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इनके द्वारा बनाए उत्पादों के मार्केटिंग की व्यवस्था भी की गई है। ट्रेनिंग सेंटर की महिलाओं ने बोकारो को पहली बार हैंडीक्राफ्ट के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान दिलाई है।

## अनुकंपा पर पांच लोगों के प्रस्ताव पर मिली स्वीकृति

**धनबाद।** शनिवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय अनुकंपा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनुकंपा के आधार पर 05 व्यक्तियों के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय से 02 , सिविल सर्जन कार्यालय से 02 एवं रेलवे पुलिस से 01 प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई। प्रस्ताव पर स्वीकृति मिलने के बाद अब इसपर तेजी से कार्य किया जाएगा। बैठक में उपायुक्त वरुण रंजन, उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह, अपर समाहर्ता नंदकिशोर गुप्ता, एडीएम आपूर्ति योगेंद्र प्रसाद, सिविल सर्जन चंद्रभानु प्रतापन, शिक्षा पदाधिकारी भूतनाथ रजवार, स्थापना उप समाहर्ता सुशांत मुखर्जी, सहित अन्य विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### डुमरी उपचुनाव : जनसभा में हेमंत सोरेन ने कहा एनडीए कर रही ओछी राजनीति

# राज्य सरकार को गिराने का हो रहा प्रयास

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** बोकारो जिला के डुमरी विधानसभा संख्या- 33 की उपचुनाव में इंडिया प्रत्याशी स्व मंत्री जगन्नाथ महतो की पत्नी बेबी देवी के लिए चुनावी सभा को संबोधित करने बोकारो के तेलों कोचाटांड़ मैदान शनिवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पहुंचे। यहां उनके साथ मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री बादल पत्रलेख, मंत्री दर्जा प्राप्त योगेन्द्र महतो, टुडी के विधायक मथुरा महतो, बेरमो विधायक जय मंगल सिंह, हिरा लाल मांझी आदि स्टार प्रचारक के तौर पर मौजूद रहे। मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एनडीए सरकार पर जम कर बरसे और आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार को गिराने के लिये तरह-तरह के प्रयास किया जा रहा है। खरीद-फरोख्त, ईडीएसीबीआई, इनकम टैक्स का रेड तथा झूठा केस में फंसा


डुमरी में चुनावी सभा को संबोधित करते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन।

कर विधायकों की सदस्यता खत्म करना जैसी ओछी राजनीती की जा रही है। जिस कारण सरकार को चलाने मे काफी परेशानी हुई, लेकिन इससे घबराने वाले नहीं हैं। जबकि प्रत्याशी बेबी देवी के लिए जनता से वोट देने की अपील की तथा पूर्व दिवंगत मंत्री जगन्नाथ महतो द्वारा किए गए कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि आजसू पार्टी के लोग छलने और ठगने का काम कर रही है, जिससे बचना है। उन्होंने भारी से भारी मतों से जीत दिलाने की जनता से अपील की। सभा में हजारों महिला-पुरुष और ग्रामीण मौजूद रहे।

## रिकार्ड वोट से एनडीए की होगी जीत : राजेश

बेरमो। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश सिंह ने बातचीत के दौरान कहा कि डुमरी विधानसभा उपचुनाव में एनडीए के पक्ष में जबरदस्त लहर है। लोग बदलाव का मन बना चुके हैं। उन्होंने कहा कि एनडीए प्रत्याशी यशोदा देवी सर्वकालिक रिकॉर्ड वोट से चुनाव जीतेगी। श्री सिंह ने कहा की लोग भ्रष्टाचार और गुंडागर्दी से निजात पाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि ना सिर्फ डुमरी बल्कि नावाडीह प्रखंड के सभी क्षेत्रों में मोदी मैजिक कम कर रहा है। कोरोना काल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जो आम लोगों को खाद्यान्न, कोरोना वैक्सीन सहित अन्य सुविधाएं प्रदान की। उनके नाम का सम्मान करते हुए लोग वोट डालेंगे। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि भ्रष्टाचार के मामले में जेल में है और खुद मुख्यमंत्री के उपर न्यायालय में मामला चल रहा है। डुमरी विधानसभा क्षेत्र के लोग इस बार बेहतर बदलाव के लिए मतदान करेंगे।

## नाक की लड़ाई बना डुमरी उप चुनाव

डुमरी विधानसभा का उपचुनाव झामुमो और आजसू यानी एनडीए और इंडिया गठबंधन के लिए नाक की लड़ाई बनती जा रही है। एक तरफ आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो एवं उनके अन्य नेता क्षेत्र में लगातार बने हुए है। वहीं दूसरी तरह झामुमो और कांग्रेस के नेताओं ने भी झामुमो प्रत्याशी के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। वहीं लोगों की मानें तो रामगढ़ उपचुनाव जितने के बाद आजसू के उत्साह में काफी उछाल आया है और उसी फॉरमुले के दम पर यहां भी जीत दर्ज करने की जुगत भिड़ा रही है, जबकि स्व जगरनाथ महतो ने अपने विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों का ऐसा जाल बिछा दिया है कि जनता खुद पशो पेश मे फंसी है कि अब वह क्या फैसला ले। मगर जनता अच्छी तरह जानती है कि उसे करना क्या है।

## दर्जनों महिलाओं ने थाना प्रभारी को दिया आवेदन


थाना प्रभारी को आवेदन देतीं भुक्तभोगी महिलाएं।

खबर मन्त्र संवाददाता

**पुटकी।** भागाबांध बस्ती के दर्जनाधिकमहिलाओं से तीन संस्थाओं के माध्यम से बिचौलियों ने फजीर्वाड़ा कर 10 से 15 लाख रुपए का ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। ऊक्त मामले की जानकारी तब हुई जब उन कंपनियों के एजेंट के द्वारा पहुंचने लगे। लोन की किस्त की वसूली करने संबंधित महिलाओं तक एजेंट पहुंचा और किस्त भरने की बात करने लग तब महिलाओं के द्वारा कहा गया कि उक्त लोन जब हमने लिया ही नहीं है।तो किस्त क्यों भरे। लोन रिकवरी एजेंट से तंग आकर महिलाओं ने नशा उन्मूलन महिला समिति की नेत्री सुंदरी देवी के नेतृत्व में शनिवार को भागाबांध ओ0पी0 प्रभारी राजीव तुरी के पास पहुंचे और वहां आवेदन देकर उक्त मामले में बिचौलियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की तथा महिलाओ का कहना है कि जब हम लोग लोन लिए ही नहीं हैं। इस क्रम में प्रभारी को दिए गए संयुक्त आवेदन में महिलाओं ने कहा कि हम लोग ठगी की शिकार हो चुके हैं,और इसमें गांव की ही प्रशांत प्रमाणिक, कुलदीप मल्लाह, मुड़ा खातून इन लोगों के द्वारा साजिश के तहत तीन कंपनियां मिलकर काम करता है।

## ज्वेलरी दुकान से लूट-पाट, पुलिस अधीक्षक ने अपराधियों को दबोचा

### एक अपराधी भागने के क्रम में पानी में डूब कर मर गया दो गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोड्डा।** आज पुलिस अधीक्षक गोड्डा नाथू सिंह मीना ने साबित कर दिया की अपराधी कितना भी चुस्त चालाक हो लेकिन पुलिस से बच नहीं सकती। गोड्डा जिले के महगामा अनुमंडल के मुख्यालय में केसरी मोहल्ला स्थित स्वणार्भूषण के दुकान दार विजय कलाल की दुकान पर दिन के लगभग 1 बजे 6 अपराधी अपनी बाइक से आए और दुकान के अंदर हथियार के बल पर दाखिल हो गए और मात्र 10 मिनट के अंदर दुकान के अंदर रखे सारे आभूषणों को निकाल कर अपने बैग में भर कर निकल गए अपराधियों ने अपने चेहरे पर नकाब लगा रखे थे उनकी सिर्फ आंखें दिख रही थी जैसा की दुकान के मालिक ने बताया। उन्होंने दुकान के अंदर और बाहर भी फायर किया और निकल गए। मकान मालिक के छोटे भाई को सर पर चोट भी लगी और काफी खून भी निकला। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक गोड्डा घटना स्थल पर पहुंचे और घेरा बंदी डाल कर अपराधियों को घेरने का प्रयास किया गया। महगामा स्थित ज्वैलरी कि दुकान में अपराधी डकैती में उद्देश्य से आये थे। दुकान महगामा के बड़े व्यवसायी विजय जायसवाल का है।अपराधी अपने साथ जेवरात समेत कई सामान लूट कर ले गए।इस दौरान हथियार बंद अपराधियों ने फायरिंग भी की जिसमे एक व्यक्ति के घायल होने की सूचना है। वही घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने सभी आस पास के थाने को सील कर छापेमारी शुरू कर दी है। जिसमे बलबड्डा व मेहरमा थाना क्षेत्र से तीन अपराधियो के गिरफ्तारी की सूचना है ।साथ ही ईनके पास से लूटे गए सामान के साथ ही दो पिस्तौल भी बरामद हुआ है साथ ही अन्य साथियों की तलाश जारी है।इधर पुलिस ने अभी आधिकारिक पुष्टि नही की है।इस पूरे घटना की मॉनिटरिंग एसपी नाथु सिंह मीणा खुद कर रहे है। विस्तृत जानकारी आनी बाकी है । जानकारी के मुताबिक तीन बाइक में अपराधी आये थे इनमें से दो गिरफ्तारी होने की सूचना वही एक के नहर में डूबकर मौत होने की सूचना है वही एक अन्य की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## मछुआरों के विकास पर सोनादेवी विवि तथा बिहार राज्य मत्स्य सहकारी महासंघ में एमओयू

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** झारखण्ड एवं बिहार राज्स के गरीब मछुआरों के सर्वांगीण विकास हेतु तथा मत्स्य पालन के क्षेत्र में उन्हें अद्यतन ज्ञान, तकनीक, कौशल एवं व्यावसायिक प्रबन्धन में प्रशिक्षण प्रदान कर मछुआरे युवाओं को रोजगार प्रदान करने के उद्देश्य से तथा मत्स्य उत्पादन एवं उत्पादकता को बढ़ाने के लिए सोना देवी विश्व विद्यालय, घाटशिला, पूर्वी सिंहभूम तथा बिहार राज्य मत्स्य सहकारी महासंघ लि. पटना (को फैड) के मध्य 24 अगस्त को एक एम ओ यू हस्ताक्षरित हुआ। इस मौके पर सोना देवी विश्वविद्यालय, घाटशिला के चेयरमैन प्रभाकर सिंह ने कहा कि दूसरे राज्यों की तुलना में झारखण्ड एवं बिहार में मछली उत्पादन का स्तर बहुत निम्न है लेकिन इन दोनों राज्यों में मत्स्य पालन, उत्पादन के क्षेत्र में असीमित सम्भावनायें हैं। मछली पालन एक



सर्व समावेशी व्यवसाय है इसमें ग्रामीण मछुआरोंयुवाओं, महिलाओं एवं किसानों की आजीविका में वृद्धि कर उन्हें आर्थिक रूप से आसानी से स्वावलम्बी बनाया जा सकता ह। अतः हमने सोना देवी विश्वविद्यालय, घाटशिला में ‘नीली क्रांति’ (ठसनम त्मअवसनजपवद) को नया आयाम देने, झारखण्ड एवं बिहार के मछुआरे युवाओं के ज्ञान, कौशल में वृद्धि कर उनका सशक्तिकरण करने, उन्हें मत्स्य पालन की नई नई तकनीकों जैसे वायोफ्लाक, आर. ए. एस. तथा केज कल्चर आदि से सुसज्जित करने, मत्स्य विज्ञान में युवाओं को व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान कर रोजगार उपलब्ध कराने, कृषि एवं मत्स्य विज्ञान के क्षेत्र में नवीनतम अनुसंधान तथा नवोन्वेष को बढ़ावा देने, झारखण्ड तथा बिहार के युवा मछुआरों को मत्स्य पालन की विभिन्न योजनाओं की अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराने, मत्स्य बीज उत्पादन, मत्स्य संसाधन प्रबंधन, मछली प्रसंस्करण प्रौद्योगिकी एवं मूल्य संवर्धन मत्स्य पालन इंजीनियरिंग, जलीय पर्यावरण प्रबंधन हेतु फिशरीज विज्ञान में सर्टीफिकेट इन फिशरीज मैनेजमेंट, डिप्लोमा इन फिशरीज मैनेजमेंट तथा बीएससी इन फिशरीज साइन्स में पाठ्यक्रम प्रारम्भ किए है जिनका एकमात्र उद्देश्य झारखण्ड एवं बिहार के युवा मछुआरों को प्रशिक्षण प्रदान कर रोजगार प्रदान करना तथा मत्स्य उत्पादन में वृद्धि कर झारखण्ड एवं बिहार का नाम देश के मछली उत्पादक राज्यों में ऊंचा करना है।

## एक्सएलआरआइ व सीएमसी वेल्लोर के बीच हुआ एमओयू

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** देश की प्रसिद्ध मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट और क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज (सीएमसी) वेल्लोर के बीच 23 अगस्त 2023 को एक एमओयू हुआ है। हेल्थकेयर के क्षेत्र में काम करने वाले प्रोफेशनल्स के लिए उक्त दोनों संस्थाएं संयुक्त रूप से कार्य करेंगी। साथ ही हेल्थकेयर क्षेत्र से जुड़े लोगों को भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए खास तौर पर एक कोर्स डिजाइन किया जायेगा, जो हेल्थकेयर क्षेत्र के लिए प्रबंधन कार्यक्रम व सहयोगात्मक अनुसंधान के लिए मददगार होगा। उक्त एमओयू पर वेल्लोर में संयुक्त रूप से हस्ताक्षर हुआ।
जिसमें एक्सएलआरआइ दिल्ली कैंपस के डायरेक्टर केएस काश्मीर, एक्सएलआरआइ जमशेदपुर कैंपस के डायरेक्टर फादर एस जॉर्ज, सीएमसी वेल्लोर के डायरेक्टर डॉ विक्रम मैथ्यूज व सीएमसी वेल्लोर के प्रिंसिपल सोलोमन सतीश कुमार शामिल थे। मौके पर मौजूद फादर काश्मीर ने कहा कि भारत की सतत और समावेशी विकास की यात्रा में सस्ती, सुलभ, उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है। हमें भारतीय स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र से संबंधित अत्याधुनिक प्रबंधन प्रथाओं में प्रशिक्षित बड़ी संख्या में पेशेवरों की आवश्यकता होगी। हम देश के भविष्य की बढ़ती आवश्यकताओं को पूरा करने में मदद करने के अपने प्रयास में सीएमसी वेल्लोर के साथ साझेदारी करके बेहद उत्साहित हैं। साथ ही एक्सएलआरआइ जमशेदपुर के डायरेक्टर फादर जॉर्ज सेबेस्टियन ने कहा कि हमारे प्लैटिनम जुबली वर्ष में, सीएमसी वेल्लोर के साथ यह साझेदारी राष्ट्र की बेहतरी के लिए काम करने वाले दोनों अग्रणी संस्थानों के लिए नए रास्ते खोलने में मदद करेगी।

# संथाल परगना बिल्डर्स कंपनी पर एफआईआर दर्ज कर संपत्ति जब्त करे सरकार: बाबूलाल

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने संकल्प यात्रा के दौरान दुमका विधानसभा में जमकर हेमंत सरकार निशाना साधा। तेज बारिश के बीच जनसभा को संबोधित किया। बाबूलाल मरांडी ने झामुमो के हेमंत सरकार पर प्रहार करते हुए कहा कि संथाल परगना बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के नाम पर ओछी राजनीति करना झामुमो बंद करे। उन्होंने कहा कि झामुमो को प्रेसवार्ता आयोजित करने की क्या जरूरत है। प्रेसवार्ता तो विपक्ष के लोग करते हैं। उनकी तो सरकार है,पुलिस प्रशासन है वे सीधे कार्रवाई करें। एफआईआर करें और जिसने विधि विरुद्ध काम किया है, अपराध किया है उसकी संपत्ति जब्त करें। श्री मरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी है। और जब जब भाजपा की सरकार बनती है तो विकास की चर्चा होती है और जब झामुमो,कांग्रेस, राजद की सरकार बनती है तो भ्रष्टाचार की चर्चा होती है। उन्होंने मुख्यमंत्री को चुनौती देते हुए कहा कि वे बताएं साढ़े तीन वर्षों में उन्होंने राज्य में विकास का कौन सा कार्य किया है, हेमंत सरकार बताए।कहा कि संथाल की धरती को भाजपा की सरकार ने विकास से जोड़ा। पूर्व प्रधानमंत्री अटल जी ने संथाली भाषा को 8वीं अनुसूची में शामिल कराया।आदिवासी मंत्रालय बनाया। गांव को प्रधानमंत्री सड़क योजना से जोड़ा और आज नरेंद्र मोदी सरकार ने दुमका में मेडिकल कालेज दिया,देवघर में एम्स स्थापित किए,देवघर में हवाई अड्डा बनाया,दुमका, गोड्डा सभी को रेलवे लाइन से जोड़ा। उन्होंने कहा कि झारखंड में आज की भी विकास दिख रहा वह भाजपा



सरकार की देन है। झामुमो ने तो अलग राज्य आंदोलन को भी बेचकर नरसिम्हा राव सरकार से पैसा ले लिया जिसके कारण शिबू सोरेन को तिहाड़ जेल भी जाना पड़ा। उन्होंने कहा कि झामुमो, कांग्रेस, राजद को राज्य के विकास से नही अपने परिवार के विकास की चिंता है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन परिवार खुद भ्रष्टाचार में डूबा है और भ्रष्टाचारियों को संरक्षण भी दे रहा है। आलम यह है कि परिवार ने भ्रष्टाचार के क्षेत्र का भी बंटवारा कर लिया है। रेलवे साइडिंग भी अपने परिवार में सीता सोरेन,बसंत सोरेन के नाम से बांट लिए हैं। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन को बताना चाहिए कि इतनी संपत्ति कहां से अर्जित की। ईडी पूछ रही तो साफ साफ बता दें। लेकिन ये भयभीत हैं।सुप्रीम कोर्ट जा रहे,महंगे वकील रख कर पैरवी करा रहे। लेकिन प्रधानमंत्री जी ने लाल किले से कहा है न खायेंगे, न खाने देंगे।
उन्होंने कहा कि आज राज्य में अपराधी, भ्रष्टाचारी बेलगाम हैं। बिना पैसे का कोई काम नही होता। यहां तो मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने केलिए भी पैसे देने पड़ते हैं । मोदी सरकार द्वारा गरीबों केलिए भेजे गए अनाज की भी काला बाजारी हो रही। मुख्यमंत्री के क्षेत्र में गरीबों के अनाज की लूट हुई। कहा कि राज्य में हत्या,लूट,बलात्कार चरम पर है और पुलिस वसूली में लगी है। कहा कि हेमंत सरकार में अपराधियों, भ्रष्टाचारियों की हिम्मत बढ़ गई है। आज अपराधियों पर मुकदमे नही होते बल्कि अपराध और भ्रष्टाचार के खिलाफ बोलने वालों पर मुकदमे दर्ज होते हैं।

उन्होंने कहा राज्य से हेमंत सरकार को हटाए बिना विकास संभव नहीं। उन्होंने जनता से राज्य के सर्वांगीण विकास केलिए,भय,भूख भ्रष्टाचार मुक्त देश और प्रदेश केलिए भाजपा को समर्थन देकर जीताने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह संकल्प यात्रा राज्य में गरीब कल्याण,सुशासन और विकास को स्थापित करने केलिए है।

पेज 1 का शेष

### चंद्रयान-3 का लैंडिंग प्वाइंट...

इसरो के वैज्ञानिकों के दल को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा, मैं आपसे मिलने और आपके परिश्रम, समर्पण, साहस, लगन और जज्बे को सलाम करने के लिए अधीर और उत्सुक था। आपकी जितनी भी प्रशंसा की जाये वह कम है। आज, मैं एक अलग स्तर की खुशी महसूस कर रहा हूं... ऐसे अवसर बहुत कम होते हैं। वैज्ञानिकों की तारीफ करते हुए पीएम मोदी इमोशनल हो गये, उनका गला भर आया। इसरो अध्यक्ष एस सोमनाथ ने उन्हें चंद्रयान-3 मिशन के बारे में जानकारी दी। पीएम के अभिवादन के लिए एचएएल हवाई अड्डे के बाहर बड़ी संख्या में लोग हाथों में तिरंगा थामे खड़े थे। चंद्रयान का सफल लैंडिग के वक्त पीएम मोदी इसरो की टीम के साथ जोहानिसबर्ग से ऑनलाइन जुड़े थे। **नामकरण की परंपरा रही है :** पीएम ने कहा, सतह पर उतरने की जगह का नामकरण करने की वैज्ञानिक परंपरा रही है। भारत ने चंद्रमा के उस क्षेत्र का नामकरण करने का फैसला किया है। जिस स्थान पर विक्रम लैंडर उतरा वह शिव शक्ति पॉइंट के नाम से जाना जायेगा। मोदी ने कहा, शिव में मानवता के कल्याण का संकल्प समाहित है और शक्ति से हमें उन संकल्पों को पूरा करने का सामर्थ्य मिलता है। चंद्रमा का शिवशक्ति पॉइंट हिमालय के कन्याकुमारी से जुड़े होने का बोध कराता है। पीएम ने महिला वैज्ञानिकों की भूमिका की सराहना करते हुए कहा, देश की नारीशक्ति ने बड़ी भूमिका निभायी है। मन के शुभ संकल्पों को पूरा करने के लिए शक्ति का आशीर्वाद जरूरी है। यह शक्ति हमारी नारी शक्ति है। हमारी माताएं बहनें हैं। **लैंडर ने अंगद की तरह जमाया पैर :** पीएम मोदी ने कहा कि मैं आप सबका जितना गुणगान करूं, वह कम है। मैं आपकी जितनी सराहना करूं वह कम है। मैं वह फोटो देखी, जिसमें हमारे मून लैंडर ने अंगद की तरह चंद्रमा पर मजबूती से अपना पैर जमाया हुआ है। एक तरफ विक्रम का विश्वास है, दूसरी तरफ प्रज्ञान का पराक्रम है। उन्होंने कहा कि हमारा प्रज्ञान लगातार चंद्रमा पर अपने पदचिह्न छोड़ रहा है। कैमरों से ली गयी तस्वीरें अद्भुत है। मानव सभ्यता में पहली बार, धरती के लाखों साल के इतिहास में पहली बार उस स्थान की तस्वीर मानव अपनी आंखों से पहली बार देश रहा है। पीएम ने कहा कि यह तस्वीर दुनिया को दिखाने का काम भारत ने किया है। आज भारत का हर बच्चा वैज्ञानिकों में अपना भविष्य देख रहा है।

### डुमरी में बेइमानी का पैसा...

सभी ने एक स्वर में उपस्थित लोगों से बेबी देवी को वोट देने की अपील करते हुए स्वर्गीय जगरनाथ महतो को सच्ची श्रद्धांजलि देने की अपील की। सभा में मंत्री सत्यानंद भोक्ता और बादल पत्रलेख भी थे। हम लोग सिर्फ मान, सम्मान और स्वाभिमान की राजनीति करते हैं। यहां के आदिवासी-मूलवासी, दलित, पिछड़ा, किसान के हक-अधिकार की लड़ाई कभी नहीं रुकती है। दिशोम गुरु शिबू सोरेन जैसे व्यक्ति इस राज्य को बनाने के लिए स्कूल की पढ़ाई छोड़कर अपना बचपन, जवानी और बुढ़ापा खपा दिये। वह उम्र के एक पड़ाव में हैं, नहीं तो आज वो भी इस मंच पर होते। अगर वो इस मंच पर होते तो हम लोगों की कोई जरूरत नहीं होती। वह अकेले ही इतने बड़े वृक्ष हैं जो राज्य के सवा तीन करोड़ लोगों को छांव देने का काम करते हैं।

### दाहू यादव के भाई सुनील ...

दाहू यादव के भाई और साहिबगंज जिला परिषद उपाध्यक्ष सुनील यादव को शुक्रवार रात साहिबगंज पुलिस ने उसके भट्टा स्थित आवास से गिरफ्तार किया था। दोनों ईडी के फरार आरोपित थे जिनकी गिरफ्तारी के लिए कई बार प्रयास किया गया था, लेकिन हर बार ये लोग पुलिस को चकमा देने में सफल रहे।

### हार्ड और सॉफ्ट कोक...

जिसके मुताबिक 30 सितंबर 2023 तक ऑनलाईन कंसेंट मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से समर्पित किये गये सीटीइ आवेदनों पर नियमों के मुताबिक एक्शन होगा। बशर्ते आवेदन पूरी तरह से सही हों। अधूरे आवेदनों पर उसे रद्द कर दिया जायेगा। इसके बाद इन आवेदनों पर किसी तरह की कार्रवाई नहीं की जायेगी। इस डेट के बाद समर्पित किए जाने वाले सीटीई आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। **क्रशर संचालन को भी पालन जरूरी :** राज्य के किसी भी हिस्से में क्रशर संचालन के लिए कंसेट टू ऑपरेट जारी करने के लिए भी निर्देश झारखंड प्रदूषण नियंत्रण पर्षद से जारी हुए हैं। इसके मुताबिक कंसेंट टू एस्टेब्लिश और कंसेंट टू ऑपरेट क्रशर संचालन के लिए तभी जारी होगा जब खनन पप्ता क्षेत्र से पांच किमी की दूरी पर इसे लगाया जायेगा। एक अक्टूबर से इसी नियम के आधार पर सीटीई और सीटीओ जारी किया जाना है। शिकायत यह थी कि अधिकतर खनन पप्ताधारी माइनिंग एरिया से बाहर क्रशर लगाकर पप्ता में दिए गये क्षेत्र के अलावा क्रशर के आसपास के क्षेत्रों में भी उत्खनन करते हैं। ऐसे में अवैध माइनिंग को बढ़ावा मिलता है। प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के मुताबिक नये नियमों से इस पर रोक लगेगी। पर्षद ने यह भी कहा है कि पहले से जो क्रशर चल रहे हैं, उसके संचालकों को एक जून 2025 तक अपने क्रशर को शिफ्ट करना जरूरी होगा।

### साल में दो बार बोर्ड परीक्षा...

**स्कूली शिक्षा चार भागों में :** 640 पेज का एनसीएफ अप्रैल में जारी मसौदे पर एक अपडेट है। पूर्व इसरो प्रमुख के कस्तूरीरंगन के नेतृत्व में 13 सदस्यीय संचालन समिति ने एनसीएफ तैयार किया है। एनसीएफ, एक प्रमुख दस्तावेज है जिस पर पाठ्यपुस्तकें आधारित हैं, आखिरी बार 2005 में संशोधित किया गया था। संशोधित एनसीएफ स्कूली शिक्षा को चार चरणों में विभाजित करता है। बुनियादी स्तर (प्रीस्कूल से ग्रेड 2 तक इसमें 3 से आठ साल के छात्र आएंगे), प्रारंभिक (ग्रेड 2 से 5, इसमें 8 से 11 साल के छात्र आएंगे), मध्य (ग्रेड 6 से 8, इसमें 11 से 14 साल के छात्र आएंगे), और माध्यमिक (ग्रेड 9 से 12, इसमें 14 से 18 साल के छात्र आयेंगे)। यह मध्य चरण तक दो भाषाओं को पढ़ाने की सिफारिश करता है, साथ ही मध्य चरण से कक्षा 10 तक एक तीसरी भाषा को पढ़ाने की भी सिफारिश करता है। इन तीन भाषाओं में से दो 'भारत की मूल भाषा' होनी चाहिए। मध्य चरण में, छात्रों से भाषाओं के अलावा, गणित, कला शिक्षा, शारीरिक शिक्षा, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान और व्यावसायिक शिक्षा के एक विषय का अध्ययन करने की अपेक्षा की गयी है। **पर्यावरण शिक्षा जुड़ेगा :** कक्षा 9 और 10 में पर्यावरण शिक्षा का एक विषय जोड़ा जायेगा। यह ढांचा ग्रेड 10 तक सभी विषयों के लिए विशिष्ट समय और भार आवंटित करता है, और किसी भी विषय में छात्र के ज्ञान को जोड़ने के लिए ग्रेड 9 और 10 में एक वैकल्पिक 'अतिरिक्त संवर्धन अवधि' की सिफारिश करता है। यह विभिन्न विषयों और चरणों में छात्रों द्वारा हासिल की जाने वाली दक्षताओं को भी सूचीबद्ध करता है। **स्थानीय से वैश्विक तक :** तीन भाषाओं के लिए, इसका उद्देश्य छात्रों को 'प्रभावी संचार, चर्चा और लेखन कौशल' विकसित करना है। कक्षा 11 और 12 में दो भाषाओं का अध्ययन करना अनिवार्य है, जिनमें से एक भारतीय होनी चाहिए। इस चरण में, छात्रों को विभिन्न धाराओं - वाणिज्य, विज्ञान, मानविकी - से शेष चार या पांच विषयों को चुनने की स्वतंत्रता है, जिससे अंतःविषय के लिए पर्याप्त जगह बचती है। उदाहरण के लिए, एक छात्र अंग्रेजी और संस्कृत को अपनी भाषा के रूप में चुन सकता है और इसके साथ-साथ इतिहास, पत्रकारिता, गणित और बागवानी का भी अध्ययन कर सकता है। **अतिरिक्त कक्षाओं का आयोजन :** स्कूलों में माध्यमिक स्तर के छात्रों को विषयों से संबंधित समझ बढ़ाने के लिए अब 'अतिरिक्त कक्षाएं' (एडिशनल एनरिचमेंट पीरियड) होंगे। नियमित कक्षा के बाद हर रोज शाम को और दो शनिवार को इनका आयोजन किया जायेगा हालांकि ये 'वैकल्पिक होंगी। स्कूलों में माध्यमिक स्तर के छात्रों के लिए कक्षा के बाद हर रोज शाम में और दो कामकाजी शनिवार को अतिरिक्त कक्षाओं (एडिशनल इंरिचमेंट पीरियड) का आयोजन किया जायेगा। यह वैकल्पिक होगा।

स्पीड न्यूज

## जेल में इमरान खान को जान का खतरा : पत्नी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के लिए जेल में जान का खतरा है। यह अंदेशा जताते हुए इमरान की पत्नी बुशरा बीबी ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर किया है। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान दुनिया भर से मिले उपहारों को अवैध तरीके से बेचने से जुड़े तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में तीन साल की जेल की सजा काट रहे हैं। इमरान खान को पांच साल के लिए राजनीति से भी अयोग्य घोषित कर दिया गया है। उनकी पत्नी बुशरा बीबी ने बीती 22 अगस्त को अटक जेल में इमरान खान से मुलाकात की थी। इसके बाद उन्होंने पाकिस्तान सरकार को पत्र लिख कर जेल में इमरान खान की जान को खतरा बताया था।

## बांग्लादेश में 50000 लोग बाढ़ में फंसे

**ढाका।** बांग्लादेश के रंगपुर कम से कम 50,000 लोग बाढ़ में फंस गए हैं। शनिवार को हो रही भारी बारिश से स्थिति और गंभीर हो गई है। तीस्ता नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स में बांग्लादेश जल विकास बोर्ड (बीडब्ल्यूडीबी) के नियंत्रण कक्ष के हवाले से कहा गया है कि शनिवार सुबह 6 बजे तीस्ता नदी दलिया बिंदु पर खतरे के स्तर से 10 सेंटीमीटर और रंगपुर के कौनिया बिंदु पर खतरे के स्तर से 33 सेंटीमीटर ऊपर बह रही थी। रंगपुर के कौनिया और गंगाचरा उप जिला के चार क्षेत्र के अधिकतर गांव जलमग्न हो गए हैं।

## हरियाणा के नूंह जिले में इंटरनेट बंद

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने शनिवार को नूंह जिले में 28 अगस्त तक मोबाइल इंटरनेट और बल्क एसएमएस सेवा को बंद करने का आदेश दिया जहां पिछले महीने सांप्रदायिक हिंसा हुई थी। सरकार ने हिंदू संगठनों के एक बार फिर ह्यशोभा यात्रा निकालने के आह्वान के मद्देनजर यह निर्णय लिया है। सरकार ने सोमवार को आयोजित होने वाली यात्रा से पहले या इसके दौरान असामाजिक तत्वों द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से अफवाह फैलाए जाने की आशंका के चलते संबंधित आदेश जारी किया।

## मशहूर गीतकार देव कोहली का निधन

**मुंबई।** बॉलीवुड के दिग्गज गीतकार देव कोहली (82 वर्ष) का शनिवार को निधन हो गया। गीतकार देव कोहली ने मैंने प्यार किया, बाजीगर, जुड़वा 2, मुसाफिर, शूटआउट एट लोखंडवाला, टैक्सी नंबर नौ दो इलेवन जैसी 100 से अधिक हिट फिल्मों के लिए गाने लिखे हैं। कोहली पिछले दो-तीन माह से कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में भर्ती थे।

## ब्रिटेन में भारतीय मूल के व्यक्ति को 12 साल की सजा

**लंदन।** ब्रिटेन में मादक पदार्थ की तस्करी की साजिश रचने का दोषी पाए जाने के बाद भारतीय मूल के एक व्यक्ति और उसके सहयोगी को 12 साल कैद की सजा सुनाई गई है। इस संबंध में ब्रिटेन की राष्ट्रीय अपराध एजेंसी (एनसीए) के नेतृत्व में जांच की गई थी। मामले के अनुसार, भारतीय मूल के नागरिक संदीप सिंह राय (37) और उसके सहयोगी बिली हेयरे (43) एक संगठित अपराध समूह से संबंधित थे। दोनों लोग मेक्सिको से एक कार्गो विमान के जरिए ब्रिटेन में 30 किलोग्राम कोकीन और 30 किलोग्राम एम्फैटेमिन की तस्करी के प्रयास में शामिल थे।

## उसना चावल पर लगा 20 % निर्यात शुल्क

**नयी दिल्ली।** सरकार ने उसना चावल के निर्यात पर 20 प्रतिशत शुल्क लगा दिया है। इस कदम का मकसद पर्याप्त स्थानीय स्टॉक बनाए रखना और घरेलू कीमतों को नियंत्रण में रखना है। वित्त मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा कि 25 अगस्त को लगाया गया निर्यात शुल्क 16 अक्टूबर, 2023 तक प्रभावी रहेगा।

# दो सितंबर को लांच होगा आदित्य-एल1

## सौर मिशन भेजने की तैयारियों में जुटा इसरो

**उपग्रह को दो सप्ताह पहले श्रीहरिकोटा स्थित इसरो के अंतरिक्ष केंद्र पर लाया गया**

एजेंसी

**बेंगलुरु।** चंद्रयान-3 अभियान के सफल रहने के बाद, सूर्य का अध्ययन करने के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) अब एक हफ्ते के अंदर आदित्य-एल1 सौर मिशन भेजने की तैयारियों में जुट गया है। आदित्य-एल1 मिशन को दो सितंबर को भेजे जाने की संभावना है। इस अंतरिक्ष यान को सौर कोरोना (सूर्य की सबसे बाहरी परतों) के दूरस्थ अवलोकन और एल1 (सूर्य-पृथ्वी लाग्रेंज बिंदु) पर सौर वायु के यथास्थिति अवलोकन के लिए तैयार किया गया है। एल1 पृथ्वी से करीब 15 लाख किलोमीटर की दूरी पर है। यह सूर्य के अवलोकन के लिए पहला भारतीय अंतरिक्ष मिशन होगा। आदित्य-एल1 मिशन का लक्ष्य एल1 के चारों ओर की कक्षा से सूर्य का अध्ययन करना है। यह अंतरिक्ष यान सात पेलोड लेकर जाएगा, जो अलग-अलग वेव बैंड में फोटोस्फेयर (प्रकाशमंडल), क्रोमोस्फेयर (सूर्य की दिखाई देने वाली सतह से ठीक ऊपरी सतह) और सूर्य की सबसे बाहरी परत (कोरोना) का अवलोकन करने में मदद करेंगे। इसरो के एक अधिकारी ने कहा कि आदित्य-एल1 पूरी तरह से स्वदेशी प्रयास है, जिसमें राष्ट्रीय संस्थानों की भागीदारी है। बेंगलुरु स्थित इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एस्ट्रोफिजिक्स (आईआईए) की विजिबल एमिशन लाइन कोरोनाग्राफ पेलोड के विकास में अहम भूमिका है, जबकि पुणे के इंटर-यूनिवर्सिटी सेंटर फॉर एस्ट्रोनॉमी एंड एस्ट्रोफिजिक्स ने मिशन के लिए सोलर अल्ट्रावॉयलेट इमेजर पेलोड विकसित किया है। आदित्य-एल1, अल्ट्रावॉयलेट पेलोड का उपयोग करके सूर्य की सबसे बाहरी परत और एक्स-रे पेलोड का उपयोग कर सौर क्रोमोस्फेयर परतों का अवलोकन कर सकता है। पार्टिकल डिटेक्टर व मैग्नेटोमीटर पेलोड आवेशित कणों के बारे में जानकारी प्रदान कर सकते हैं। उपग्रह को दो सप्ताह पहले आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित इसरो के अंतरिक्ष केंद्र पर लाया गया है। इसरो के एक अधिकारी ने कहा कि प्रक्षेपण दो सितंबर को होने की अधिक संभावना। अतंरिक्ष यान को सूर्य-पृथ्वी लाग्रेंज बिंदु की एल1 हेलो कक्षा के पास स्थापित करने की योजना है। इसरो ने कहा कि एल1 बिंदु के आसपास हेलो कक्षा में स्थापित उपग्रह को सूर्य को बिना किसी ग्रहण के लगातार देखने का बड़ा फायदा मिल सकता है।इसने कहा है कि इससे वास्तविक समय में सौर गतिविधियों और अंतरिक्ष मौसम पर इसके प्रभाव का पता लगाया जा सकेगा।



बेंगलुरु में शनिवार को आदित्य एल1 को देखते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

## चंद्रयान-3 के दो उद्देश्य हासिल, चंद्र सतह पर वैज्ञानिक प्रयोग जारी

**सभी पेलोड सामान्य रूप से कर रहे हैं काम : इसरो**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शनिवार को कहा कि चंद्रयान-3 मिशन के तीन में से दो उद्देश्य हासिल कर लिए गए हैं, जबकि तीसरे उद्देश्य के तहत वैज्ञानिक प्रयोग जारी हैं। इसने कहा कि चंद्रयान-3 मिशन के सभी पेलोड सामान्य रूप से काम कर रहे हैं। इसरो ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में कहा कि चंद्रयान-3 मिशनः मिशन के तीन उद्देश्यों में से, चंद्रमा की सतह पर सुरक्षित और सॉफ्ट लैंडिंग का प्रदर्शन पूरा हो गया है। चंद्रमा पर रोवर के घूमने का लक्ष्य हासिल कर लिया गया है। तीसरे उद्देश्य के तहत वैज्ञानिक प्रयोग जारी हैं। सभी पेलोड सामान्य रूप से कार्य कर रहे हैं।

# मदुरै : ट्रेन के खड़े डिब्बे में आग से 10 यात्री जिंदा जले

## खाना बनाने के दौरान गैस सिलेंडर फटने से हुआ हादसा

- एक प्राइवेट पार्टी ने कोच को किया था बुक और 65 यात्री लखनऊ से आये थे
- मृतकों के परिजनों को दस-दस लाख मिलेगा मुआवजा

एजेंसी

**मदुरै (तमिलनाडु)।** तमिलनाडु के मदुरै रेलवे स्टेशन पर एक ट्रेन के खड़े डिब्बे में शनिवार तड़के आग लगने से कम से कम 10 यात्रियों की मौत हो गई। दक्षिण रेलवे ने डिब्बे में अवैध रूप से ले जाए गए गैस सिलेंडर को हादसे की वजह बताया है। जिस डिब्बे में आग लगी, वह एक प्राइवेट पार्टी कोच (किसी व्यक्ति द्वारा बुक किया गया पूरा डिब्बा) था और उसमें सवार 65 यात्री उत्तर प्रदेश के लखनऊ से मदुरै पहुंचे थे। दक्षिण रेलवे ने एक विज्ञप्ति में कहा कि आग लगने की घटना में 10 यात्रियों की मौत हो गई। विज्ञप्ति के मुताबिक, आग बुझाने की कोशिशों में जुटे रेल कर्मियों के अलावा पुलिस, दमकल और बचाव कर्मियों ने डिब्बे से शवों को बाहर निकाला। आग लगने की घटना शनिवार तड़के पांच बजकर 15 मिनट पर हुई और मौके पर पहुंचे दमकलकर्मियों ने सुबह सात बजकर 15 मिनट पर लपटों पर काबू पा लिया। यह एक प्राइवेट पार्टी कोच था, जिसे कल (25 अगस्त को) नागरकोविल जंक्शन पर ट्रेन संख्या 16730 (पुनालुर-मदुरै एक्सप्रेस) में जोड़ा गया था। डिब्बे को अलग कर मदुरै रेलवे स्टेशन पर खड़ा किया गया था। इस डिब्बे में यात्री अवैध रूप से गैस सिलेंडर लेकर आए थे और इसी वजह से आग लगी। डिब्बे में सवार यात्रियों ने 17 अगस्त को लखनऊ से यात्रा शुरू की थी। उनका कल (27 अगस्त को) चेन्नई जाने का कार्यक्रम था, चेन्नई से वे लखनऊ लौटने वाले थे। जब डिब्बा खड़ा था, तब कुछ यात्री चाय/नाश्ता बनाने के लिए अवैध रूप से लाए गए रसोई गैस सिलेंडर का इस्तेमाल कर रहे थे, जिसके कारण डिब्बे में लग गई। इसकी भनक लगने पर अधिकांश यात्री बाहर निकल गए। कुछ यात्री डिब्बे को अलग किए जाने से पहले ही प्लेटफार्म पर उतर गए थे। दक्षिण रेलवे के मुताबिक, मृतकों के परिजनों को दस-दस लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। कोई भी व्यक्ति आईआरसीटीसी के पोर्टल का उपयोग करके प्राइवेट पार्टी कोच बुक कर सकता है।



## पाकिस्तानी जासूस हावड़ा में गिरफ्तार

**कोलकाता।** कोलकाता पुलिस ने पाकिस्तान के लिए कथित रूप से जासूसी करने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है और उसके पास से संवेदनशील दस्तावेज बरामद किए हैं। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। आरोपी बिहार का रहने वाला है।

कोलकाता पुलिस ने खुफिया जानकारी के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को हावड़ा जिले में उसके घर से शुक्रवार को पकड़ा। अधिकारी ने कहा कि उसे देश की सुरक्षा के लिए घातक गतिविधियों में सीधे तौर पर शामिल पाया गया। उन्होंने बताया कि आरोपी को कई घंटों की पूछताछ के बाद शुक्रवार देर रात गिरफ्तार कर लिया गया।

अधिकारी ने कहा कि उसके मोबाइल फोन से तस्वीरों, वीडियो और ऑनलाइन चैट (संवाद) के रूप में खुफिया जानकारी मिली। यह जानकारी उसने पाकिस्तान के एक संदिग्ध खुफिया एजेंट को भेजी थी। कोलकाता में एक कूरियर सेवा कंपनी में काम करने वाला आरोपी पहले दिल्ली में रहता था।

## रोवर से चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पता चलेगा बर्फ : जॉनसन

**भारत का अंतरिक्ष मिशन विश्व के युवाओं को कर रहा है प्रेरित**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** वैश्विक अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी की विशेषज्ञ और निवेशक कैंडेस जॉनसन ने शनिवार को कहा कि चंद्रयान-3 के प्रज्ञान रोवर से यह दिखाने की उम्मीद है कि क्या चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर बर्फ है। उद्योग मंडल सीआईआई द्वारा आयोजित बी-20 सम्मेलन में जॉनसन ने कहा कि भारत का अंतरिक्ष मिशन सिर्फ उसके युवाओं को नहीं बल्कि दुनियाभर के युवाओं को प्रेरित कर रहा है। जॉनसन ने कहा कि रोवर ने अब चंद्रमा पर चहल-कदमी शुरू कर दी है। हम उम्मीद कर रहे हैं कि कल जो तस्वीरें जारी की जाएंगी, वे यह बताने लगेंगी कि क्या दक्षिणी ध्रुव पर बर्फ मौजूद है और क्या उस बर्फ का उपयोग पानी, ऑक्सीजन या ईंधन के रूप में उपयोग किया जा सकता है। जॉनसन उपग्रह कंपनी एसईएस की सह-संस्थापक हैं। इस कंपनी ने भारत में उपग्रह संचार सेवाएं प्रदान करने के लिए जियो के साथ साझेदारी की है। वे अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी कंपनी नॉर्थस्टार की वाइस चेयरपर्सन भी हैं। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकियों में प्रगति और लांचरों के सस्ते होने से अंतरिक्ष में जाने की लागत कम हो गई है, जिससे अंतरिक्ष का लोकतंत्रीकरण हो रहा है। जॉनसन ने कहा कि हम ऐसे प्रक्षेपक देख रहे हैं, जो अब और सस्ते हो रहे हैं। भारत ना सिर्फ अपने बल्कि दुनियाभर के युवाओं को प्रेरित कर रहा है। हालांकि, मुझे इसकी बहुत चिंता हो रही है कि हम अंतरिक्ष का उपनिवेशीकरण कर सकते हैं।



# पाक के पंजाब में आठ आतंकवादी गिरफ्तार

- 1200 ग्राम विस्फोटक, दो हथगोले, एक आइइडी और नौ डेटोनेटर बरामद

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने इस्लामिक स्टेट इन इराक एंड सीरिया (आईएसआईएस) और अल-कायदा समेत प्रतिबंधित संगठनों के आठ संदिग्ध आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पंजाब पुलिस के आतंकवाद रोधी विभाग (सीटीडी) ने शनिवार को कहा कि पंजाब के विभिन्न इलाकों में चलाए गए अभियानों के दौरान एक बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम कर दिया है। सीटीडी के अनुसार, खुफिया सूचना के आधार पर प्रांत के विभिन्न जिलों में 74 अभियान चलाए गए और हथियारों, विस्फोटकों तथा अन्य प्रतिबंधित सामग्रियों के साथ आठ कथित आतंकवादियों को गिरफ्तार किया। आतंकवादी, आईएसआईएस और अल-कायदा समेत प्रतिबंधित संगठनों से जुड़े हैं। आतंकवादियों की पहचान लियाकत खान, मुहम्मद हसन, शान फराज, गुल करीम, आयुब खान, मुहम्मद उमीर, अमीर मुआविया और रिजवान सिद्दीक के रूप में हुई है। वे दाएश, अल-कायदा, तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान, सिपह-ए-सहाबा पाकिस्तान और लश्कर-ए-झांगवी से संबंधित हैं। सीटीडी ने बताया कि संदिग्धों को लाहौर, रावलपिंडी, मुलतान और गुजरांवाला से गिरफ्तार किया गया है। संदिग्धों के पास से विस्फोटक (1200 ग्राम), दो हथगोले, एक आईईडी बम, नौ डेटोनेटर, साहित्य और आईएसआईएस का एक झंडा बरामद हुआ है।

## हेमा मालिनी भी फिल्म में करेंगी किसिंग सीन



**मुंबई।** करण जौहर की फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी को रिलीज हुए एक महीना हो गया है। इस फिल्म में धर्मेंद्र और शबाना के बीच किसिंग सीन है। ये किसिंग सीन काफी चर्चा में रहा था। कुछ दिन पहले धर्मेंद्र की दूसरी पत्नी और एक्ट्रेस हेमा मालिनी ने इस किसिंग सीन पर रिएक्शन दिया था। अब हेमा मालिनी ने इस बात का खुलासा किया है कि क्या वह अपने पति धर्मेंद्र की तरह स्क्रीन पर किसिंग सीन करेंगी। मीडिया को दिए इंटरव्यू में हेमा मालिनी से पूछा गया कि क्या वह धर्मेंद्र-शबाना आजमी की तरह ऑनस्क्रीन किसिंग सीन करने में सहज हैं। तब हेमा मालिनी ने जवाब दिया कि क्यों नहीं, बिल्कुल करूंगी। अगर यह फिल्म के लिए अच्छा और प्रासंगिक है तो शायद मैं इसे कर सकती हूं। कुछ दिनों पहले हेमा मालिनी ने फिल्म में धर्मेंद्र और शबाना आजमी के किसिंग सीन पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि मैंने अभी तक धरमजी और शबाना आजमी का किसिंग सीन नहीं देखा है। मुझे यकीन है कि लोगों को यह फिल्म पसंद आएगी। मैं धरमजी के लिए बहुत खुश हूं क्योंकि उन्हें हमेशा कैमरे के सामने रहना पसंद है।

## लाल डायरी से डरते है गहलोत, भीतर छिपा है काले कारनामों का राज : शाह

**जयपुर (हि.स.)।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को गंगापुर सिटी की धरती से लाल डायरी का जिक्र छेड़कर राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर एक बार फिर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आजकल गहलोत साहब लाल रंग और लाल डायरी से बहुत डरते हैं क्योंकि लाल डायरी के अंदर काले कारनामे छिपे हुए हैं। अरबों-करोड़ों रुपये के काले कारोबार का काला चिट्ठा लाल डायरी में है। शाह शनिवार को गंगापुर सिटी में सहकार किसान सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। सम्मेलन में शाह ने चंद्रयान की सफलता और सहकार मंत्रालय समेत मोदी सरकार की ओर से किसान हितों में किए गए कार्यों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद समग्र देश में एक नयी ऊर्जा का संचार हुआ है। शाह ने कहा कि मैं गहलोत साहब को कहने आया हूं, ये चंद लोग भेजकर नारे लगाने से कुछ नहीं होता है। जरा भी शर्म बची है तो लाल डायरी के मुद्दे पर इस्तीफा देकर चुनाव मैदान में आइए और हो जाए दो-दो हाथ। उन्होंने टोंकते हुए कहा कि अभी जो लोग नारे लगा रहे थे, नारे लगाने की बजाय चंद्रयान को बढ़ाया होता और सहकार मंत्रालय बनाया होता तो ये नारे नहीं लगाने पड़ते।शाह ने राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी की जीत और केन्द्र में फिर से मोदी सरकार बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि राजस्थान ने 2014 और 2019 दोनों लोकसभा चुनावों में सभी सीटें मोदी की झोली में डाली थी। 2024 में भी जनता फिर से सभी सीटों पर भाजपा को जिताएगी। इसके साथ ही जनता लोकसभा चुनाव से पहले होने वाले 2023 के विधानसभा चुनाव में सत्ता परिवर्तन के लिए भी तैयार है।



## दुष्कर्म के आरोप में पूर्व सांसद का बेटा गिरफ्तार

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले की परतापुर पुलिस ने एक युवती की शिकायत पर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के पूर्व सांसद शाहिद अखलाक के बेटे दानिश के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। एक पुलिस अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी।. ब्रह्मपुरी की पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) शुचिता सिंह ने शनिवार को बताया कि अखलाक के बेटे दानिश के खिलाफ परतापुर थाने में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 376 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि पुलिस दल ने शुक्रवार देर रात दानिश के घर पर दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया। मेरठ में पूर्व सांसद शाहिद अखलाक के बेटे दानिश पर होटल क्रोम में दुष्कर्म के बाद छात्रा का नहाते हुए अश्लील वीडियो बनाने का भी आरोप है। छात्रा को शक हुआ तो उसने बाहर आकर दानिश का मोबाइल देखा तो उसमें अश्लील वीडियो मिला।

# उपराष्ट्रपति का चुनाव लड़ सकते हैं भारतीय मूल के रामास्वामी

- अमेरिका में अगले साल होने वाले राष्ट्रपति चुनाव को ले बन रहे हैं नये-नये समीकरण
- ट्रंप के राष्ट्रपति उम्मीदवार बनने पर उपराष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ेंगे विवेक रामास्वामी

एजेंसी

**वाशिंगटन।** अमेरिका में अगले साल होने वाले राष्ट्रपति चुनाव को लेकर नए-नए समीकरण बन रहे हैं। राष्ट्रपति पद के लिए रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से दावेदारी कर रहे भारतीय मूल के विवेक रामास्वामी को लेकर भी दावा किया जा रहा है कि वे पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ उपराष्ट्रपति का चुनाव लड़ सकते हैं। ये अटकलें रामास्वामी और ट्रंप की टीम के बयानों से जन्मी हैं और इसे लेकर चचाएं तेज हो गयी हैं। भारतीय मूल के विवेक रामास्वामी जोरदार तरीके से रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति चुनाव लड़ने का दावा पेश कर रहे हैं। रिपब्लिकन पार्टी के अन्य दावेदारों के साथ बीते बुधवार को हुई पहली बहस के बाद विवेक रामास्वामी की लोकप्रियता भी लगातार बढ़ रही है। इसके बावजूद विवेक रामास्वामी के एक बयान को इस बात का संकेत माना जा रहा है कि वे अगले साल होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में ट्रंप के राष्ट्रपति पद के लिए रिपब्लिकन उम्मीदवार बनने की स्थिति में उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बन सकते हैं। दरअसल, एक इंटरव्यू के दौरान विवेक रामास्वामी ने कहा कि वह बतौर राष्ट्रपति ही देश को एकजुट कर सकते हैं। दरअसल जब इस बारे में रामास्वामी से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि यह मेरे बारे में नहीं है, अगर यह मेरे बारे में है तो मेरी उम्र के व्यक्ति के लिए यह पद भी शानदार होगा। यह हमारे देश को फिर से रिवाइव करने के बारे में है और मैं ये तभी कर सकता हूं, जब मुझे इसे व्हाइट हाउस से बतौर शीर्ष नेता बनने का मौका मिले। ट्रंप की चुनाव प्रचार टीम ने भी रिपब्लिकन पार्टी की बीते बुधवार को हुई पहली डिबेट के बाद रामास्वामी की तारीफ की है। इस डिबेट के बाद रामास्वामी की लोकप्रियता में उछाल आया है और उन्हें मिलने वाले चंदे में भी बढ़ोतरी हुई है। यदि रामास्वामी ट्रंप के साथ संयुक्त टिकट पर अमेरिका के उपराष्ट्रपति चुने जाते हैं तो वह इस पद पर पहुंचने वाले दूसरे युवा नेता होंगे।



## गैर-चीनी पीएम के लिए तैयार सिंगापुर : शनमुगरत्नम

**सिंगापुर।** सिंगापुर में राष्ट्रपति चुनाव अगले सप्ताह होने वाले हैं। इस चुनाव में भारतीय मूल के उम्मीदवार थर्मन शनमुगरत्नम ने दावा किया है कि सिंगापुर एक गैर-चीनी प्रधानमंत्री के लिए तैयार है। सिंगापुर के पूर्व उपप्रधानमंत्री थर्मन ने इसे चीनी मूल की आबादी के प्रभुत्व वाले देश में समाज की प्रगति का एक प्रतीक बताया। राष्ट्रपति पद के लिए अपना दृष्टिकोण साझा करने के लिए एक चुनावी बैठक के दौरान थर्मन ने कहा कि सिंगापुरवासी लोगों को समग्रता से देखते हैं। यदि कोई ऐसा व्यक्ति सामने आता है, जो प्रधानमंत्री के लिए बेहतर उम्मीदवार है, तो उस व्यक्ति को प्रधानमंत्री बनाया जा सकता है। मेरा मानना है कि वे ऐसा कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह एक समाज के रूप में सिंगापुर की प्रगति का प्रतीक है। सिंगापुर किसी गैर-चीनी प्रधानमंत्री के लिए किसी भी समय तैयार है। 66 वर्षीय थर्मन ने पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा का हवाला देते हुए कहा कि नस्लवाद हर जगह राजनीति में एक कारक है। हालांकि, 40 या 50 साल पहले के विपरीत आज सिंगापुरवासी सभी कारकों को देखते हैं, न कि केवल नस्लवाद को। सिंगापुर के पूर्व उपप्रधानमंत्री थर्मन ने राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ने के लिए जुलाई में सत्तारूढ़ पीपुल्स एक्शन पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। सिंगापुरवासियों को एक सितंबर को 9वें राष्ट्रपति के लिए मतदान करना है। थर्मन ने यह भी कहा कि केवल सरकारी नीतियां सिंगापुर को एक निष्पक्ष और बेहतर स्थान नहीं बना सकती हैं।


VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !